पारा आपडेट
मैक्सिमम 28.00 | मिनीमम 17.00
सूर्यास्त (आज) 17.09
सूर्योदय (कल) 05.55
बोकारो से प्रकाशित

सेंसेक्स 79,724.12 ● निफ्टी 24,304.35 ● डॉलर 84.13 ₹ ● सोना 79,330 ₹ ● चांदी 1,06,000 ₹


पेज 06 राष्ट्रपति चुनाव : कौन होगा विनिंग... पेज 08 नीतीश कुमार के नियुक्ति अभियान...


हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन

हर खबर पर नजर

कार्तिक शुक्ल पक्ष तृतीया संवत 2082


पेज 12




RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, सोमवार 04 नवंबर 2024 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 122 | Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### गिरिडीह में 20 किलो का आईईडी बम बरामद

**गिरिडीह।** जिले की सीमा से सटे गुरुवाद गांव मे एक पुलिया के नीचे झाड़ियों में छिपाकर रखे गये 20 किलोग्राम का आईईडी बम बरामद किया गया है। बताया गया कि खुफिया एजेंसी से प्राप्त सूचना के आधार पर इलाके में गिरिडीह एवं जमुई पुलिस ने सीआरपीएफ के सहयोग से सर्च ऑपरेशन चलाया था। इसी दौरान बीती देर रात एक कंटेनर मे पलान्ट कर रखा गया बम बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के मकसद से भाकपा माओवदियों ने बम का पलान्ट कर रखा था। बताया गया कि आज सुबह बरामद बम को एक जंगल मे निष्क्रिय कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि बम मिलने की घटना के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है।

### मल्लिकार्जुन खड़गे पांच नवंबर को आएंगे रांची

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अपने एक दिवसीय दौरे पर पांच नवंबर को रांची आएंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि अपने एक दिवसीय दौरे के क्रम में खड़गे कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में दो विधानसभा क्षेत्रो में जनसभा करेंगे। इस क्रम में खड़गे अपराह्न 12:15 बजे मांडू विधानसभा क्षेत्र के किसान मजदूर उच्च विद्यालय दाढ़ी के मैदान और कांके विधानसभा के कांके प्रखंड अंतर्गत बुकरू फुटबॉल मैदान नगड़ी में दो बजे आयोजित जनसभा में भाग लेंगे।

### चलती कार में आग लगने से पिता और दो बेटियों की मौत

**सोनीपत।** जिले के फरमाणा गांव से चंडीगढ़ की ओर जा रही कार में कुरुक्षेत्र के पास अचानक आग लगने से पिता पिता और उसकी दो बेटियों सहित तीन लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई। इस हादसे में पांच अन्य गंभीर रूप से झुलस हो गए है। घायलों को चंडीगढ़ के पीजीआई अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार सोनीपत से दिवाली मना कर संदीप अपनी अर्टिगा कार में परिवार के सात अन्य सदस्यों के साथ चंडीगढ़ जा रहे थे। जब वे कुरुक्षेत्र में नेशनल हाइवे के पास गांव मोहड़ी पहुंचे, तभी उनकी कार अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कार में सवार सभी लोग अंदर ही फंस गए। इस दौरान कार में एक विस्फोट होने से आग और भड़क गई। राहगीरों और अन्य ड्राइवरों की मदद से पांच लोगों को बाहर निकाला गया, लेकिन संदीप और उसकी दोनों बेटियां (प्राची और अमानत) आग में जिंदा जलने से मौके पर ही मौत हो गई।

### तपेदिक उन्मूलन के प्रयासों में भारत की प्रगति को प्रधानमंत्री ने सराहा

**नई दिल्ली।** तपेदिक उन्मूलन के लिए भारत के प्रयासों की महत्वपूर्ण स्वीकृति में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने टीबी की घटनाओं को कम करने में देश की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने एक पोस्ट ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2015 से 2023 तक तपेदिक को 17.7 प्रतिशत तक कम करने में भारत की उल्लेखनीय प्रगति की मान्यता को स्वीकार किया है। इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधान मंत्री ने इसे प्रशंसनीय प्रगति बताया और एक्स पर पोस्ट किया कि टीबी के मामलों में गिरावट भारत के समर्पित और अभिनव प्रयासों का परिणाम है। सामूहिक भावना के माध्यम से हम टीबी मुक्त भारत की दिशा में काम करते रहेंगे।

---

झारखंड विधानसभा चुनाव : गृहमंत्री अमित शाह ने जारी किया भाजपा का संकल्प पत्र

# झारखंड में लागू होगी समान नागरिक संहिता, यूसीसी से बाहर रहेंगे आदिवासी : अमित शाह

संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर शनिवार की देर रात रांची पहुंचे। उन्होंने रविवार को रांची के होटल रेडिसन ब्लू में भाजपा का झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए 'संकल्प पत्र' जारी किया। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि झारखंड में समान नागरिक संहिता लागू होकर रहेगी लेकिन इससे आदिवासी किसी भी तरह से प्रभावित नहीं होंगे। उनके कानून, उनकी परंपराएं और उनकी संस्कृति पूर्ववत रहेंगी। यूसीसी से आदिवासियों को बाहर रखा जाएगा।

शाह ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण और आदिवासियों की आबादी को संरक्षित करने के लिए यूसीसी जरूरी है। झारखंड में हम इसे जरूर लागू करेंगे। हेमंत सोरेन और उनके सहयोगी दलों के नेता यूसीसी के बारे में दुष्प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और उसके सहयोगी दल लोगों को यह बता रहे हैं कि भाजपा की सरकार बनेगी, तो यहां यूसीसी लागू हो जाएगा। यूसीसी आने पर आदिवासियों की सभ्यता और संस्कृति खतरे में पड़ जाएगी। हेमंत सोरेन और उनके साथियों का यह कहना गलत है। उन्होंने कहा कि यह तो सच है कि भाजपा की सरकार झारखंड में यूसीसी लागू करेगी लेकिन यह सच नहीं है कि इससे आदिवासियों पर कोई प्रभाव पड़ेगा। हम यूसीसी से आदिवासियों को बाहर रखेंगे। उनकी संस्कृति, उनकी परंपराओं पर इसका कोई असर नहीं होगा।

शाह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा और कहा कि इसमें लिखी गई एक-एक बात, भाजपा का एक-एक वादा पत्थर की लकीर है। हम इसे जरूर पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि हम ऐसा झारखंड बनाएंगे कि किसी को नौकरी करने के लिए अपने प्रदेश से बाहर नहीं जाना होगा। उन्होंने घुसपैठियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अब चैन की नींद लेना बंद कर दो, जमीन हड़पना बंद कर दो। झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी और हम कानून बनाकर झारखंड के भोले-भाले आदिवासियों को उनकी जमीन वापस कराएंगे। ऐसा कानून बनाएंगे कि उसे पिछली तारीख से लागू किया जाए।





### एक लाख 36 हजार करोड़ का हिसाब लेकर आया हूं

शाह ने कहा कि हेमंत बाबू मैं हिसाब लेकर आया हूं। एक लाख 36 हजार करोड़ का हिसाब मैं दे रहा हूं। वर्ष 2004 से 2014 तक यूपीए सरकार ने झारखंड को 84 हजार करोड़ रुपये दिए जबकि 2014 से 2024 तक में मोदी सरकार ने झारखंड को तीन लाख 80 हजार करोड़ रुपए दिये। उन्होंने कहा कि 81 हजार करोड़ रुपये इंफआस्ट्रक्टर के लिए, 15 हजार करोड़ रुपये सड़क निर्माण के लिए, 65 हजार करोड़ रुपये रेलवे के लिए दिये गये। इसके अलावा 57 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का काम चल रहा है। नौ वंदे भारत ट्रेनों का संचालन हो रहा है। रांची जमशेदपुर में इंटर स्टेट कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है।

### हेमंत के कार्यकाल में दुष्कर्म के मामले 42 प्रतिशत बढ़े

अमित शाह ने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में झारखंड में महिलाओं के खिलाफ अपराध में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बलात्कार के मामले 42 प्रतिशत बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन झारखंड की महिलाओं को संरक्षण देने में नाकाम रहे। साथ ही कहा कि इस सरकार ने भ्रष्टाचार का इंतहां कर दी। यह सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है। झारखंड की जनता को तय करना है कि उन्हें आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी सरकार चाहिए या विकास करने वाली भाजपा सरकार।

### झारखंड के भविष्य को सुनिश्चित करने का चुनाव

अमित शाह ने कहा कि यह चुनाव सरकार बदलने का नहीं, बल्कि झारखंड के भविष्य को सुनिश्चित करने का चुनाव है। बेरोजगारी और पेपरलीक से युवा त्रस्त हैं। भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता भाजपा सरकार को ढूंढ़ रही है। भाजपा सभी पार्टियों से अलग है, जो कहती है वह करती है। जब-जब भाजपा सत्ता में आयी, सभी संकल्पों को पूरा किया। पिछड़ा, गरीब, दलित आदिवासी सब इसकी राह देख रहे हैं। यह संकल्प पत्र सिर्फ भाजपा का नहीं, बल्कि करोड़ों झारखंडियों की आशा की किरण है। यह कुशासन और भ्रष्टाचार के अंत का प्रतिरूप है। आदिवासियों की जमीन की सुरक्षा का संकल्प है।

### भाजपा के संकल्प पत्र में क्या है?

**गोगो दीदी योजना :** झारखंड की हर महिला को हर महीने 2,100, सालाना 25,000 रुपये से अधिक।

**लक्ष्मी जोहार योजना :** सभी परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर और साल में (दीपावली और रक्षा बंधन पर) 2 मुफ्त सिलेंडर।

**सुनिश्चित रोजगार योजना :** 2,87,000 सरकारी पदों पर भर्ती और 5 लाख स्वरोजगार के अवसर पैदा करेंगे। नवंबर 2025 तक 1.5 लाख पदों पर भर्ती और वार्षिक कैलेंडर जारी करेंगे।

**युवा साथी भत्ता :** रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे स्नातक और स्नातकोत्तर युवाओं को 2 साल तक प्रति माह 2,000 रुपये भत्ता।

**सपनों का घर साकार :** निःशुल्क बालू मिलेगा। एक लाख रुपये की वित्तीय सहायता के साथ 21 लाख पीएम आवास और शेष 59 लाख घरों में स्वच्छ पानी का कनेक्शन।

**झारखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति :** भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के लिए आयोग का गठन, 2 साल में नक्सलवाद का खात्मा, अवैध खनन पर अंकुश, 181 सीएम संवाद हेल्पलाइन की पुनर्बहाली।

**डायमंड क्वाड्रिलेटरल एक्सप्रेस-वे :** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 25,000 किलोमीटर सड़कें और हर जिला मुख्यालय को राजधानी रांची से जोड़ने के लिए रेल नेटवर्क बनाएंगे। देश के प्रमुख शहरों में राज्य से बाहर रहने बाले झारखंडियों की सुविधा के लिए झारखंड जोहार भवन का निर्माण होगा, ताकि लोग वहां ठहर सकें।

**अभ्यर्थियों को न्याय :** जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा रद्द हुए हैं। प्रमुख पेपर लीक की सीबीआई जांच और जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी। अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ का निपटारा, घुसपैठियों द्वारा कब्जा की गई आदिवासी जमीन की वापसी कराएंगे। आदिवासी महिलाओं से शादी करने वाले घुसपैठियों के बच्चों को आदिवासी का दर्जा नहीं मिलेगा।

**एक रुपये की स्टांप ड्यूटी :** महिलाओं के नाम पर 50 लाख रुपये मूल्य तक की अचल संपत्ति की खरीद पर उसका रजिस्ट्रेशन एक रुपये में फिर से शुरू किया जाएगा।

**निःशुल्क शिक्षा :** झारखंड की बेटियों के बीएड, नर्सिंग और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था भाजपा सरकार करेगी। विस्थापन से पहले पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए पुनर्वास आयोग का गठन किया जाएगा। आदिवासी अस्मिता और सम्मान पर्व एवं लोक आयोजनों के लिए अनुदान दिया जाएगा। 500 करोड़ रुपये से सिदो-कान्हू शोध केंद्र और आदिवासी नायकों के स्मारकों का विकास किया जाएगा।

**फूलो-झानो पढ़ो बिटिया :** गरीब और पिछड़े वर्ग की प्रत्येक बालिका को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा।

---

# प्रधानमंत्री मोदी आज गढ़वा से करेंगे चुनाव प्रचार की शुरुआत

संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को गढ़वा से झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरूआत करेंगे। मोदी की पहली चुनावी सभा गढ़वा में और दूसरी चाईबासा के टाटा कालेज मैदान में होगी।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि गढ़वा जिले की धरती पर पहली बार कोई प्रधानमंत्री आ रहा है। मोदी दिन को 11 बजे पहुंचेंगे। सभा स्थल पर मंच व लोगों के बैठने के लिए विशाल पंडाल बनाया जा रहा है। करीब डेढ़ लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था को लेकर पंडाल बन रहा है। सैकड़ों मजदूर पंडाल व मंच बनाने में लगे हुए हैं। तैयारी अंतिम चरण में है। मंच पर पलामू प्रमंडल की सभी नौ सीटों से चुनाव लड़ रहे भाजपा के प्रत्याशी मंच पर मौजूद रहेंगे। मोदी की सभा को लेकर जिले में उत्साह है। भारी भीड़ जमा होने की उम्मीद है।

मोदी की सभा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सख्त रहेगी। एसपीजी की टीम यहां पहुंच गई है। जिले के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रख रही है। केंद्रीय सुरक्षा बलों व जिला बल के एक हजार से अधिक जवान तैनात रहेंगे। दर्जनों दंडाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। पलामू से भी सुरक्षा बलों को बुलाया गया है। आईजी-डीआईजी खुद मानिटरिंग कर रहे हैं। बाहर से आने वाले वाहनों की पार्किंग की अलग-अलग व्यवस्था की गई है।



### मुख्यमंत्री आज पांच जिलों में करेंगे चुनावी जनसभाएं

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को चाईबासा, पलामू, प. सिंहभूम, सिमडेगा और गुमला में चुनावी सभाएं करेंगे। इसकी पूरी तैयारी कर ली गयी है। सभी स्थानों पर सुरक्षा और आवागन के लिए अधिकारियों ने निरीक्षण कर लिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से हेमंत के पूरे कार्यक्रम की सूची जारी की गयी है। इसमें अंकित है कि सोरन कहां कितने बजे सभा करेंगे।

---

# झारखंड में ना एनआरसी लागू होगा ना यूसीसी, यहां सीएनटी और एसपीटी रहेगा : हेमंत सोरेन

संवाददाता

**गढ़वा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को गढ़वा में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में ना यूसीसी ना एनआरसी लागू होगा। यहां सिर्फ सीएनटी और एसपीटी रहेगा। ये लोग घर परिवार को तोड़ने में लगे हैं। ये विषैला जहर उगलते हैं। उनके आगे विषधर भी असफल है। इन लोगों से बच के रहना है। पांच वर्ष के दौरान हम लोगों ने कितनी चुनौतियों का सामना किया यह आप सभी ने देखा है। ये बातें हेमंत सोरेन ने कही।

हेमन्त सोरेन ने झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि जुमलेबाज भाजपा के लोग यहां आने वाले हैं। ये लोग यहां का बेटा, आदिवासी-मूलवासी को हटाना चाहते हैं। जब हम लोग आपके लिए काम करना यहां शुरू किया। सरकार गठन के बाद तो इन लोगों ने झूठे आरोप में मुझे जेल में डाल दिया। इन्हें यहां के आदिवासी-मूलवासी दलित, पिछड़ों से कोई मतलब नहीं है। उन्हें यहां से मतलब है तो यहां के खनिज संपदा से मतलब है और झारखंड के खनिज संपदा का एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये हमारा बकाया ये नहीं दे रहे हैं।

श्री सोरेन ने बताया यहां की माता-बहनों के सम्मान में हम आर्थिक सहयोग कर रहे हैं। आने वाले 5 वर्ष में हर घर में एक लाख रुपये पहुंचने का काम करेंगे और हम लोगों ने कानून बना दिया है कि जिनके खाते में ?1000 जा रहा है। वह 2500 रुपया हो जाएगा। इन्हें अगर मौका लग गया तो यह आपके शरीर से कतरा कतरा खून निकाल लेंगे। 5 वर्ष से ये सत्ता से बेदखल हैं। आज भारतीय जनता पार्टी का पेड़ सूखते जा रहा है। आने वाले समय में फिर 5 साल तक इन्हें बाहर करेंगे और इन्हें जड़ से उखाड़ कर देख देंगे।

श्री सोरेन ने कहा ये लोग कहते हैं जेपीएससी और सीजेएल परीक्षा के जरिए हुई नियुक्ति का सीबीआई से जांच करेंगे। हमने सीजीएल परीक्षा की पूरी जांच कर ली है। लोग चिन्हित हो चुके हैं, जिन्होंने गड़बड़ी करने की कोशिश की, गड़बड़ी तो कर नहीं पाए और लेकिन पकड़े जा चुके हैं चुनाव समाप्त होते ही वे सभी जेल जाएंगे।



### आने वाला समय बताएगा झूठ क्या है

श्री सोरेन ने केंद्रीय गृहमंत्री को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इनके गृह मंत्री ने कहा है कि नक्सलवाद खत्म कर देंगे। हम पूछना चाहते हैं तो अगर नक्सलवाद खत्म नहीं हुआ तो जो पांच चरण में होने वाले चुनाव को दो चरण में कैसे करा रहें हैं। इससे साफ संकेत है कि इस राज्य में नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म हो चुका है। आने वाला समय बताएगा झूठ क्या है और सच क्या? श्री सोरेन ने कहा ये लोग बांग्लादेशी घुसपैठ की बात करते हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि देश के प्रधानमंत्री जब वे शपथ ग्रहण कर रहे थे तो संविधान किताब पर माता में ठोक रहे थे। आप बोल रहे थे कि देश संविधान से चलेगा। कायदे कानून से चलेगा। उन्होंने कहा कि हर वर्ग, हर समाज को हक अधिकार मिलेगा। मैं यह जानना चाहता हूं कि बांग्लादेश के साथ अंदर ही अंदर कोई समझौता है क्या? आज बांग्लादेश के पूर्व प्रधानमंत्री का अपने यहां प्लेन उतारने क्यों उतारने दिया? उसे किस आधार पर शरण दे रखा है? यह बताइए झारखंड में बिजली उत्पादन होता है और बांग्लादेश में सप्लाई करते हैं और बांग्लादेशी घुसपैठ की बात करते हैं। बांग्लादेश की सीमा का सुरक्षा किसके जो जिम्मे हैं भारत सरकार के जिम्मे में है।

---

चारधाम यात्रा 15 हजार श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने, चारधाम यात्रा समापन की ओर

# शीतकाल के लिए बंद हुए केदारनाथ धाम के कपाट

एजेंसी

**देहरादून।** विश्व प्रसिद्ध और ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग केदारनाथ धाम के कपाट भैयादूज के पावन पर्व पर रविवार प्रातः साढ़े आठ बजे विधि-विधान और धार्मिक परंपरा के साथ शीतकाल के लिए बंद हो गए। इस दौरान सेना के भक्तिमय धुनों के साथ श्रद्धालुओं के 'जय बाबा केदार' के उद्घोष से पूरा धाम गूंज उठा। 15 हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने। अब आने वाले छह महीने तक भक्तगण बाबा केदार के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर में दर्शन कर सकेंगे।

रविवार प्रातः पांच बजे से बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय की उपस्थिति में कपाट बंद किए जाने की प्रक्रिया शुरू हुई। बीकेटीसी के आचार्य, वेदपाठियों, पुजारीगणों ने भगवान केदारनाथ के स्वयंभू शिवलिंग की समाधि पूजा की। स्वयंभू शिवलिंग को भस्म, स्थानीय पुष्पों, बेलपत्र आदि से समाधि रूप दिया गया। प्रातः 08:30 बजे बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली को मंदिर से बाहर लाया गया और केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए। इस विशेष अवसर के लिए दीपावली के दिन से ही फूलों से मंदिर की साज-सज्जा की जा रही थी।

कपाट बंद होने के साथ ही बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली अपने पहले पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान कर गई। हजारों श्रद्धालु बाबा की पंचमुखी डोली के साथ पैदल रवाना हुए। श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह भंडारे आयोजित किये गये थे। आज केदारनाथ में मौसम साफ रहा। आसपास बर्फ होने से सर्द हवा भी चलती रही लेकिन श्रद्धालुओं में भारी उत्साह रहा।

यात्राकाल में रिकार्ड साढ़े 16 लाख से अधिक तीर्थ यात्री पहुंचे कपाट बंद होने के अवसर पर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि इस यात्राकाल में रिकार्ड साढ़े 16 लाख से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ धाम पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से आज भव्य व दिव्य केदारपुरी का पुनर्निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी के मार्गदर्शन में केदारनाथ धाम यात्रा का सफल संचालन हुआ। उन्होंने सफल यात्रा संचालन के लिए बीकेटीसी के कर्मचारियों, पुलिस-प्रशासन, यात्रा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विभाग, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी आदि का आभार जताया।




### 5 नवंबर ऊखीमठ पहुंचेगी पंचमुखी डोली

बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि बाबा केदार की पंचमुखी डोली आज रामपुर में रात्रि प्रवास करेगी। 04 नवंबर सोमवार को विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी रात्रि प्रवास कर 05 नवंबर मंगलवार को शीतकालीन गद्दीस्थल ऊखीमठ के ओंकारेश्वर मंदिर पहुंचेगी। शीतकाल में बाबा केदार की पूजा ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में ही होगी।

---

# पुलवामा से एक ओवर ग्राउंड वर्कर गिरफ्तार

एजेंसी

**पुलवामा।** पुलवामा जिले के तहाब से सुरक्षाबलों ने एक ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) सज्जाद अहमद डार को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है।

एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि 18 वर्षीय हिज्बुल मुजाहिद्दीन के दानिश बशीर अहंगर से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर यह गिरफ्तारी की गई है। माना जाता है कि सज्जाद अहमद डार, दानिश बशीर अहंगर का हैंडलर था और उसने ही दानिश को ओजीडब्ल्यू के रूप में काम करने के लिए उकसाया था। यह भी माना जाता है कि सज्जाद अहमद डार अनुभवी ओजीडब्ल्यू है और लंबे समय से हिज्बुल मुजाहिद्दीन के लिए काम कर रहा है। पुलिस ने सज्जाद अहमद डार की दुकान से दो ग्रेनेड और पिस्तौल भी बरामद की है।

सूत्रों का कहना है कि सैन्य खुफिया विभाग से विश्वसनीय इनपुट मिलने के बाद गिरफ्तारी और बरामदगी की यह श्रृंखला शुरू हुई है। दोनों से संबंधित अधिक जानकारी बाद में सामने आने की उम्मीद है।

### ● हथियार व गोला-बारूद बरामद

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा का संकल्प पत्र झारखंड के जनता के साथ छलावा: डॉ मनोज

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र झारखंड के जनता के साथ छलावा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की ओर से घोषित संकल्प पत्र सिर्फ और सिर्फ सगुफा है। कुमार ने रविवार को कहा कि पूर्व में भी भाजपा के नेताओं ने तथा प्रधानमंत्री ने घोषणा किया था कि गरीबों को खाते में 15 लाख रुपए देंगे, काले धन वापस लाएंगे। स्मार्ट सिटी बनाएंगे, प्रत्येक वर्ष दो करोड़ बेरोजगार युवाओं को नौकरी देंगे। इसमें एक भी घोषणा भाजपा के शासनकाल में पूरा नहीं किया गया। इसमें कौन सी घोषणा भाजपा शासन काल में पूर्ण हुआ यह भाजपा नेताओं को बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड में सत्ता हथियाना के लिए भाजपा झूठी संकल्प पत्र जारी करने का काम किया है। इसे झारखंड की जनता बखूबी जानती है । इसलिए भाजपा के झांसे में झारखंड की जनता आने वाली नहीं है। इन्होंने अपने घोषणा पत्र में कहा कि सरकारी नौकरियों में शैक्षणिक संस्थानों में अनुसूचित जनजाति ,अनुसूचित जाति के आरक्षण यथावत रखते हुए पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण के लिए भाजपा प्रतिबद्ध है।

### जेयूटी का पहला दीक्षांत समारोह 15 नवंबर को

**रांची।** झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेयूटी) का पहला दीक्षांत समारोह राज्य स्थापना दिवस पर 15 नवंबर को आयोजित होगा। कुलपति डॉ. डीके सिंह की अध्यक्षता में हुई जेयूटी की 21वीं कार्यकारिणी परिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। समारोह की तैयारी जोर-शोर से चल रही है।

### महुआ माजी पहुंची शहीद संकल्प शुक्ला बाटिका

**रांची।** इंडिया गठबंधन प्रत्याशी व राज्यसभा सांसद महुआ माजी रविवार की सुबह मोरहावादी स्थित शहीद संकल्प शुक्ला बाटिका पहुंची। जहां पर उनका स्वागत सरदार गोबिंद सिंह, डॉ. हेमलाल मेहता, काशी प्रसाद कन्नोई, चेंबर के पूर्व अध्यक्ष किशोर मंत्री, के के दयाल, सुबोध गुप्ता ने शॉल ओढ़ाकर किया। जहां पर उन्होंने बाटिका परिवार की ओर से प्रत्तेक रविवार को होनें वाली चाय पार्टी में शामिल होकर चाय का जायका लिया और महुआ माजी ने उपस्थित लोगों से जीत का आर्शीवाद मांगते हुए 13 नवंबर को मतदान के दिन अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने की अपील की। इस मौके पर किशोर मंत्री और काशी प्रसाद कन्नोई ने कहा की इस बार मतदाता आपके साथ है। जहां पर राजद नेता रंजन यादव, दीपक ओझा, कमलेश यादव, मनोहर यादव, आर्यन वर्मन, प्रशांत कुमार, छीतीज मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह, विक्की यादव, श्रवण कुमार, आशीष कुमार, लालबाबू रजक, रविंद्र कुमार सिंह, नंदकिशोर चंदेल सहित कई अन्य नेता व कार्यकर्त्ता शामिल थे।

### कृष्णा नगर कालोनी से निकली प्रभात फेरी

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा की प्रभात फेरी तीसरे दिन रविवार को कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर बरियातू रोड स्थित रामेश्वरम अपार्टमेंट पहुंची। जहां मनीष मिढ़ा द्वारा अरदास के साथ यही प्रभात फेरी का समापन सुबह नौ बजे हो हुआ। जहा श्रद्धालुओं द्वारा चाय नाश्ते के लंगर की व्यवस्था की गई। फेरी में गीता कटारिया व अन्य भक्तों द्वारा हरि के जन सतगुर सतपुरखा बिनउ करउ गुर पास हम कीरे किरम सतगुर शरणाई कर दइआ नाम गायन के साथ साथ संगत को वाहेगुरु का जाप कराया। सरदार भूपिदंर सिंह ने निशान साहिब उठाकर फेरी की अगुवाई की।

### रिम्स ब्लड बैंक ने 38 यूनिट रक्त किया संग्रहित

**रांची।** वॉलंट्री ब्लड डोनर्स एसोसिएशन (वीबीडीए) के तत्वावधान में अनंतपुर-निवारण पुर काली पूजा समिति के सहयोग से रविवार को निवारणपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर रिम्स ब्लड बैंक की टीम द्वारा स्वैच्छिक रक्तदाताओं से 38 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। मौके पर वीबीडीए के सचिव तुषार कांति शीट ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। श्री शीट ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान पीड़ित मानवता के प्रति सच्ची सेवा है। उन्होंने लोगों से पीड़ित मानवता की सेवा के लिए रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील की। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में राजीव रंजन, सुरेन्द्र कुमार, पपन चौधरी, चिंटू शाहदेव, दुर्गा शंकर सिंह, रिम्स स्टाफ डॉ.चंद्र मोहन, डॉ.कुमकुम, संतोष कुमार व अरविंद कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### बंग समुदाय ने मनाया भाई पोटा का त्योहार

**रांची।** बंग समुदाय के लोगों ने रविवार को भाई पोटा का त्योहार हर्षोउल्लास के साथ मनाया। भाई पोटा को लेकर बंग समुदाय के लोगों ने सुबह से ही अपने-अपने घरों को साफ-सुथरा किया। इस मौके पर बहनों ने ब्रत रखकर अपने हाथों से खीर का प्रसाद तैयार कर भगवान श्रीकृष्ण और विष्णु की पूजा-अर्चना कर अपने भाई के मस्तक पर चंदन तिलक लगाकर ,खीर खिलाकर उनकी लंबी उम्र की कमना की। इसके बाद पारण कर भोजन ग्रहण किया।

### ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विवि में मनाया गया भाई दूज

**रांची।** शहर के पिठौरिया स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रविवार को भाई दूज धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान चैतन्य झांकी का आयोजन किया गया। संस्था की संचालिका बी के राजमती ने भाई दूज का टीका सभी को लगाया और मुंह मीठा किया। भाई दूज के आध्यात्मिक रहस्यों को बताते हुए कहा कि वास्तव में मस्तक या दोनों भौहों के बीच भृकुटि का मध्य मनुष्य शरीर का वह स्थान है, जहां आत्मा निवास करती है। शिव शक्तियां मनुष्यों को अर्थ सहित ईश्वरीय ज्ञान का यह रहस्य भी सुनाती है। आत्मा अविनाशी है। कार्यक्रम में सभी ने एक -एक दीप जलाकर आने वाले समय में आत्मदीप जागृत रखने का संकल्प लिया।इस मौके पर सुबोध कुमार, नरेश कुमार, डॉ अनिल कुमार, आशुतोष द्विवेदी, लीला देवी, ऊर्मिला देवी, रीता देवी, बसंती देवी, संपति देवी, कविता सेन, रोहित कुमार, चंदन, विनोद, रौशन सहित अन्य उपस्थित थे।

### दीपावली एवं भाई दूज पर हुआ महाभंडारा



**रांची।** श्रीकृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रष्ट की ओर से रविवार को 174 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का आयोजन सदगुरू कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) में रह रहे निराश्रित प्रभुजी एव वहा रहकर इनकी सेवा करने वाले सेवादार सेवा साथियों के बीच वितरण किया गया। इसमें सैकड़ो लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर डुंगरमल अग्रवाल निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल छावनिका, विशाल जालान, बिष्णु सोनी, सुरेश भगत, मनीष जालान, शिव भगवान अग्रवाल, एचएन मौर्या,ओम प्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार, चन्द्रदिप साहु, महेश वर्मा, हरीश कुमार, परमेश्वर साहु सहित कई अन्य सदस्यों ने सहयोग किया।

# झारखंड की 81 सीटों पर कुल 1211 उम्मीदवार: के रवि कुमार

### बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची वितरण कार्य युद्धस्तर पर जारी
### पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया जारी

संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि झारखंड की 81 विधानसभा सीटों पर कुल 1211 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। उनमें 1081 पुरुष प्रत्याशी हैं। महिला उम्मीदवारों की संख्या 128 है। जबकि, 2 प्रत्याशी ट्रांसजेंडर हैं। उन्होंने



कहा कि 13 नवंबर को होनेवाले पहले चरण के मतदान की तैयारी अंतिम दौर में है। इस चरण में कुल 43 विधानसभा क्षेत्रों से कुल 683 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जबकि, दूसरे चरण की मतदान की तिथि 20 नवंबर है। इस चरण में 38 विधानसभा क्षेत्रों से कुल 528 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। उसमें 472 पुरुष, 55 महिलाएं और एक ट्रांसजेंडर प्रत्याशी हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के घरों तक बीएलओ द्वारा मतदान पर्ची का वितरण युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता मतदान करने जाते वक्त मतदाता पर्ची में उल्लेखित सीरियल नंबर और पार्ट नंबर नोट कर जाएं। इससे उन्हें अपना नाम ढूंढने में अत्यल्प समय लगेगा। वहीं पार्ट नंबर से सही कतार में खड़ा होने की जानकारी मिल जाएगी। इससे मतदान करने में जहां काफी कम समय लगेगा, वहीं मतदान की गति भी काफी बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया जारी है।

उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक एक अरब, 43 करोड़, 26 लाख की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की गयी है।

## मैं रांची के लोगों का एक सेवक की तरह सेवा करता रहूंगा : सीपी सिंह

संवाददाता

**रांची।** जैसे-जैसे झारखंड विधानसभा चुनाव की तिथि नजदीक आ रही है। वैसे-वैसे प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार तेज होता जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह ने अपने जनसंपर्क अभियान के क्रम में क्षेत्र की जनता से मिलकर जीत का आर्शीवाद मांगा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मै रांची के लोगों का एक सेवक की तरह सेवा करता रहुंगा। पिछले 28 वर्षो से रांची की जनता ने मुझे एक सेवक की तरह सेवा प्रदान करने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है। कि जीस प्रकार से जनता का सहयोग, समर्थन और विश्वास मिल रहा है। आगे भी



पांच वर्षो तक निष्ठा के साथ सेवा करता रहूंगा। श्री सिंह शास्त्री नगर मधुकम में जन चौपाल को संबोधित किया। इसके अलावा अमरावती कालोनी, कृष्णापुरी, छठ तालाब, गुरगुट मैदान, नगराटोली सहित कई अन्य क्षेत्रों के लोगों के साथ बैठक कर एक बार फिर जीत का आर्शीवाद मांगा। इसके अलावा सुखदेव नगर मंडल, लालपुर, हिंदपीढ़ी में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया।

## प्रत्येक नागरिक का मत हमारे लोकतंत्र की मजबूती का आधार है: उत्कर्ष कुमार

संवाददाता

**रांची।** रांची डाक मंडल के वरिष्ठ डाक अधीक्षक उदय भान सिंह के जरिये एक विशेष मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रांची मंडल के सभी वरिष्ठ प्रधान डाकपाल, प्रधान डाकपाल, उप डाकपाल और शाखा डाकपालों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम बिरसा मुंडा बहुउद्देशीय सभागार, जिला स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में रांची के अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार और झारखंड के डाक सेवा निदेशक पंकज कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। उदय भान सिंह ने दोनों वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत भाषण से किया। इस अवसर पर उत्कर्ष कुमार ने उपस्थित लोगों को मतदान के महत्व से अवगत कराया और सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया।



उन्होंने बताया कि प्रत्येक नागरिक का मत हमारे लोकतंत्र की मजबूती का आधार है और सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। मौके पर पंकज कुमार मिश्रा ने मतदाता पहचान पत्र की समय पर डिलीवरी के महत्व पर जोर दिया और सभी डाकपालों को इसमें सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारत डाक मतदाता पहचान पत्रों की सुरक्षित और समय पर वितरण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो मतदान प्रक्रिया का एक अहम हिस्सा है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया, जो कि रांची के केंद्रीय उप मंडल के सहायक अधीक्षक अजय कुमार के जरिये प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 450 डाकपालों ने भाग लिया। साथ ही रांची मंडल के सभी डाक निरीक्षक, मंडलीय कार्यालय के सहायक और एमई संदीप कुमार महतो भी इस महत्वपूर्ण मतदान जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## शाह जवाब दें, 22 करोड़ लोगों को नौकरी मिली या नहीं: सुप्रियो

संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा के संकल्प पत्र पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इसमें सिर्फ मोदी ही मोदी दिखाई पड़ रहे हैं। हां, कवर पर बाबूलाल मरांडी को देखकर अच्छा लगा। बाबूलाल को बहुत दिनों के बाद ऐसी जगह मिली है। उन्होंने कहा कि अमित शाह ने रविवार की जनसभा में हेमंत सोरेन से कुछ सवाल पूछे हैं। पूछा है कि पांच साल में पांच लाख की नौकरी देने की बात हमने की थी। इस पर सुप्रियो ने कहा कि ये चुनाव बाबूलाल नहीं लड़ रहे हैं, मोदी लड़ रहे हैं। तो 11 साल में प्रति साल 2 करोड़ को नौकरी देने के लिए अमित शाह जवाब दें। उनके वादे के अनुसार 22 करोड़ लोगों को नौकरी मिली या नहीं। झामुमो नेता ने कहा कि 22 करोड़ तो छोड़ दीजिये, 2



करोड़ की ही बात कीजिये। उन्होंने कहा कि नौकरी देने के बजाये 20 करोड़ लोगों की नौकरियां भाजपा सरकार ने छीनी हैं । इन 11 साल में चाहे वो सर्विस सेक्टर हो। चाहे वो टेलीकॉम सेक्टर हो। या गर्वमेंट सेक्टर हो या सेना में भर्ती का मामला हो। 11 साल में 20 करोड़ नौकरियां छीन कर आप हमसे जवाब मांग रहे हैं, इस पर आश्चर्य होता है। सुप्रियो ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि असम से होकर घुसपैठ होती है और उसका मुख्यमंत्री आज यहां आकर बैठा हुआ है। उन्होंने अमित शाह को संबोधित करते हुए कहा, आपने कहा भष्टाचार है। उन्होंने कहा कि आज जितने भी बड़े भ्रष्टचारी हैं, वे आपकी पार्टी में हैं। कोई मंत्री है और कोई मुख्यमंत्री है। व्यापम घोटाले से शुरू करें तो शिवराज चौहान मुख्यमंत्री भी रहे। मंत्री भी हैं आज और चुनाव प्रभारी भी हैं। असम का वाटर गेट, जिसके खिलाफ कांग्रेस के शासन में हिमंता मंत्री थे वे आज असम के मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि दलित की पीठ में छुरा मारकर हिमंता बिस्वा सरमा को मुख्यमंत्री बनाया गया और आज वे भी यहां के चुनाव प्रभारी हैं। 17000 करोड़ की जिसकी संपति ईडी ने जब्त की है, आज आपने उनकों महाराष्ट्र में उप मुख्यमंत्री बना दिया। सुप्रियो ने इस दौरान अजित पवार का नाम लिया।

उन्होंने अमित शाह से पूछा, आपने युदेरप्पा को मुख्यमंत्री कैसे बना दिया।

## पुलिस ने किया तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार

### रायफल,कार्बाइन, गोली व खोखा जब्त

वरीय संवाददाता

**रांची।** बेड़ो थाने की पुलिस ने जिले के पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा को मिली गुप्त सूचना पर कारवाई करते हुए बड़ी अपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे अपराधिक गिरोह के सरगना ग्राम चनगनी के मंसूर अंसारी उर्फ आलम उर्फ आर्यन उर्फ लंगड़ा सहित तीन अपराधियों बेड़ो के ग्राम चनगनी निवासी लक्की उरांव और नगड़ी के पिस्का निवासी शाहबाज अंसारी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के हत्थे चढ़े मंसूर अंसारी उर्फ आलम उर्फ आर्यन उर्फ लंगड़ा पहले से नगड़ी थाना के एक हत्या मामले का वारंटी है। जानकारी देते हुए ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि एसएसपी को सूचना मिली थी की बेड़ो थाना के ग्राम चनगनी स्कूल मैदान में कुछ अपराधी किसी घटना को अंजाम देने की प्लानिंग कर रहे हैं। उसके बाद बेड़ो डीएसपी अशोक कुमार राम के नेतृत्व में थाना प्रभारी नकुल साहा की बनी टीम चनगनी स्कूल मैदान पहुंची जहां तीनों बैठ कर शराब पी रहे थे। पुलिस पर नजर पड़ते ही तीनों भागने लगे जिन्हें जवानों दौड़ा कर धर दबोचा। पूछ ताछ में तीनों ने अपना



जुर्म कबूल किया और बताया कि मंसूर के पास हथियार भी है जिसे उसके साथियों के घर पर छिपा कर रखा गया है। पुलिस मंसूर अंसारी की निशानदेही पर उसके दोस्त लल्लु महली के घर पर धावा बोला जहां से एक देसी राजयफल बरामद किया। उसके बाद इन्हीं की निशानदेही पर कारवाई करते हुए नगड़ी थाना के पिस्का में छापामारी की जहां से देसी कार्बाइन एक गोली व एक खोखा बरामद की गयी।

### एक लड़की के दो दिवाने आपस में भिड़े

रांची। नगड़ी थाने की पुलिस ने मारपीट व पिस्टल से गोली चलाने की कोशिश करने के आरोप में दो भाईयों को गिरफ्तार किया है। साथ ही आरोपियों के पास से एक रेगुलर पिस्टल,पांच गोलियां चार मोबाइल और दो स्कॉर्पियो जब्त किया है। मामले की जानकारी देते हुए ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि दो नवंबर को नगड़ी थाना प्रभारी को सज्जाद अंसारी उर्फ वकील ने सूचना दी की जुनैद अंसारी और जुबैर अंसारी दोनों भाई हथियार के साथ उसके घर पहुंच कर उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। इसी सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची जहां दोनों भाईयों को हथिया के साथ सज्जाद के साथ मारपीट करते देखा, पुलिस को देखते ही जुनैद और जुबैर दोनों भाई वहां से भागने की कोशिश करने लगे लेकिन पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। जांच करने पर इनके पास से एक रेगुलर पिस्टल व पांच गोलियां बरामद किये गये। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। बाद में मारपीट करने आये वाहन स्कॉर्पियो को भी जब्त कर थाना ले गयी। ग्रामीण एसपी श्री अग्रवाल ने बताया कि शिकायत कर्ता सज्जाद अंसारी और जुनैद अंसारी का एक ही लड़की से लब अफेयर चल रहा था, जिससे दोनों एक दूसरे को लड़की से अलग करना चाहते थे।

## भाजपा का यह संकल्प पत्र नहीं बल्कि फरेब पत्र है: केशव महतो

संवाददाता

**रांची।** भाजपा का यह संकल्प पत्र नहीं बल्कि फरेब पत्र है। 2014 से राज्य की जनता देख रही है कि इनका हर वादा जुमला बनकर रह गया। भाजपा के संकल्प पत्र पर प्रतिक्रिया स्वरूप प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि भाजपा घुसपैठ की बात कर राज्य सरकार को दोष देती है। लेकिन इसके लिए पूरी तरह जिम्मेदार केंद्र सरकार और गृह मंत्री हैं, जिनके नेतृत्व में सीमाएं सुरक्षित नहीं है।

उन्होंने कहा कि घुसपैठ के नाम पर आदिवासी समुदाय को दिग्भ्रमित करने और खुद को उनका हितैषी साबित करने की कोशिश भाजपा कर रही है। आदिवासी अस्मिता की रक्षा का ढोंग करने वाली भाजपा ने सरना धर्म कोड लागू करने के बारे में अपने संकल्प पत्र में कोई चर्चा नहीं की जबकि सरना धर्म कोड का बिल झारखंड सरकार द्वारा पास कर भेजा जा चुका है।

उन्होंने रविवार को कहा कि



बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने पिछड़ों के आरक्षण को 27 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया था। आज उन्ही बाबूलाल के नेतृत्व में ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की बात भाजपा कर रही है। इससे साफ है कि ये आदिवासी,पिछड़े वर्ग को मोहरा बनाकर झारखंड की सत्ता प्राप्त करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना से घबराकर भाजपा गोगो दीदी योजना लाने की बात कर रही है, कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया जा चुका है कि दिसंबर से राशि बढ़ाकर 2500 महीना किया जाएगा। लेकिन भाजपा गोगो दीदी योजना के तहत इस राशि को कम कर 2100 रुपये

# छठ महापर्व के मद्देनजर रांची नगर आयुक्त ने छठ घाटों में चल रहे विशेष सफाई अभियान का किया निरीक्षण

संवाददाता

**रांची।** छठ महापर्व के दौरान एक स्वच्छ और साफ वातावरण में श्रद्धालु पूजा करें और रांची नगर निगम क्षेत्र कूड़ा मुक्त रहे, इस प्रण के साथ पूरी टीम मुस्तैदी के साथ कार्यों का निष्पादन करे। सभी गठित टीम अपने-अपने संबंधित जोन में सफाई अभियान को प्राथमिकता के साथ मॉनिटर करें। अगले 24 घंटों के भीतर सभी चिह्नित 72 छठ घाटों की संपूर्ण सफाई सुनिश्चित करें। यह दिशा-निर्देश नगर आयुक्त संदीप सिंह ने रविवार को दिए।

नगर आयुक्त ने रांची नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न जलाशयों के तट



पर अवस्थित प्रमुख छठ घाटों पर निगम के जरिये किए जा रहे विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए निगम की टीम को कई निर्देश दिया गया। इस क्रम में उनके द्वारा मुख्य रूप से कांके डैम, बड़ा तालाब, हटनिया तालाब और अन्य तालाबों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के दौरान छठ व्रतियों के साथ-साथ लाखों श्रद्धालु छठ घाटों पर भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए जुटती है, इसके लिए निगम स्तर से कई महत्त्वपूर्ण तैयारियां की जा रही है। साफ-सफाई की दृष्टिकोण से सभी चिन्हित 72 छठ घाटों तथा उसके सभी संपर्क पथों पर विशेष सफाई अभियान दीपावाली के पूर्व से ही चलाई जा रही है, जिसमे अतिरिक्त सफाई कर्मी भी लगाए गए है।

निरीक्षण क्रम में उन्होंने कहा कि विभिन्न तालाबों में काली पूजा विसर्जन किया गया है, इसलिए स्वच्छता शाखा की टीम को पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। मूर्तियों के अवशेषों को जल्द से जल्द निकालते हुए सभी घाटों में फैली गंदगी की सफाई, ग्रास कटिंग, तालाबों में खतरनाक स्थलों की पहचान के लिए बैरीकेडिंग, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव (तालाब के चारों तरफ) एवं तालाबों के संपर्क पथों पर एवं आसपास के क्षेत्रों की संपूर्ण सफाई सुनिश्चित करें। साथ ही छठ से पूर्व निगम के वाटर टैंकरों और एंटी स्मॉग गन के जरिये सभी मुख्य पथों पर पानी का नियमित छिड़काव करना सुनिश्चित करें।

इसके अलावा उन्होंने सभी जलाशयों में खतरनाक स्थलों, गहरे पानी के क्षेत्रों को चिह्नित करते हुए रेड रिबन लगाने, बास-बल्ली से बैरीकेडिंग करने के कार्यों को जल्द पूरा करने का भी निर्देश दिया गया ताकि लोग गहराई की तरफ न जाएं और किसी भी तरह की अनहोनी ना हो। इस पर अपर प्रशासक संजय कुमार ने बताया निगम की टीम के जरिये कुल 25 खतरनाक छठ घाटों में बैरिकेडिंग की गई है और अन्य घाटों पर भी उचित व्यवस्था की गई है। साथ ही सर्वाधिक भीड़ वाले छठ घाटों पर छठ व्रतियों के लिए अस्थाई चेंजिंग रूम की व्यवस्था आवश्यकतानुसार की गई है, जिसमें कुल 61 छठ घाटों में 300 से अधिक चेंजिंग रूम की व्यवस्था निगम द्वारा की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### चंद्रपुरा में उत्पाद विभाग ने अवैध शराब बिक्री स्थलों पर की छापेमारी



**बोकारो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के तेलो में अवैध शराब बिक्री स्थल पर छापेमारी की। मौके से उत्पाद टीम ने 90.00 लीटर विदेशी शराब एवं 3000 किलोग्राम जावा महुआ, 150 लीटर तैयार महुआ शराब को जब्त किया। छापेमारी के क्रम में चंद्रपुरा एवं पेटरवार में अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद विजय पाल, अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंद्रपुरा महेश दास शामिल थे।

### एनडीए प्रत्याशी की बहन ने किया जनसंपर्क अभियान



**बोकारो।** बेरमो विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी रविंद्र कुमार पांडेय की बहन रेणुका पांडेय ने अरमो पंचायत के अरमो, हथबजवा, गंझूटोला, गंडके सहित बोकारो थर्मल स्थित गोविंदपुर की कई पंचायतों में ग्रामीणों तथा डीवीसी कामगारों से मिलकर अपने भाई रविंद्र कुमार पांडेय के पक्ष में वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि एनडीए प्रत्याशी को पूरे बेरमो विधानसभा के सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जबरदस्त जनसमर्थन मिल रहा है और चुनाव में एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। कहा कि पूर्व में भी जनता ने उन्हें पांच बार सांसद बनाकर उनके कार्यों को काफी नजदीक से देखा है। बेरमो में वर्तमान चुनाव धनबल और जनबल के बीच है, जिसमें जनबल की जीत निश्चित है। मौके पर गोविंदपुर सी पंचायत के पूर्व मुखिया धर्मेंद्र सिंह, पूर्व पंसस संजय सिंह, मृत्युंजय मंडल, तरुण कुमार गुप्ता, निर्मल, सोमेन राय, बालाकृष्णन, हरपाल सिंह, धर्मेंद्र साव, रंजीत मंडल, कृष्णा, चिंटू, विश्वजीत राय सहित काफी संख्या में लोग थे। इसके पूर्व रेणुका पांडेय ने बोकारो थर्मल के मिलन तीर्थ क्लब में मां काली के दर्शन कर बेरमो में खुशहाली, अमन एवं चैन की दुआ मांगी।

### मैथिल बहनों के घर रही भरदुतिया की धूम



**बोकारो।** रक्षाबंधन की तरह ही भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व है भाई दूज। रविवार को बोकारो में भाई-बहनों ने इस पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया। एक तरफ जहां भाई दूज की धूम रही और बहनों ने परम्परानुसार भाइयों की लंबी आयु की कामना के साथ विधिपूर्वक पूजा संपन्न की, वहीं दूसरी तरफ मिथिलांचलवासी भाई-बहनों के घर इस पर्व को भरदुतिया के रूप में मनाया गया। मिथिलांचल में भाई दूज को भातृ द्वितीया व आम बोलचाल की भाषा में भरदुतिया कहा जाता है। कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यह पर्व मनाया जाता है। इस अवसर पर बहनों ने परंपरानुसार विधि-विधान के साथ अपने भाई की पूजा की। विशेष प्रकार की अल्पना बनाकर उस पर आसन के रूप में पीढ़ा रखकर भाई को बिठाया। फिर भाई के दोनों हाथ (आंजुर) में सिन्दूर, पिठार (चावल का घोल) लगाया और कुम्हरा का फूल, पान का पत्ता, सुपारी, पैसा, अंकुरी जल आदि से पूजा संपन्न की। इसे नोत लेना कहते हैं। इस क्रम में बहन मंत्र भी पढ़ती हैं- गंगा नोतैय जमुना कें, हम नोतै छी भाई कें, जतेटा यमुनाक धार, ततेटा हमर भैयाक आयु। इस अवसर पर बहनें यमराज से अपने भाई की लम्बी आयु की कामना करती हैं। भाई बहन को उपहार भी देते हैं। बहनें भाई को मिठान्न, स्वादिष्ट पकवान खिलाती हैं। इस पर्व को लेकर मिथिलांचल के भाई-बहनों में खासा उत्साह रहता है।

### गांव में डायरिया पीड़ित परिवारों से मिले भाजपा विधायक व प्रत्याशी बिरंची नारायण



**बोकारो।** जनसंपर्क अभियान के दौरान बोकारो के एनडीए (भाजपा) प्रत्याशी बिरची नारायण ने रविवार को चास प्रखंड की कालापत्थर पंचायत के गोमदीडीह, पिपराबेडरा टोला में डोर-टू-डोर संपर्क अभियान के तहत ग्रामीणों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने ने कहा कि केंद्र सरकार व पूर्व के भाजपा सरकार की योजना से हर गांव-टोला लाभाविन्त है। जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र में डायरिया से कई लोगों के ग्रसित होने की जानकारी मिली। लोग डायरिया से ग्रस्त होने के कारण सदर अस्पताल तथा विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं। बिरंची नारायण ने डायरिया पीड़ित एवं उनके परिवार से मिलकर हाल-चाल जाना और बोकारो सिविल सर्जन से बात कर अविलंब गांव में कैंप लगाने तथा ग्रसित मरीजों को उच्च स्वास्थ्य सेवा देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 20 नवंबर को पहले मतदान, फिर जलपान के साथ भाजपा को वोट देकर भाजपा की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभायें और वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करें। मौके पर मंडल अध्यक्ष हरीश सिंह, अमर स्वर्णकार, सुजीत चक्रवर्ती, निमाय महथा, दीपक शर्मा, समरेस, सुरेश शर्मा, अनंत शर्मा, राज देव, रवींद्र, अनिल, मुकेश, गुड्डू, अजय, विवेक, दिनेश, नीलकंठ, राजा राम, आशीष, बद्री, अम्बुज, मिथुन आदि मौजूद रहे।

# इंडी गठबंधन में हताशा और बौखलाहट, उनकी सरकार का जाना तय : बाउरी

संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं चंदनकियारी से भाजपा प्रत्याशी अमर कुमार बाउरी ने कहा है कि झारखंड में इंडी गठबंधन की सरकार का जाना अवश्यंभावी है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है, इंडी गठबंधन की हताशा और उनकी बौखलाहट सामने आ रही है।

यह उनके बयानों में, उनके कार्यों में दिख रहा है। श्री बाउरी ने इस संवाददाता से बातचीत करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन जी अभी भी कार्यवाहक मुख्यमंत्री हैं, उनका मंत्रिमंडल भी है, लेकिन जिस तरह के आरोप वह पदाधिकारियों पर लगा रहे हैं और उन्हें हटाने की मांग कर रहे हैं, यह आश्चर्यजनक है। क्योंकि उन अधिकारियों की पोस्टिंग उनकी ही की हुई है, फिर भी वे उन्हें हटाने की मांग कर रहे हैं, इससे साफ है कि वे हार के डर से हताश हो चुके हैं। यह साफ दिख रहा है। श्री बाउरी ने कहा- जो विषय हम लोग बराबर लोगों के संज्ञान



में लाते रहे हैं कि इस सरकार ने अपने आप को कितना नीचे गिरा दिया है, इसका एक उदाहरण है कि अभी कुछ दिन पहले उनके कैबिनेट मंत्री इरफान अंसारी जी ने उनकी भाभी, जो दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी की बहू भी हैं, स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पत्नी भी हैं और मुख्यमंत्री की खुद भाभी हैं, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन की जेठानी भी हैं, उनके बारे में इतना अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने के बाद भी इन लोगों के मुंह से एक शब्द नहीं निकला। न उन्होंने उनको मंत्री पद से हटाया, न उनको कुछ कहा। यह साफ दिखलाता है कि न उन्हें आदिवासियों से प्रेम है, न महिलाओं के प्रति सम्मान है। वे पूरी तरह से तुष्टीकरण की राजनीति में डूब चुके हैं। ये सारे लोग सिर्फ और सिर्फ अपने वोट बैंक और सत्ता के माध्यम से झारखंड को लूटने के ही प्रयास में लगे हैं। झारखंड की जनता इस चुनाव में उन्हें इसका जवाब जरूर देगी।

उन्होंने कहा कि, इस बार का विधानसभा चुनाव विधायक बनने के लिए नहीं है, बल्कि झारखंड को बचाने के लिए है। पिछले 5 वर्षों में जिस तरह से झारखंड मुक्ति मोर्चा में झारखंड को लूटने का काम किया है, इस लूट और महाठग सरकार से राज्य की जनता को मुक्ति दिलाने का इस बार चुनाव होना है।

## एनडीए के बेरमो प्रत्याशी के मुख्य चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

### प्रचार वाहन किया गया रवाना, घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाने का संकल्प

बोकारो। बेरमो विधानसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी रवींद्र कुमार पाण्डेय के फुसरो स्थित आवासीय कार्यालय पर रविवार को बेरमो विधानसभा के प्रधान चुनाव कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता सह झारखंड माटी कला बोर्ड के पूर्व चेयरमैंन चन्द्र प्रजापति ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बेरमो में विजय पताका लहराएगी। कहा कि बेरमो विधानसभा सहित संपूर्ण प्रदेश में भाजपा के पक्ष में उत्साह और माहौल है। चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर एनडीए के भाजपा प्रत्याशी रवींद्र कुमार पांडेय ने कहा कि टोली बनाकर कार्यकर्ता घर-घर जाकर केंद्र सरकार की जन उपयोगी योजनाओं को पहुंचाने का कार्य करें। बेरमो फतह के साथ हीं झारखंड प्रदेश में भाजपा की सरकार बन रही है। बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने कहा कि एनडीए के कार्यकर्ताओंऔर जनता में



अपार उत्साह है। इसी का परिणाम है कि झारखंड प्रदेश में भाजपा भारी बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। इस अवसर पर प्रचार गाड़ी को भी रवाना किया गया। मौके पर दिनेश यादव, रमेश स्वर्णकार, दिनेश पांडेय, विक्रम पांडेय, सुरेंद्र गिरि, सचिन मिश्रा, भाई प्रमोद कुमार सिंह, दिनेश पांडे, नवीन पांडे, शनि सिंह, मूलचंद खुराना, मनोज रवानी, नवल किशोर सिंह, राधा देवी, अभिषेक सिंह, तरूण चक्रवर्ती, सुरजीत चक्रवर्ती, रामू तांती, शंकर भदानी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण करें बीएलओ : उपायुक्त

संवाददाता

**बोकारो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने रविवार को जिले के शत-प्रतिशत मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची वितरण करने का निर्देश दिया है। जिले में मतदाता पर्ची का वितरण कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने मतदाताओं से बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) को इस कार्य में सहयोग करने की अपील की है। उपायुक्त ने कहा कि मतदाता पर्ची का वितरण करते वक्त मतदाता का हस्ताक्षर अवश्य करा लें। उन्होंने सभी बीएलओ को मतदाता पर्ची हर हाल में परिवार के मुखिया या सदस्य को ही देने का निर्देश दिया। कहा कि जिन मतदाताओं के पास मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपिक) कार्ड नहीं है, वे भारत निर्वाचन आयोग



द्वारा जारी वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र दिखाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- उपायुक्त ने कहा कि मतदाता पर्ची (वोटर इंफारमेशन स्लिप (वीआइएस) फोटो पहचान पत्र नहीं है, इससे मतदान करने के समय मतदान क्रम संख्या/भाग संख्या एवं मतदाता की विवरणी मतदाता सूची में खोजने में आसानी होती है।

### फल और फूल एक साथ है ऐसे में एनडीए की सरकार बनेगी

## झारखंड की वर्तमान सरकार को लेकर लोगों में गुस्सा है : सुदेश

संवाददाता

**बोकारो।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा है कि झारखंड की वर्तमान सरकार को लेकर लोगों में गुस्सा है। ऐसे में जनता इस राज्य में परिवर्तन चाह रही है और इस कारण झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने साल 2019 में वोटिंग प्रतिशत का हवाला देते हुए कहा कि वर्ष 2019 के चुनाव में फल और फूल अलग होकर चुनाव लड़े थे। लेकिन इस बार फल और फूल यानी आजसू और भाजपा एक साथ चुनाव लड़ रही है। ऐसे में झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी। वे बोकारो के गोमिया में एनडीए के कार्यकर्ता सम्मेलन में बोल रहे थे। इस दौरान आजसू



सुप्रीमो सुदेश महतो ने एनडीए के कार्यकताओं को एकजुट रहने का संदेश देते हुए कहा कि 2019 में भी जनता ने जनादेश हमलोगो को दिया था। लेकिन हमलोग अलग अलग चुनाव लड़े थे। उन्होंने कहा कि इस बार फल और फूल एक साथ है ऐसे में झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने झारखंड के हेमंत सोरेन और इंडी गठबंधन की सरकार पर हमला करते हुए कहा कि इस सरकार ने संसाधनों की लूट की है। ऐसे में बेरोजगार आज सड़क पर हैं। उन्होंने कहा कि जो भी सरकार ने वायदा किया वो पूरा नहीं किया। इसलिए इंडिया महागठबंधन का जाना तय है।

### सतर्कता जागरुकता सप्ताह के तहत ग्राम सभा का आयोजन

बोकारो। बोकारो थर्मल डीवीसी प्रबंधन द्वारा चलाये जा रहे सतर्कता जागरुकता सप्ताह के तहत रविवार को नावाडीह प्रखंड अंतर्गत ऊपरघाट के कंजकिरो स्थित पंचायत भवन सचिवालय में एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया। डीवीसी के सतर्कता प्रबंधक मो तारिक सईद ने उपस्थित लोगों का डीवीसी की ओर से स्वागत संबोधन के साथ शिकायतों की सुनवाई उचित माध्यमों से करने की जानकारी दी। कपूरी उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका जयलक्ष्मी ने भ्रष्टाचार को समाज के लिए अभिशाप बताया। बोकारो थर्मल डिग्री कॉलेज के प्राचार्य जी पी सिंह ने सत्यनिष्ठा के चारों सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक और आर्थिक आयामों पर प्रकाश डाला। सामाजिक कार्यकर्ता मोतीलाल महतो ने कहा कि सतर्कता से ही समाज विकसित होता है। पंचायत सचिव सदस्य रेवत लाल महतो ने कहा कि अपने आप में सुधार से ही देश समृद्ध हो सकता है।

## इंडी प्रत्याशी के आवासीय कार्यालय में सर्वदलीय बैठक आयोजित

संवाददाता

**बोकारो।** इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी श्वेता सिंह के आवासीय कार्यालय जनवृत ३ में अति महत्वपूर्ण बैठक इंडिया महागठबंधन में शामिल दलों झामुमो, राजद, भाकपा व माले के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। इस बैठक में बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता ने स्वागत भाषण देते हुए सभी इंडिया महागठबंधन के नेताओं का अभिनंदन किया। बैठक को संबोधित करते हुए इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी श्वेता सिंह ने कहा कि बोकारो स्टील सिटी विस्थापितों एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू के योगदान के कारण हीं अस्तित्व में आया है। अब जरूरत है कि पुनः बोकारो को राष्ट्रीय स्तर पर विकसित क्षेत्र बनाने के लिए हम सभी मिलकर काम करें। इस लोकतांत्रिक पर्व में



अपनी आहुति वोट के माध्यम से दर्ज करने की आवश्यकता है। तभी एक बेहतर विकसित और सम्पन्न समाज का निर्माण हो सकता है। कांग्रेस पार्टी के झारखंड विधानसभा चुनाव के निमित धनबाद लोकसभा के पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित भागलपुर के विधायक अजीत शर्मा ने सभी को छठ महापर्व की शुभकामना देते हुए कहा कि सभी लोग मिलकर इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी श्वेता सिंह को जीत दिलाएं। इस अवसर पर झामुमो के जिला अध्यक्ष हीरा लाल मांझी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनकल्याणकारी योजनाओं की मदद से झारखंड राज्य को प्रगति के पथ पर ले जाने का कार्य किया है। वहीं राजद के जिला अध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव ने कहा कि इंडिया महागठबंधन हीं झारखंड की तकदीर बदल सकती है। इस बैठक में मृत्युंजय शर्मा, जवाहर महथा, देवाशीश मण्डल, संतोष रजवार, हरेंद्र प्रसाद सिंह, जय नारायण महतो, किरण बाउरी, जुबिल अहमद, मनोज राय, महावीर सिंह चौधरी, बनमाली बाउरी आदि उपस्थित रहे।

## बेरमो में कई स्थानों पर चित्रांशों ने की भगवान चित्रगुप्त की पूजा

संवाददाता

**बोकारो।** बेरमो कोयलांचल के कई स्थानों पर चित्रांशों ने रविवार को भगवान चित्रगुप्त की पूजा अराधना की। बेरमो कोयलांचल के करगली बाजार, सुभाषनगर, स्टाफ क्वार्टर ढोरी, संडेबाजार, कथारा, नवाडीह, गोमिया व तेनुघाट में पूजा-अर्चना की गई। भगवान चित्रगुप्त कलम-दवात के देवता हैं, कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को उनकी पूजा की जाती है। पूजा के बाद वे भगवान चित्रगुप्त के मंत्र सहित अपनी आमद और खर्च का भी उल्लेख करते हैं। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत सुभाषनगर स्थित चित्रगुप्त भवन में भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर डॉ० शकुंतला कुमार, जेपी सिन्हा, रतन लाल, कमलेश सिन्हा, संजय सिन्हा, राजेश सिन्हा, अरविद



सिन्हा, अमित सिन्हा, आनंद सिन्हा, बिट्टू सिन्हा, प्रदीप सिन्हा आदि मौजूद थे। करगली बाजार स्थित एसबीआइ बैंक के समीप सीबीए क्लब में कायस्थ महापरिवार की ओर से भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति स्थापित कर विधिवत पूजा अर्चना का आयोजन किया गया।

यहां मौजूद लोगों ने सामूहिक दवात पूजन किया। मौके पर इनमोसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, अशोक कुमार सिन्हा, नवनीत कुमार, लवकुमार अंबष्ठ, संजय सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा, संजय कुमार अंबष्ठ, अशोक सिन्हा सहित अन्य लोग मौजूद थे। संडे बाजार और तेनुघाट में चित्रगुप्त महापरिवार के सदस्यों ने सुबह में पूजा अर्चना की। शाम को चित्रांश परिवार के द्वारा सामूहिक प्रीतिभोज का आयोजन किया गया। क्षेत्र के कई जगहों पर भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा के समक्ष बेरमो विधायक कुमार जयमंगल, पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय सहित कई जनप्रतिनिधियों व लोगों ने आशीर्वाद लेकर क्षेत्र के सुख-समृद्धि की कामना की।

## भगवान चित्रगुप्त की हुई पूजा-अर्चना

संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 6 स्थित साईं मंदिर परिसर में रविवार को भगवान चित्रगुप्त की विधि पूर्वक पूजा की गई। इसमें कायस्थ महापरिवार के दर्जनों श्रद्धालु शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो स्टील प्लांट के मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएं) कुन्दन कुमार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जैप कमांडेंट (आईपीएस) मुकेश कुमार तथा ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा शामिल हुए। पूजा के दौरान चित्रगुप्त मंदिर कमेटी के अध्यक्ष संजय कुमार, महासचिव अनल कुमार एवं संयोजक राकेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे। इस मौके पर कुंदन कुमार, संजय कुमार एवं



मुकेश कुमार ने एक स्वर में कहा कि कायस्थ परिवार के सक्षम लोगों को अपने समाज के पिछड़े हुए लोगों को मदद करने, चित्रांश परिवार की गरीब लड़कियों की शादी कराने में सहयोग करने के साथ ही समाज के गरीब परिवारों के बच्चों के शिक्षा की व्यवस्था में हाथ बंटाने की आवश्यकता है।

पूजा के उपरांत ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने कुंदन कुमार, संजय कुमार और मुकेश कुमार को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। पूजा में शामिल चित्रांशों में गुंजीता सिन्हा, शैलेंद्र, सुमन, श्रीमती ममता श्रीवास्तव, हर्ष सिन्हा, शिल्पी बक्शी, राहुल दारा, राहुल सिन्हा, रोहित, संचिता, सुनील श्रीवास्तव, अतुल, आर के सिन्हा सहित वेदांता इलेक्ट्रो स्टील के कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## AFFIDAVIT


I. Md. Wasim Alam son of Md. Mumtaz Alam. D.O.B. 24/06/2002 by profession Student renident of villane Khapriyawan Banha P.S. Katkamdad District Hazariban State Jharkhand do hereby solemnly affirm and declare as followm

**1.** That as per my Adhar card my name is Md. Wasim Alam son of Md. Mumtaz Alam vide adhar No. 3017 1164 6330.

**2.** That I am holder of Saving Account vide A/C NO. 589310110001246 BOI Branch Hurhuru Hazaribar.

**2.** That in said Account my name is mentioned Mo Wasim son of Mumtaz Alam and in my Adhar Md. Wasim Alam hence I hereby declare that both names relate to me I am one and same person but I want to entered my nam in my said Account as per Adhar 1.c. Md.Wasim alam s/o Md. Mumtaz Alam.

1. Md. Wasil Alam do hereby declare that the above statement are true and correct, Verified and sinned at Hazariban on this the day of Oct. 2024.



Format C - 1

Declaration about criminal cases

I, RAVINDRA KUMAR PANDEY, a candidate for the above mentioned election, declare for publication information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Hon'ble Shri Rishi Kumar 1st Class Magistrate, Dhanbad | CPC Case No. 488/22 | Pending | 509 of IPC Disrespecting a woman |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date (s) of Order (s) | Description of offence (s) & punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| 1 | NA | NA | NA |

(Ravindra Kumar Pandey)

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, सोमवार 04 नवंबर 2024



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### हजारीबाग में भारतीय जनता पार्टी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न



**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ हजारीबाग कार्य समिति की बैठक डॉ० सजल मुखर्जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से आगामी विधानसभा चुनाव के संदर्भ में व्यापक चर्चा हुई, इसमें सभी को सक्रिय रूप से संलग्न होने तथा अपने साथ अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की बात कही गई। जिससे भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित किया जा सके। इस बैठक में प्रभारी सुबोध सिंह, जिला संयोजक शंकर चंद्र पाठक, हृदय कांत पाठक, नीलमणि मुखर्जी, प्रमोद अग्रवाल, सोमनाथ मिश्र, राजकुमार चौबे, विजय कुमार सिंह, कैप्टन डीडी सिंह, प्रोफेसर राघवेंद्र झा, रविकांत मिश्रा, कुमार केशव, सुबोध सिंह 'शिव गीत', विनोद सिंह, गजानन पाठक आदि गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

### भाजपा प्रत्याशी ने किया चुनावी कार्यालय का उद्‌घाटन



**चौपारण।** बसरिया में भाजपा पूर्वी मंडल कार्यालय का भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव ने उदघाटन किया। मनोज कुमार यादव ने कहा कि भाजपा के पक्ष में माहौल बन रहा है। मोदी की गारंटी पर लोग विश्वाश कर रहे हैं। कहा कि भाजपा को जिताएं और झारखण्ड में डबल इंजन की सरकार बनाएं। मौके पर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चनद्रवंशी, महामंत्री अरविंद सिंह, बालेश्वर साव,जीप सदस्या आरती कौशल, मुखिया मंटु सिंह, पप्पू रजक, संतोष सिंह, जानकी यादव, प्रतिनिधि कैलाश पासवान, पूर्व मुखिया नरेश पासवान, समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, काजल देवी, विकास रजक, युवा अध्यक्ष रंजन सिंह, ओबीसी अध्यक्ष बिनोद यादव, भाजपा नेता रामस्वरूप पासवान, विकास यादव, महेंद्र यादव, भाजपा नेता विकास यादव, गोपाल विश्वकर्मा, संजय सिन्हा, विजय गुप्ता, रामाधीन दाँगी, बसंत साव, प्रवीण सिंह, बिनोद साव, राजू राणा, पिंटू सोनी, सुनील सिंह, सुदेव यादव, मनीष सिंह, कपिल यादव, मनोज यादव, अरविंद साव, प्रकाश राम, सुदीप सिंह, नारायण प्रजापति, प्रमोद सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### भाजपा प्रत्याशी निर्भय शाहाबादी ने मोहनपुर में किया चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



**गिरिडीह।** गिरिडीह के सदर प्रखंड के टुंडी रोड मोहनपुर में गिरिडीह विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी निर्भय शाहाबादी ने अपने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी निर्भय कुमार शाहाबादी ने मोहनपुर, गादी श्रीरामपुर, चतरो और मंझलाडीह गांव का भ्रमण कर वहां के ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान निर्भय शाहाबादी ने बताया कि यहां पर अभी तक कोई विकास का कार्य नही हुआ है, जिसको लेकर यहां के ग्रामीण काफी आक्रोशित हैं। मौके पर राजेश गुप्ता, दीपक पंडित, सीता राम वर्मा, अनूप सिन्हा, रोहित चौबे, मणीलाल साव, रामेश्वर यादव, गोखुल राम, अनिल साब, विनोद राम, उज्वल तिवारी, अजीत शर्मा, टिंकू साब, बबलू साव, रामेश्वर राणा समेत कई लोग मौजूद रहे।

### जनता का मिल रहा है अपार स्नेह : निरंजन



**जमुआ/गिरिडीह।** धनवार विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में राजनीतिक दंगल में ताल ठोक रहे निरंजन राय के समर्थकों की तादाद दिन ब दिन बढ़ती हीं जा रही है। वे क्षेत्र में लगातार कैंपेनिंग कर रहे हैं। उनके सिपहसालार भी कम नहीं हैं। इस बाबत निरंजन राय ने कहा कि वे हमेशा गरीब गुरबों की सेवा करते आए हैं। पहली बार राजनीति में सक्रिय हुए तो जनता जनार्दन का स्नेह और प्यार भी बेशुमार मिल रहा है। कहा कि हर वर्ग व हर जाति का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने हमेशा जमात की बात की है मानवता की सेवा की है। कहा कि इस बार जनता का आशीर्वाद मिला तो धनवार विधानसभा क्षेत्र को आदर्श क्षेत्र बनाकर मॉडल के रूप में प्रस्तुत करूंगा। उनके साथ सुशील राय, अरुण सिंह, पंकज राय, जयदेव राय, मनोज राय, संतोष रवानी, रामानुज दास, रामाशंकर रवानी, अजय राय, मंसूर सहित कई लोग थे। वे धनवार विधानसभा के दर्जनाधिक गांवों में व्यापक जनसंपर्क अभियान में शामिल थे।

# अभिनेत्री भाग्यश्री ने बरही विस के निर्दलीय प्रत्याशी अविनाश आर्या के समर्थन में किया रोड शो

संवाददाता

**चौपारण।** विधानसभा चुनाव में अब कुछ हीं दिन शेष बचे हैं। ऐसे मे सभी नेता अपने अपने क्षेत्र में व्यस्त हैं और जनता को रिझाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में बरही विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे अविनाश आर्या के समर्थन में बॉलीवुड अभिनेत्री भाग्यश्री ने केंदुआ मोड़ से चतरा मोड़ और चतरा मोड़ से केंदुआ मोड़ रोड के दोनो साइड मे रोड शो किया और जनता का अभिवादन स्वीकार किया और चतरा मोड़ पर यह रोड शो सभा मे तब्दील हो गया, विशाल भीड़ का जामवाड़ा लग गया।



**अभिनेत्री भाग्यश्री ने अविनाश आर्या के पक्ष में क्या कहा**

इस मौके पर भाग्यश्री ने चौपारण प्रखंड की जनता से अपील करते हुए कहा कि आपकी मिट्टी का बेटा आज अविनाश आर्या आपके बीच चुनावी समर में कूद पड़ा है। इन्हे अपना मत देकर भारी मतो से विजई बनावे।

**अविनाश आर्या ने क्या कहा**

वहीं अविनाश आर्या ने कहा कि अपने माटी का फर्ज अदा करने आया हूँ। बरही विधानसभा क्षेत्र की जमीनी हकीकत यही है कि अभी तक इस क्षेत्र का जो विकास होना चाहिए वह नहीं हो पाया है। आज भी बरही विधानसभा क्षेत्र मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है। किसानों के पास कृषि योग्य भूमि होते हुए भी सिंचाई के पर्याप्त साधनों का अभाव है। बेरोजगार नौजवानों के सामने रोजगार की समस्या मुंह बाए खड़ी है। विशेष कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले परीक्षार्थियों के लिए बरही विधानसभा क्षेत्र में कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण प्रतियोगी परीक्षाओं में इस क्षेत्र के विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं। पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार का कोई विकास कार्य न हो पाने के कारण आज भी शिक्षा के क्षेत्र में बरही विधानसभा क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ है। यहां के छात्र-छात्राओं को उचित शैक्षिक माहौल नहीं मिल पाता है जिसके कारण आज भी यह क्षेत्र शिक्षा के मामले

**अपनी माटी का फर्ज अदा करने आया हूं :अविनाश आर्या**

**आपकी मिट्टी का बेटा आपकी मिट्टी की समस्याओं के समाधान के लिए आपके बीच चुनावी समर में खड़ा है आप अपना बहुमूल्य समर्थन देकर सेवा का एकबार अवसर जरूर दें : भाग्यश्री**

में काफी पिछड़ा हुआ है। इसलिए आज की आवश्यकता है कि जो प्रत्याशी इस क्षेत्र की जमीनी समस्याओं को समझता है और उसमें सुधार करने का दृष्टिकोण रखना है उसे ही चुनाव में अपना बहुमूल्य वोट देकर विजई बनाइए। जिससे कि क्षेत्र का संपूर्ण एवं समग्र विकास हो सके।आर्या ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से वर्तमान समय तक इस क्षेत्र का विकास नहीं के बराबर हुआ है। झारखंड का निर्माण हुए 23 वर्ष गुजर गए आज 23 वर्ष का युवा झारखंड राज्य का बरही विधानसभा क्षेत्र विभिन्न क्षेत्रों में विकास की बात जोह रहा है।

23 वर्ष झारखंड में बरही विधानसभा क्षेत्र का जो विकास होना चाहिए वह नहीं हो सका। इस क्षेत्र का जिन्होंने भी प्रतिनिधित्व किया उन्होंने सिर्फ और सिर्फ अपना विकास किया क्षेत्र का विकास नहीं किया। जनता का विकास नहीं किया। इसलिए आज समय आ गया है कि हम इस अवधारणा को बदलें। इस मानसिकता को बदलें कि जनता केवल वोट देने का अधिकारी है विकास का अधिकारी नहीं है। जनता वोट देती है तो जनता का विकास होना चाहिए। परंतु इस क्षेत्र में जनता के वोटो को माध्यम बनाकर प्रतिनिधि केवल अपने विकास में संलिप्त हैं। अब वक्त आ गया है कि जनता अपने अधिकारों को समझे और विकास के लिए वोट करें।

## राज्य स्तरीय रोड साइकलिंग में भाग लेने गिरिडीह जिला साइकलिंग टीम रवाना

संवाददाता

**डुमरी/गिरिडीह।** मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स होटवार रांची में आयोजित सीनियर, जूनियर, सबजूनियर एवं यूथ 11 वीं राज्य स्तरीय रोड साइकलिंग प्रतियोगिता 2024 में भाग लेने के लिए गिरिडीह जिला साइकलिंग 18 सदस्यीय टीम पारसनाथ रेलवे स्टेशन से रवाना हुई।



राज्य स्तरीय रोड साइकलिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिला से चयनित खिलाड़ियों को सीनियर में महिला लक्ष्मी कुमारी, नुसरत प्रवीण, काजल कुमारी एवं पुरुष में रणजीत कुमार चौधरी, विवेक कुमार, अजय कुमार पंडित, कौशल कुमार महतो, दीपक कुमार, दुलारचंद कुमार चौधरी, दीपक कुमार ठाकुर, जूनियर में पुरुष महेश कुमार, पीयूष कुमार, सबजूनियर में बालिका रोशनी कुमारी, पिंकी कुमारी एवं बालक रौशन कुमार एवं यूथ में बालक नंदन कुमार, दिनेश चौधरी, संजीत चौधरी भाग लेंगे। वहीं सभी खिलाड़ियों के साथ संघ के महासचिव जितेंद्र महतो, नरेश कुमार, शिवशंकर यादव, राजकुमार मेहता, पायल कुमारी के नेतृत्व में भेजा गया। इस उपरान्त संघ के महासचिव जितेंद्र महतो ने कहा कि साइकिलिंग को व्यापक रूप से परिवहन का एक प्रभावी और कुशल साधन माना जाता है। कम से कम मध्यम दूरी के लिए इष्टतम तय करता है। साइकिलें मोटर वाहनों की तुलना में कई संभावित लाभ प्रदान करती हैं। जिसमें साइकिल चलाने में शामिल निरंतर शारीरिक व्यायाम, आसान पार्किंग, गतिशीलता में वृद्धि और सड़कों, बाइक पथों और ग्रामीण पगडंडियों तक पहुंच शामिल है। साइकिल चलाने से जीवाश्म ईंधन की खपत कम होती है, वायु और ध्वनि प्रदूषण कम होता है, ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन कम होता है।

## समाजसेवी ने सात गांवों में कंबल वितरण किया

**जमुआ/गिरिडीह।** समाजसेवी प्रदीप यादव एवं उनके परिजनों ने झारखंड धाम सहित आसपास के सात गांवों में सैकड़ों बेबस निरीह जनों के बीच कम्बल का वितरण किया। सबसे पहले झारखंड धाम में 50 धरनार्थियों के बीच कम्बल वितरण किया। साथ हीं बजरंगबली मंदिर के पास गरीबों एवं वृद्ध जनों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। मौके पर तारा के मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण महतो, पंसस मनोज पंडा, बदडीहा के मुखिया आशुतोष कुशवाहा, भोला यादव, डूमर यादव, पुष्पा देवी, विवेकानंद सिन्हा, राजेश पंडा, मुकेश मंडल, सुनील कुमार, गौरव कुमार, मनोहर वर्मा, जय नारायण वर्मा, नागो सिंह, संजय पंडित, अकली देवी सहित कई लोग थे। कम्बल झारखंड धाम, तारा ,मुरखारी, लेढासेमर, आलोडीह, खिजरसोता, धुरगड़गि सहित सात गांवों में पांच सौ से अधिक गरीबों एवं वृद्ध जनों के बीच कम्बल का वितरण किया गया।

## गांडेय विस क्षेत्र में फॉरवर्ड ब्लॉक प्रत्याशी राजेश यादव ने किया जनसंपर्क



संवाददाता

**गिरिडीह।** गांडेय से फॉरवर्ड ब्लॉक प्रत्याशी राजेश यादव ने अपने समर्थकों के साथ गिरिडीह (मु) क्षेत्र में जन संपर्क अभियान चलाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि 1977 से हीं इस क्षेत्र को उपेक्षित रखा गया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि गांडेय विधानसभा क्षेत्र को एकीकृत बिहार तथा झारखंड राज्य गठन के बाद भी लगातार विभिन्न सरकारों तथा यहां का प्रतिनिधित्व करने वालों ने उपेक्षित रखने का काम किया है। किसी मुसीबत के समय भी विधायक शायद हीं जनता के बीच दिखाई दिए। लेकिन चुनाव आते हीं हमेशा जाति-मजहब के नाम तथा पैसे के बल पर लोगों का वोट हथियाने की जुगत भिड़ाने का काम शुरू हो जाता है। हालांकि इससे आम जनता का भला नहीं हो सकता। श्री यादव ने गांडेय विधानसभा क्षेत्र में इस बार धनबल के खिलाफ जनबल की लड़ाई की बात करते हुए लोगों से आर्थिक सहयोग के साथ उनके पक्ष में वोट देने की अपील की। ताकि अगले पांच साल बढ़-चढ़कर जनता के लिए काम किया किया जा सके।

# भैया बांके बिहारी ने हजारीबाग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जनसंपर्क अभियान

संवाददाता

**हजारीबाग।** रविवार को सदर विधानसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतरे भैया बांके बिहारी ने हजारीबाग जिले के दारू, जबरा और इरगा गांवों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। घर-घर जाकर मतदाताओं से मुलाकात करते हुए उन्होंने अपने पक्ष में समर्थन की अपील की और क्षेत्र के विकास के लिए अपना संकल्प दुहराया। भैया बांके बिहारी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में क्षेत्र के समग्र विकास की प्रतिबद्धता जताई। उनके एजेंडे में मुख्य बिंदुओं में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सुविधा, सड़क और बुनियादी ढांचे का विकास, रोजगार के अवसरों का सृजन, और किसान



व मजदूरों के लिए लाभकारी योजनाएं शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य है कि सदर विधानसभा क्षेत्र हर क्षेत्र में प्रगति करे और नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर मिल सके। बांके बिहारी ने मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता मजबूत है। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह किया कि वे इस चुनाव में उन्हें एक मौका दें और ईवीएम पर क्रमांक संख्या 16, एयरकंडीशनर छाप का बटन दबाकर उन्हें विजयी बनाएं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जीत के बाद वह जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे। जबकि लोगों को अपनी चुनावी घोषणा पत्र के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति में सुधार, आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता, क्षेत्र में नए विद्यालयों और कॉलेजों की स्थापना, छात्रों को छात्रवृत्ति और बेहतर शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराना, सड़कों और पुलों का निर्माण और सुधार, गांव-गांव तक कनेक्टिविटी बढ़ाने पर जोर देना, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन, स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं का कार्यान्वयन करना, किसानों को उन्नत तकनीक और संसाधनों की सहायता, मजदूरों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाना आदि शामिल हैं।

## झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी ने बेरमो मोड़ के समीप किया चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



संवाददाता

**डुमरी/गिरिडीह।** इंडिया गठबंधन की झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी ने रविवार को बेरमो मोड़ के समीप चुनावी कार्यालय का उद्घाटन फीता काट कर किया। मौके पर इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के दर्जनों कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित थे। अपने संबोधन में झामुमो प्रत्याशी सह मंत्री बेबी देवी ने कहा कि डुमरी विधानसभा में विकास की गंगा बहाने का काम किया है और हमेशा करती रहूंगी। मंत्री पुत्र सह विधानसभा प्रभारी अखिलेश महतो उर्फ राजू ने कहा कि स्व० जगरनाथ महतो की कर्मभूमि डुमरी विधानसभा रही है। वे आजीवन विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए संघर्षशील रहे और हरेक सुख-दुख में सहभागी बने रहे।कहा कि इस चुनाव में मेरी मां की रिकार्ड मतों से जीत होगी। इस दौरान डुमरी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो उर्फ राजू, सचिव उपेन्द्र महतो, मंत्री प्रतिनिधि राजकुमार पांडेय, कैलाश चौधरी, डेगनारायण महतो, कारी बरकत अली, बीस सूत्री अध्यक्ष डेगलाल महतो, विश्वनाथ महतो, जगरनाथ ठाकुर आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# झारखंड सरकार ने योजनाओं को घर-घर पहुंचाया : सत्यानंद भोगता

संवाददाता

**चतरा।** चतरा विधान सभा के महागठबंधन की राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने हंटरगंज ब्लॉक में रोड शो सह जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोगता ने नुक्कड़ सभा के माध्यम से अपने संबोधन में कहा कि जनता के सहयोग से राजद की महिला प्रत्याशी रिकॉड मत से जीत दर्ज करेगी। कहीं किसी भी तरह की पार्टी में कोई रंजिश नहीं है। जहां कुछ भी शिकायत मिल रही है उसे पाटने का प्रयास लगातार जारी है। आज के इस जन संपर्क अभियान से स्पष्ट है कि राजद प्रत्याशी के सामने कोई भी प्रतिद्वंदी नहीं है। मंत्री ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार ने जो कार्य किया है उससे



विपक्ष मुद्दा विहीन हो गई है। अब झूठ का नारा दे रही है कि गो गो दी योजना लाएंगे और महिलाओं को सहयोग करेंगे युवाओं को नौकरी देंगे मंदिर के विकास के लिए राशि दी जाएगी। घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा जो आज गिनवा रहे हैं, जब डबल इंजन की सरकार थी तो क्यों नहीं किए। भाजपा झूठा आश्वाशन देकर सत्ता हासिल करना चाहती है। भाजपा के वादे और इरादे को यहां की भोली भाली जनता खूब जानती है।

इसलिए एक बार फिर हेमंत सरकार। केंद्र की भाजपा सरकार ने झारखंड सरकार को गिराने के लिए कई षडयंत्र रची परन्तु राज्य की महागठबंधन सरकार ने एक जुटता का परिचय देते हुए राज्य की जनता की सेवा करती रही। जब सरकार नहीं गिरा सकी तो एक षडयंत्र के तहत एक आदिवासी मुख्य मंत्री को जेल भेजने का काम भाजपा ने किया। सरकार ने अबुआ आवास योजना लागू कर गरीबों को पक्का मकान देने का काम किया है। सरकार ने मईया सम्मान योजना लाकर महिलाओं को समृद्ध बनाने का कार्य किया है।उन्होंने आगे कहा कि इस क्षेत्र में गली, नली, सड़क, पुल, पुलिया व स्कूल भवन बनाने का काम किया गया है।

मंत्री ने यह भी कहा कि क्षेत्र में आईटीआई कॉलेज बनाया गया है। प्लस टू स्कूलों के नए भवन बनाए गए हैं। शिक्षित बेरोजगार युवाओं और युवतियों के लिए मुख्य मंत्री सारथी योजनाओं के तहत हुनरमंद बनाने का काम सरकार कर रही है। वहीं प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने कहा कि पहली बार इस विधानसभा से महिला प्रत्याशी बनाई गई हूं। आबादी की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने का अवसर लालू यादव ने दिया है।उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं के सम्मान और क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए एक बार मौका दें शिकायत का मौका नहीं दूंगी। आप वोट के द्वारा सहयोग कर एक कदम आगे बढ़े मैं चार कदम आगे बढ़ूंगी। पिता मंत्री सत्यानंद भोगता के अधूरे कार्यों को पूरा करूंगी। बहु बेटी महिला के सम्मान में वोट करें आपको अपने परिवार के तरह सेवा करूंगी। इस अभियान में जोरी, दातार, सलैया, पैनी, नावाडीह पनारी, जजलो, आमीन शेर पुर सैयपुर के अतिरिक्त दर्जनों गांव में लोगों से मिलकर वोट देने की अपील की गई।

## महागठबंधन प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने जन संपर्क चलाकर मांगा समर्थन

**चतरा।** मयूरहंड प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में महागठबंधन के प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने मतदाताओं से मुलाकात कर जनसमर्थन देने की अपील की है। जनसमर्थन अभियान में प्रत्याशी मनोज चंद्रा के पक्ष में सैकड़ों समर्थक और कार्यकर्ता महिला पुरुष शामिल थे। इस तरह के जनसमर्थन अभियान से मनोज चंद्रा के प्रति मतदाताओं का काफी समर्थन और आशीर्वाद मिलता नजर आ रहा है। साथ हीं कार्यकताओं में काफी जोश और जुनून है। वहीं मतदाताओं में भी नजदीकी प्रत्याशी होने के कारण हर्ष और उत्साह है।

## संक्षिप्त खबरें

### चंद्रदेव महतो का गोविंदपुर प्रखंड में तूफानी दौरा

**सिंदरी।** सिंदरी विधानसभा के गोविंदपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी चंद्रदेव महतो का भव्य स्वागत हुआ। बिरगांव, परसबनिया, नवडीहा, नगरकीयारी, जयनगर, कुलबेड़ा, उदयपुर, कल्याणपुर और बड़ापिछड़ी ,कुमीर्डी समेत कई गांवों में उन्हें सैकड़ों ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। चंद्रदेव महतो ने हर घर पहुंचकर लोगों से अपने पक्ष में वोट मांगे और अपनी प्रतिबद्धता को दुहराया। जेएमएम, कांग्रेस, आरजेडी, भाकपा माले और इंडिया गठबंधन के नेताओं और कार्यकताओं को उन्होंने हृदय से आभार व्यक्त किया। इस दौरे से चंद्रदेव महतो की लोकप्रियता और समर्थन में इजाफा होने की उम्मीद है। ग्रामीणों ने उनका उत्साही स्वागत किया और पूरा समर्थन का आश्वासन दिया। यह दौरा चंद्रदेव महतो के लिए एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। झारखंड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार कार्यकताओं से अपील कर इंडिया गठबंधन के प्रत्येक प्रत्याशी को जीत दिलाकर विधानसभा में पहुंचाने की अपील कर इंडिया गठबंधन को मजबूत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सोरेन ने भरोसा दिलाया है कि गठबंधन की पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी और जनता की सेवा की जाएगी।

### कुमार आदित्य ने बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत स्थैतिक सर्विलांस टीम का किया निरीक्षण



**धनबाद।** 39 - निरसा, 42- टुंडी एवं 43 - बाघमारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक कुमार आदित्य द्वारा रविवार को बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत स्थैतिक सर्विलांस टीम का निरीक्षण किया गया। व्यय प्रेक्षक ने प्रतिनियुक्त स्थैतिक सर्विलांस टीम के वाहन जांच पंजी की जांच की। साथ हीं उन्हें चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि छोटे - बड़े सभी वाहनों की जांच करें। अगर कोई आपत्ति जनक सामग्री व राशि पाई जाती है, तो जब्ती की कार्रवाई करते हुए अविलंब सूचना दें। वाहन जांच पंजी का भी सही से संधारण करें। मौके पर लाइजनिंग ऑफिसर महेंद्र कुमार महतो एवं किशोर कुमार गोप मौजूद रहें।

### विधानसभा के प्रत्याशियों की उपस्थिति में किया गया कंट्रोल यूनिट




**धनबाद।** समाहरणालय सभागार में सभी छः विधानसभा के नियुक्त सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं सभी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों की उपस्थिति में क्रमवार 38 - सिंदरी, 39 - निरसा, 40 - धनबाद, 41 - झरिया, 42 - टुंडी एवं 43 - बाघमारा विधानसभा क्षेत्र हेतु कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं वीवीपैट का दूसरा रेंडमाइजेशन कर बूथवार निर्धारित कर दिया गया। इसकी प्रति आब्जर्वर, राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों, संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध करा दी गई है। यही ईवीएम, वीवीपैट मतदान के दिन बूथों पर जाएगी। मतदान के दिन आवंटित नंबर की कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, वीवीपैट हीं बूथ पर उपलब्ध रहेगी, उसी से मतदान होगा। मौके पर सभी सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, सभी विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी, सभी उम्मीदवार एवं उनके एजेंट, डीआईओ एवं उनकी टीम मौजूद रही।

### सामान्य प्रेक्षक ने किया गोविंदपुर प्रखंड में अवस्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों का दौरा

**धनबाद।** सामान्य प्रेक्षक 38 - सिंदरी विधान सभा, डॉ० एस सुरेश कुमार आईएएस के द्वारा 38 - सिंदरी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत गोविंदपुर प्रखंड में अवस्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों का दौरा किया। सामान्य प्रेक्षक द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवली, उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरकाबाद, उर्दू प्राथमिक विद्यालय गायडेहरा और +2 उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोसाईडीह में स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया। सामान्य प्रेक्षक के द्वारा इन मतदान केन्द्रों से सम्बंधित मतदाताओं की कुल संख्या, महिला मतदाताओं की कुल संख्या, पीडब्ल्यूडी मतदाताओं की कुल संख्या, 85+ मतदाताओं की कुल संख्या एवं होम वोटर की कुल संख्या आदि के सन्दर्भ में सम्बंधित बूथों के बीएलओ से जानकारी प्राप्त की गई। सामान्य प्रेक्षक ने पेयजल, शौचालय एवं बिजली की स्थिति के सन्दर्भ में आवश्यक निर्देश दिये। साथ हीं उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोविन्दपुर को यह निर्देश दिया कि मतदान केन्द्रों एवं उसके आस-पास पड़े ईंटों के टुकड़ों, गिट्टी जैसे छोटे पत्थर और सूखे पत्ते को त्वरित हटाया जाय। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक 38 - सिंदरी विधान सभा, डॉ० एस० सुरेश कुमार के साथ राज्य कर पदाधिकारी पंकज कुमार वर्मा एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी गोविन्दपुर उपस्थित थे।

---

भाजपा की सिंदरी विधानसभा प्रत्याशी तारा देवी ने किया जनसंपर्क

# मिल रहा समर्थन अपार, सिंदरी में कमल खिलेगा फिर एक बार : तारा देवी



संवाददाता

**सिंदरी।** भारतीय जनता पार्टी सिंदरी विधानसभा के विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रत्याशी तारा देवी के द्वारा दर्जनों गांवों में लोगों से जनसंपर्क किया। तारा देवी ने कहा कि मिल रहा समर्थन अपार सिंदरी विधानसभा में कमल खिलेगा फिर एक बार। उन्होनें कहा कि बेहतर कल के लिए भाजपा का साथ दें, ताकि डंबल इंजन की सरकार बनेगी। खुशहाल व विकसित झारखंड बनानें मे अपना योगदान दें। भाजपा के धुआंधार जनसंपर्क में उमड़ रहे जनसैलाब से साफ है कि सिंदरी विधानसभा में अबकी बार ऐतिहासिक मतों से ऐतिहासिक मतों से कमल खिलने जा रहा है। एवीएम के क्रम संख्या १ पर बहुमूल्यू वोट देने की अपील की। झारखंड में भ्रष्टाचार व बेरोजगारी खत्म करने के लिए सिंदरी विधानसभा में कमल खिलाने के लिए अपार जनसमर्थन मिल रहा है। झारखंड में भाजपा की सिंदरी प्रत्याशी तारा देवी को अपना बहुमूल्य मतदान ज्यादा से ज्यादा देकर जीत सुनिश्चित करें।

जिसमें भारतीय जनता पार्टी के ग्रामीण जिला अध्यक्ष नगर अध्यक्ष एवं प्रखंड अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता दिन-रात गांव-गांव शहर घर-घर जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं। किसान मजदूर युवा वर्ग एवं महिलाओं का जोश ज्यादा देखने को मिल रहा है?। सिंदरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गोविन्दपुर ऊपर बाजार में विश्वकर्मा समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में सिन्दरी के भाजपा प्रत्याशी श्रीमती तारा देवी शामिल हुई। मौके पर उपस्थित समाज के लोगों ने अंग वस्त्र देकर उनका सम्मान कर अपने समाज की ओर से उनको समर्थन दिया। मौके पर विश्वकर्मा समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे। अपना अमूल्य वोट क्रमांक संख्या - 01 चुनाव चिन्ह कमल के फूल छाप पर बटन दबाकर सेवा करने का अवसर प्रदान करें। आइए सिंदरी के उज्जवल भविष्य के लिए एकजुट हों।

## महागठबंधन के घटक दलों की बैठक संपन्न



संवाददाता

**कुमारधुबी।** आईएनडीआईए गठबंधन में शामिल दलों की बैठक रविवार को निरसा पंजाबी मिलन में झामुमो जिला अध्यक्ष लखी सोरेन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में महागठबंधन के भाकपा-माले प्रत्याशी अरूप चटर्जी मौजूद थे। बैठक में महागठबंधन में शामिल सभी दलों के नेताओं ने एक स्वर में महागठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। साथ हीं समन्वय समिति बनाने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर इंडिया गठबंधन सह माले प्रत्याशी पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि वोटों के बिखराव होने के कारण भाजपा को लाभ मिलता है। हम सभी लोगों का प्रयास होना चाहिए कि वोटों का बिखराव न हो, ताकि भाजपा को सत्ता में आने से रोका जा सके। झारखंडियों के भलाई के लिए स्थाई सरकार जरूरी है। सभी लोग अपने-अपने स्तर से बूथ कमेटी को मजबूत करें। आम जनता के बीच जाकर सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें तथा महागठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें। बैठक को भाकपा-माले के उपेंद्र सिंह, जगदीश शर्मा, कांग्रेस के डीएन प्रसाद यादव, सुधांशु शेखर झा, राजद के दहारु यादव, ब्रह्मदेव यादव इत्यादि ने भी अपने विचार रखें।

# प्रस्तावित मन्दिर एवं विवाह स्थल पर धूमधाम से चित्रगुप्त पूजा मनाया गया



संवाददाता

**कतरास।** श्री श्री चित्रगुप्त महापरिवार बाघमारा अंचल के श्यामडीह में प्रस्तावित मन्दिर एवं विवाह स्थल पर धूमधाम से चित्रगुप्त पूजा मनाया गया। निचितपुर निवासी पुरोहित अशोक पंडित ने विधि विधान से चित्रगुप्त महाराज का पूजन करवाया। चित्रगुप्त के महासंगम में सैकड़ों कायस्थों का जुटान हुआ। बाघमारा, हरिना, डुमरा, लेढीडुमर, कतरास, श्यामडीह, भटमुरना, सिजुआ, अंगारपथरा, निचितपुर, तिलाटाँड़, रामकनाली, पचगढ़ी, सोनारडीह, सिनीडीह आदि जगहों से सैकड़ों चित्रांश इकठ्ठा हुए। सभी ने एक दूसरे से परिचय किया। इसके पश्चात स्वरूचि भोजन का आनंद लिया गया। इसी बीच धनबाद सांसद ढुल्लू महतो एवं कुछ देर बाद बाघमारा से भाजपा प्रत्याशी सह सांसद ढुल्लू महतो के बड़े भाई शत्रुघ्न महतो भी चित्रगुप्त महाराज के दर्शन करने पहुंचे। समिति के सदस्यों ने सांसद व विधायक प्रत्याशी का स्वागत करते हुए भगवान चित्रगुप्त के दर्शन करवाये। सांसद व विधायक प्रत्याशी ने चित्रगुप्त महाराज से हाथ जोड़कर आशीर्वाद लिया। मौके पर पूजा समिति के सेटलर मोहन प्रसाद लाला, अध्यक्ष बिजय कुमार सिन्हा, सचिव अमित सिन्हा, कोषाध्यक्ष विक्की लाला, प्रवीण लाला, वरीय संरक्षक पंकज सिन्हा, शशि सिन्हा, देवेंद्र सिन्हा, मनोज लाला, धनंजय श्रीवास्तव, कबीर रंजन, शैलेंद्र सिन्हा, रजनीश वर्मा, मुकेष सिन्हा, कृष्ण कुमार सिन्हा उर्फ केशु लाला, रौनक कुमार, राकेश सिन्हा, अजित प्रसाद, आलोक सिन्हा, सुमन सिन्हा, कौशल सिन्हा, प्रवीण सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# प्रत्याशियों को रखना होगा नॉमिनेशन से रिजल्ट तक का अकाउंट




संवाददाता

**धनबाद।** विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर रविवार को व्यय प्रेक्षक आर.ए. ध्यानी तथा कुमार आदित्य ने समाहरणालय के सभागार में सभी प्रत्याशियों के साथ बैठक कर अकाउंट रखने की जानकारी दी। प्रेक्षकों ने प्रत्याशियों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव में एक प्रत्याशी के लिए खर्च करने की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपए निर्धारित है। प्रत्याशियों को चुनाव में खर्च करने के लिए उनके नाम से एक अलग नया बैंक अकाउंट खोलना अनिवार्य है। 10 हजार रुपए से अधिक का खर्च बैंक के माध्यम से ही करना है। हर खर्च को रसीद और वाउचर नंबर के साथ व्यय पंजी में दर्ज करना है। जिसमें नॉमिनेशन से लेकर चुनाव का परिणाम घोषित होने तक के खर्च का पूरा ब्यौरा दर्ज करना है। उन्होंने बताया कि 4 नवंबर, 12 नवंबर एवं 17 नवंबर को व्यय पंजी का निरीक्षण कराना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर निवार्ची पदाधिकारी द्वारा प्रत्याशी के विरुद्ध नोटिस जारी की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग प्रत्याशी पर कार्रवाई भी कर सकता है। विधानसभा चुनाव का परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के अंदर सभी प्रत्याशियों को फाइनल अकाउंट देना है। व्यय प्रेक्षकों ने प्रत्याशियों को चुनाव में उपयोग किए जाने वाले वाहनों की संख्या, उसकी अनुमति लेने की प्रक्रिया, होर्डिंग, फ्लैक्स, बैनर, पोस्टर, पंपलेट की प्रिंटिंग, पब्लिक मीटिंग, रैली, नुक्कड़ सभा, स्टार कैंपेनर, सोशल मीडिया पर किए गए प्रचार का खर्च सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में सभी विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी, वरीय प्रभारी व्यय लेखा कोषांग सह उपायुक्त अनुवेषण ब्यूरो गालिब अंसारी, व्यय लेखा कोषांग के नोडल सह राज्य कर सहायक आयुक्त श्री ध्रुव नारायण राय सहित विभिन्न प्रत्याशी, प्रत्याशियों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## सामान्य प्रेक्षक ने किया बाघमारा में अवस्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों का दौरा



संवाददाता

**धनबाद।** सामान्य प्रेक्षक 43 - बाघमारा विधानसभा, हर्षित पी० गोस्वामी आईएएस के द्वारा 43 - बाघमारा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों का दौरा किया गया। सामान्य प्रेक्षक द्वारा बूथ संख्या 37, 38, 39, 55,56,57,83,93,245,246,258, 260, 265,266,267,268 में स्थित मतदान केंद्रों के महिला बूथ, बुरका क्लॉड बूथ व वलनरेबल बूथ के साथ स्टैटिक सर्विलांस टीम का निरीक्षण किया गया। सामान्य प्रेक्षक के द्वारा इन मतदान केन्द्रों से सम्बंधित मतदाताओं की कुल संख्या, महिला मतदाताओं की कुल संख्या, पी डब्ल्यू डी मतदाताओं की कुल संख्या, 85+ मतदाताओं की कुल संख्या एवं होम वोटर की कुल संख्या आदि के सन्दर्भ में सम्बंधित बूथों के बीएलओ से जानकारी प्राप्त की गई।

सामान्य प्रेक्षक ने पेयजल, शौचालय एवं बिजली की स्थिति के सन्दर्भ में आवश्यक निर्देश दिया। साथ हीं उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी बाघमारा को मतदान केन्द्रों एवं उसके आस-पास सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक 43 - बाघमारा विधानसभा, हर्षित पी० गोस्वामी के साथ नगर मिशन प्रबंधक अमनदीप उपस्थित थे।

# जनसंपर्क के दौरान लोगों ने कहा हर सुख- दुख में राज का मिलता है साथ




संवाददाता

**धनबाद।** विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा के चुनावी दौरा में लोगो का भरपूर समर्थन मिल रहा है। इस कड़ी में विभिन्न जगहों पर राज सिन्हा ने चुनावी दौरा किया, जहां लोगों ने अपना समर्थन दिया और कहा कि हम सभी राज सिन्हा को भारी मतों से विजई बनाएंगे। कहा कि हर सुख दुख में खड़े रहते हैं। ऐसा हीं जनप्रतिनिधि धनबाद को चाहिए। धनबाद विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा चुनावी जनसंपर्क अभियान के तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघ चालक एवं प्रसिद्ध चार्टर्ड अकाउंटेंट केशव हरोड़िया के आवास पर संघ के साथियों के साथ सुबह की चाय पर चुनावी तैयारियों पर चर्चा की। उसके बाद धनबाद जिला चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष चेतन गोयंका से मुलाकात की। वहीं चेतन गोयंका ने राज सिन्हा को मिठाई खिलाकर रिकॉर्ड तोड़ मतों से विजय प्राप्त करने की शुभकामनाएं दीं। वही विभिन्न जगहों पर जैसे मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भारतीय संस्कृति और उसके सभ्यतागत मूल्यों को बनाए रखने के आदर्श को बढ़ावा देना वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बिरसा मुंडा व्यवसायिक शाखा में सम्मिलित हुए। ध्वज प्रणाम कर प्रार्थना में भाग लिया। मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चहलकदमी के दौरान मॉर्निंग वॉकर्स से मुलाकात की। वहीं मॉर्निंग वाकरों ने शुभकामनाएं दीं। वहीं रोलर स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड द्वारा रांची के खेल गांव में आयोजित 14 झारखण्ड स्टेट रोलर स्केटिंग एंड स्केटबोर्डिंग कंपटीशन में भाग लेने वाले बच्चों का उत्साह वर्धन किया। वही भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। चुनावी जनसंपर्क के दौरान चित्रगुप्त पूजा में शामिल होकर भगवान चित्रगुप्त को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। माडा क्लब, जगजीवन नगर, हाउसिंग कॉलोनी, बिनोद नगर, बाबुडीह, भुवनेश्वर यादव कॉलेज, कुसुम विहार, पुराना स्टेशन में आयोजित चित्रगुप्त पूजा में शामिल हुए जहां लोगों ने भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा का स्वागत किया और भारी मतों से विजई होने की शुभकामना दी।

---

**चुनाव** अखिल भारतीय खटीक समाज के आयोजित स्वागत समारोह में सम्मिलित हुए विधायक राज सिन्हा

# राज सिन्हा रिकॉर्ड तोड़ मतों से विजय हासिल करेंगे

### राज सिन्हा के जीत के बाद विकास कार्य को और गति मिलेगी



संवाददाता

**धनबाद।** अखिल भारतीय खटीक समाज धनबाद द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में विधायक राज सिन्हा सम्मिलित हुए। अखिल भारतीय खटीक समाज के जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र सोनकर ने कहा कि सोनकर समाज का आशीर्वाद राज सिन्हा के सर पर है। राज सिन्हा रिकॉर्ड तोड़ मतों से विजय हासिल करेंगे और नया इतिहास कायम करेंगे। राज सिन्हा के कार्यकाल में विकास के कई काम हुए हैं। राज सिन्हा के जीत के बाद विकास कार्य को और गति मिलेगी। विधायक राज सिन्हा ने बताया कि जहां भी लोगों के बीच का रहा हूँ लोगों का भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है। धनबाद की जनता द्वारा मुझ पर किए गए विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगा। भारतीय जनता पार्टी के जनकल्याणकारी योजनाओं और मोदी से प्रभावित होकर सोनी देवी, माला देवी, संजू देवी, किरण देवी, बेबी देवी, माधुरी देवी, सुमित्रा देवी सोनकर, डोली देवी, पूजा देवी, संजू देवी, बेबी देवी, रानी देवी, सोनी देवी, बबिता देवी, कृष्णावती देवी, सोनी देवी सहित खटीक समाज की दर्जनों महिलाओं नें भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। विधायक राज सिन्हा ने उन्हें भाजपा का पट्टा पहना कर भाजपा की सदस्यता दिलाई। मौके पर जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र सोनकर, प्रदेश अध्यक्ष जगेश्वर सोनकर, ब्रह्मा सोनकर, लल्लू सोनकर, पप्पू सोनकर, सूरज सोनकर, बरसाती सोनकर, मोहन सोनकर, प्यारे लाल सोनकर, राज कुमार सोनकर, सुरेश सोनकर, सतीश रजक, धर्मेंद्र सोनकर, बबलू सुनकर, सुन्नी रवानी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहें।

## झारखंड में जनता के आशीर्वाद से फिर बनेगी हेमंत सोरेन सरकार : ममता देवी



संवाददाता

**गोला।** रामगढ़ विधानसभा की पूर्व विधायक सह रामगढ़ विधानसभा की कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी ममता देवी ने रविवार को गोला प्रखंड के चोकाद पंचायत के विभिन्न गांवों में जा कर लोगों से मुलाकात कर आशीर्वाद और जनसमर्थन मांगा। दौरे के क्रम में चक्रवाली , संधोय, चोपादारू, ऊपरखखरा, फूलझरिया, गांव के लोगों के समक्ष अपने कार्यकाल में किए गए कामों और हेमंत सोरेन सरकार के द्वारा चलाए गए योजनाओं और विकास कार्यों को गिनाई जिसमें अबूवा आवास, मईंया सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन, सावित्री बाई फूले योजना, मुख्यमंत्री सृजन योजना,और हेमंत सरकार के समर्थन में वोट करने की अपील की। जनसंपर्क अभियान में युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजित करमाली,विनीत प्रभाकर,अंदु राम महतो, रमेश मुंडा, धीरेन महतो, भदरू सिंह, सहदेव सिंह, विजय कुमार, वरुण कुमार,नकुल महतो, भुनेश्वर महतो सहित अन्य लोग शामिल थे।

## सुभाषितम्

**आपका कोई भी काम महत्वहीन हो सकता है पर महत्त्वपूर्ण यह है कि आप कुछ करें। - महात्मा गांधी**

## तनाव मुक्ति के लिए ईश्वर का ध्यान जरूरी

तनाव जब आए तो कुछ पल हेतु शांति के लिए आकांक्षा को छोड़ कर एकांत में ईश्वर का ध्यान करें हमारा अकेलापन या तो हमें बहुत ही अवसाद से भर देता है या बहुत आनंद से। निर्भर इस पर है कि हम अपने अकेलेपन को किस तरह जीते है। अगर हम अकेलेपन में केवल अपने अकेले होने की भावना महसूस करते रहेंगे तो धीरे-धीरे यह भावना एक अवसाद का रूप ले लेगी। परन्तु जब अकेलापन एकांत के रूप में परिणत होता है तो यह नव-जीवनदायक हो जाता है। यह हमारे आनंद में वृद्धि करता है। हम स्वयं के होने का आनंद अनुभव करते हैं। एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए अकेले आएं हैं और अकेले दुनिया से जाना है अकेला आदमी सुखी होता है क्योंकि मैं जब मैं अकेला रहता हूँ तो शांति की अनुभूति होती है मुझे याद है जब मैं यूनिवर्सिटी ऑफ रूडकी में 1995 में डिसिशन मेकिंग पर पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स करने गया था तब एग्जाम और टास्क इतना कठिन था कि मन को विराम देना जरुरी समझा कितने लोग इसी चक्कर में सिगरेट पीने के आदी हो गए लेकिन इस कोर्स ने ऐसा कठिन बना कि शांति की जरुरत पड़ी और जो समय छुट्टी का था शांति कुंज में जाकर ध्यान से ठीक हो जाता था यह एक प्रोबब्लीटी पर डिसिशन मेकिंग कोर्स था वहाँ सर ने बहुत से इंडस्ट्री का विजिट कराया मार्केट सर्वे किया उस समय यूनिवर्सिटी ऑफ रूडकी था कैंपस में सीबीआरआई के कैंटीन में 12 रुपए में पूरा भोजन मिलता था कोर्स खत्म के बाद शांतिकुंज में 3महीने बिताये जो सबसे बहमूल्य था बाद में मेरे पिताजी लेने आ गए और गुरुदेव ने सन्यास लेने से मना किया अतः इस कारण मैं इस माया के जाल में आज बुरी तरीके से फंस चूका हूँ जब डिसिशन मेकिंग को अपने को तौल कर देखा तो अकेला जीवन शांति से भड़ा था ना ही किसी से संपर्क जब संपर्क ही नहीं तो मोह आएगा कैसे लेकिन सभी लोग ऐ सोचने लगें तो संसार कैसे चलेगा, तादापि ऐ जानते हुए की राम चरित्र मानस की रचना करने वाले गोस्वामी तुलसीदास जी को अपनी स्त्री से फटकार लगी तब भगवान श्री राम के प्रेम रस में डूबकर ही रामचंद्र भगवान का अलख घर घर जल रहा है संसार में अकेला व्यक्ति सुखी क्यों हैं क्योंकि उसे अपने परिवार की चिंता नहीं है और उसे ध्यान करने का पूर्ण समय मिलता है और वो पांचो इन्द्रियों पर काबू पा सकता है और आपका तनाव का मुख्य कारण है काम का बोझ या आशा से अधिक की उम्मीद या परिवार की चिंता, एकांत में ईश्वर पर ध्यान लगाकर आप शांति की अनुभूति करेंगे और मन के अंदर जो भी विष भरा पड़ा है वो बाहर निकलेगा और अन्तःकरण शुद्ध होगा यदि सही से प्रभु राम का ध्यान करेंगे इसलिए स्वामी विवेकानंद ने सन्यासी का जीवन व्यतीत किया और ज्ञान का अपार भंडार से संपूर्ण भारत को नई दिशा दी इसी तरह भगवान बुद्ध ने जब देखा की संसार में सुख से ज्यादा दुःख है तो ज्ञान पाने के लिए महलों में पलने वाले सिद्धाथ ने सब कुछ छोड़कर वर्षों की तपस्या की और शांति का मार्ग पर चलकर विश्व का कल्याण किया अतः ऐ निश्चित है कि संसार मयारूपी है लेकिन माता पिता की सेवा करना आपका फर्ज है और यदि सन्यासी बनने का रास्ता चुनते हैं तो बेशक आपका ध्यान माया के बंधन से मुक्त हो सकता है बसर्ते यदि आप ईश्वर की आराधना करते हैं और मानव के कल्याण हेतु कार्य करते हैं लेकिन ऐसा करने से संसार नहीं चलेगा इसलिए ईश्वर ने नर और नारी की ऐसी रचना की है कि आप उसमें फंसने में सफल हो जाते हैं और आप माया के दलदल में फंस चुके होते हैं मनुष्य का जीवन बहुत मुश्किल से मिला है अतः समय के अनुसार मोह ममता को छोड़कर ईश्वर पर ध्यान केंद्रीत करें जनकल्याण की भावना से संस्कार अच्छे रखें जब भी लोभ या काम का सामना करना पड़े तो हमेशा याद - रखें राम नाम सत्य है।

## चिंतन-मनन

### गहराई में जाएं

गुरू के पास तीन शिष्य आए, बोले, गुरूदेव! हम साधना करना चाहते हैं। कोई साधना का सूत्र बताएं। गुरू ने सोचा, साधना का सूत्र बताने से पहले परीक्षा कर ली जाए। गुरू ने तीनों से एक प्रश्न पूछा, आंख और कान में कितना अंतर है। पहला व्यक्ति बोला, चार अंगुल का। दूसरे ने कहा, कान से आंख ज्यादा काम आती है। आंखों देखी बात बहुत स्पष्ट होती है। आंखों देखी और कानों सुनी बात में बहुत अंतर होता है। तीसरे का जवाब था, आंख से हम देख सकते हैं, किन्तु परमार्थ की बात कान से ही सुन सकते हैं।

गुरू ने पहले व्यक्ति से कहा, तुम अभी व्यापार करो। तुम्हारा नाप-जोख में रस है। तुम साधना के अधिकारी नहीं हो। दूसरे व्यक्ति से कहा, तुम अभी न्याय का काम करो। लोगों के झगड़े सुलझाओ। आंख द्वारा देखे गए प्रमाण ज्यादा सच होते हैं। तीसरे व्यक्ति से कहा, तुम साधना के योग्य हो। मैं तुम्हें आत्मिक ज्ञान दूंगा, क्योंकि तुम परमार्थ की बात में रस लेते हो।

यही कान, यही आंख सबके पास है। यदि आंख सच्चाई को देखने लग जाए, कान परमार्थ की बात को सुनने लग जाए तो नई बातें हमें प्राप्त हो सकती हैं। इसके लिए हमें गहराई में जाना होगा। सतह पर रहने से काम नहीं चलेगा। यदि हम अध्यात्म चिकित्सा या भाव चिकित्सा के क्षेत्र में प्रयोग प्रस्तुत करें तो अध्यात्म की उपयोगिता बढ़ेगी, यह विश्वास प्रबल होता है। यह भौतिकता का नहीं, अध्यात्म का भी एक साम्राज्य है और उसके बिना मनुष्य सुख और शांति का जीवन जी नहीं सकता।

## आज का राशिफल

**मेष** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**वृष** : जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**मिथुन** : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**कर्क** : किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी।

**सिंह** : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

**कन्या** : शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन.देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**तुला** : लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी।

**वृश्चिक** : कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।


**धनु** : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे।

**मकर** : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा।

**कुंभ** : विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है।

**मीन** : कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें।

# राष्ट्रपति चुनाव : कौन होगा विनिंग फेस, ट्रंप या हैरिस



किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत नें 4 जून 2024 को अपना निर्णय सुनाया अब बारी दो महत्वपूर्ण राज्यों महाराष्ट्र में झारखंड की है जहां 20 नवंबर 2024 को मतदान व 23 नवंबर 2024 को परिणाम आने हैं। परंतु पूरे दुनियाँ की नजरें इन दिनों अमेरिका में दो दिनों के बाद यानें 5 नवंबर 2024 को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव पर लगी हुई है। बता दें अर्ली वोटिंग जो अभी 4.3 करोड़ से अधिक हो चुकी है व 4 नवंबर 2024 को इसकी अंतिम तिथि है, फिर सीधा अंतिम चुनाव होगा। चूँकि नए राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण के लिए 20 जनवरी 2025 की तारीख मुकर्रर है, इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, व्हाइट हाउस की रेस, कौन होगा विनिंग फेस, डोनाल्ड ट्रंप या कमला हैरिस।

साथियों बात अगर हम 5 नवंबर 2024 को अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव की करें तो अमेरिका में वॉइट हाउस की रेस अंतिम चरण में पहुंच गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कड़ी टक्कर है। 5 नवंबर को होने वाले चुनाव से पहले ही 4.1 करोड़ सेअधिक अमेरिकी अपने मतपत्र डाल चुके हैं। तमाम चुनाव सर्वेक्षणों के नतीजों को देखते हुए इसे हाल के इतिहास में सबसे कठिन चुनावों में से एक कहा जा रहा है। इस साल वॉइट हाउस की रेस अमेरिका में सबसे असामान्य में से एक रही है। डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपनी बहस में बुरे प्रदर्शन के बाद पार्टी के भारी दबाव के चलते राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रेसिडेंशियल रेस से अपना नाम वापस ले लिया था। इसके बाद डेमोक्रेटिक पार्टी ने कमला हैरिस को अपना उम्मीदवार बनाया था। कमला हैरिस ने पार्टी उम्मीदवार बनने के बाद से ही सभीसर्वेक्षणों में डोनाल्ड ट्रंप को कड़ी टक्कर दी है। हालांकि, दोनों के बीच का अंतर मामूली रह गया है। अमेरिका में चुनाव 5 नवम्बर मंगलवार को होंगे। अमेरिका के संविधान के अनुसार, राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिकी नागरिक नवम्बर के पहले सोमवार के बाद आने वाले मंगलवार को मतदान करेंगे। राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने वाला उम्मीदवार 20 जनवरी को पद की शपथ लेता है और अगले चार साल वॉइट हाउस में सेवा देगा।अमेरिका में चुनाव के बाद 5 नवम्बर को ही वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी, लेकिन यह पता लगने में कई दिन लग सकते हैं कि अगला राष्ट्रपति कौन होगा। आम तौर पर मीडिया हाउस अपने पास मौजूद आंकड़ों के आधार पर चुनाव की रात या अगले दिन राष्ट्रपति चुनाव के विजेता की घोषणा करते हैं। अगर कोई उम्मीदवार 270 या उससे अधिक इलेक्टोरल कॉलेज वोट हासिल करता है, तो उसे चुनाव का विजेता घोषित किया जाएगा।साल 2020 के पिछले राष्ट्रपति चुनाव में 3 नवम्बर को मतदान हुआ था। इसके चार दिन बाद पेंसिल्वेनिया के परिणाम की पुष्टि होने के बाद जो बाइडन को विजेता घोषित किया गया था। राज्य से बाइडन को 20 इलेक्टोरल कॉलेज वोट मिले थे, जिसके उनके कुल वोटो की संख्या जीत के जरूरी 270 को पार कर गई थी। साल 2016 में हिलेरी क्लिंटन ने चुनाव के अगले दिन सुबह ट्रंप से हार स्वीकार कर ली थी। 6 जनवरी 2025 तक कांग्रेस को चुनावी वोटों की गिनती के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के विजेता की आधिकारिक घोषणा करनी होगी।

साथियों बात कर हम अमेरिका में 4 नवंबर 2024 तक चलने वाली तेज अर्ली वोटिंग की करें तो, अमेरिका में चुनावी रेस अक्सर कुछ सूबों की लड़ाई भी कही जाती है। अमेरिका के 50 सूबों में से अधिकतर में किसी एक दल के रजिस्टर्ड मतदाताओं की बहुलता के कारण उनके नतीजे प्रत्याशित ही होते हैं। ऐसे में कई सूबों का रंग लाल (रिपब्लिकन) है या नीला (डेमोक्रेट), यह लगभग तय ही है। मगर कुछ सूबे पर्पल (बैंगनी) स्टेट्स कहे जाते हैं यानी ऐसे राज्य जहां रिपब्लिकन व डेमोक्रैटिक पार्टी के वोटर लगभग बराबर हैं। स्विंग स्टेट को जीतना उम्मीदवार के लिए चुनौती। राष्ट्रपति पद के किसी भी उम्मीदवार के लिए इन बैटल ग्राउंड स्टेट्स या स्विंग स्टेट को जीतना ही सबसे बड़ी चुनौती होता है। क्योंकि यह ऐसे सूबे हैं जहां नतीजे रिपब्लिकन और डेमोक्रेट पार्टियों के बीच पाले बदलते रहे हैं। हर उम्मीदवार इन सूबों में ही प्रचार पर खास ध्यान देता है। कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप के बीच चल रहे चुनावी मुकाबले में इस बार एरिजोना,जॉर्जिया, मिशिगन पैनसिल्वेनिया, नॉर्थ कैरोलाइना समेत 7 सूबों को निर्णायक कहा जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ताजा आंकड़े बताते हैं कि जॉर्जिया पैनसिल्वेनिया और एरिजोना जैसे स्विंग सूबों में मतदाताओं ने अर्ली वोटिंग में खासा उत्साह दिखाया है। इनमें भी बड़ी संख्या महिलाओं की है। एरिजोना में जहां रिपब्लिकन पार्टी के मतदाताओं ने बड़ी संख्या में डाक मतों का इस्तेमाल किया है, वहीं पैनसिल्वेनिया में डाक मतों का इस्तेमाल करने वालों में डेमोक्रेटिक पार्टी के पंजीकृत वोटरों की संख्या काफी ज्यादा है। स्विंग स्टेट्स में अर्ली वोटिंग के आंकड़े न केवल उम्मीदवारों की चुनावी ताकत की बानगी दिखाएंगे, बल्कि इस बात के भी संकेत भी दे देंगे कि दोनों में से कौन अंतर को पाट सकेगा देखना होगा।

साथियों बात अगर हम अमेरिका व भारत में होने वाले आम चुनाव में अंतर की करें तो,भारत और अमेरिका के चुनाव में सबसे बड़ा अंतर तो ताकतवर दफ्तर के लिए उम्मीदवारों के चयन में ही नजर आ जाता है। भारत में चुनावी बहुमत हासिल करने वाले दल के सांसद जिसे अपना नेता चुनते हैंवो प्रधानमंत्री बनता है। वहीं अमेरिका में कोई भी व्यक्ति राष्ट्रपति पद के लिए अपनी दावेदारी का खुद ऐलान करता है। जीत जाए तो वही राष्ट्रपति बनता है। यानें अमेरिका में जनता राष्ट्रपति पद के लिए पसंदीदा उम्मीदवार के नाम पर वोट देती है। राष्ट्रपति पद का दावेदार अपनी पार्टी चुनने के साथ ही शुरूआत में अपने चुनाव के लिए खुद ही फंड भी जुटाता है और प्रचार भी करता है। उसकी लोकप्रियता और जन समर्थन का पलड़ा तौलने के बाद रिपब्लिकन या डेमोक्रेटिक पार्टी उसकी पीठ पर हाथ रखती है। यानें अपने अधिवेशन में औपचारिक तौर पर उसकी उम्मीदवारी पर मुहर लगाती हैं। अमेरिका में चुनाव के लिए मतदान की व्यवस्था लगभग वैसी ही है जैसी भारत में होती है।यानें मतदान एक निर्धारित केंद्र पर किया जाता है। इसके अलावा डाक से भी लोग वोट देते हैं। अंतर है तो बस अर्ली वोटिंग यानें तय तिथि से पूर्व मतदान का।साल 2020 में कोविड काल में हुए राष्ट्रपति चुनाव में रिकॉर्ड संख्या में लोगों ने डाक मतपत्रों का इस्तेमाल किया। इसके बाद से डाक-मतपत्र सुविधा को लेकर रुझान बढ़ा है। अमेरिका में अर्ली वोटिंग यानें तय मतदान तिथि से पहले भी एक नियत अवधि में वोट दे सकते हैं। इसके तहत 4.3 करोड़ से ज्यादा लोगों ने मत डाले हैं। इनमें एक बड़ी संख्या उनकी है जिन्होंने बूथ पर जाकर वोट दिया, जबकि कई ने डाक मतों का उपयोग किया। अर्ली वोटिंग 4 नवंबर तक चलेगी।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव 5 नवंबर 2024-व्हाइट हाउस की रेस,कौन होगा विनिंग फेस, ट्रंप या हैरिस। अमेरिकी चुनावीं जंग चरम पर पहुंची-नए राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण के लिए 20 जनवरी 2025 की तारीख मुकर्रर है। अमेरिका में अर्ली वोटिंग 4 नवंबर 2024 तक होगी,अभी तक 4.1 करोड़ से अधिक अर्ली वोटिंग होना दर्शाता है चुनावी सक्रियता में वोटरों की रुचि चरम पर है।

# कालापानी की सजा काट कर जिन्होंने भगत सिंह व राजगुरु जैसे क्रांतिकारी तैयार किये

रमेश शर्मा

क्रांतिकारी भाई परमानन्द के जन्म दिवस (4 नवंबर 1876) पर विशेष



भारत की स्वतंत्रता के लिये असंख्य बलिदान हुये। इनमें कुछ बलिदानी ऐसे भी हैं जिनकी पीढ़ियों ने राष्ट्र, संस्कृति और स्वत्व के लिये अपना जीवन समर्पित कर दिया। भाई परमानंद ऐसे ही महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हैं, जिनकी हर पीढ़ी ने राष्ट्र रक्षा के लिये जीवन समर्पित किया।

ऐसे सुप्रसिद्ध क्राँतिकारी भाई परमानन्द का जन्म 4 नवम्बर 1876 को झेलम जिले के करियाला गाँव में हुआ। यह क्षेत्र अब पाकिस्तान में है। राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिये भाई जी की हर पीढ़ी ने बलिदान दिया है। गुरु तेगबहादुर के साथ अपने प्राणों की आहुति देने वाले भाई मतिदास उनके पूर्वज थे। उनके परिवार की ऐसी कोई पीढ़ी नहीं जिसने इस राष्ट्र के लिये बलिदान न दिया हो। भाई सतिदास, भाई बालमुकुन्द जैसे बलिदानी भी इसी वंशवृक्ष के अंग थे। भाई परमानंद के पिता भाई ताराचंद ने अपनी किशोर वय में 1857 की क्रान्ति के संदेशवाहक के रूप में भूमिका निभाई थी। उस क्रान्ति की असफलता के बाद वे आर्य समाज से जुड़े और भारत के साँस्कृतिक गौरव जागरण में लग गये।

राष्ट्र और संस्कृति के लिये समर्पित भाई परमानन्द जी बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपने लिये दो भूमिकाएँ निश्चित कीं। पहले आर्य समाज और वैदिक धर्म के अनन्य प्रचारक बने, वे एक आदर्श शिक्षक, इतिहास, संस्कृति और साहित्य मनीषी थे। साथ उन्होंने राष्ट्र और सांस्कृतिक जन जागरण के लिये युवकों की टोलियाँ तैयार कीं। सरदार भगत सिंह, सुखदेव, पं. रामप्रसाद 'बिस्मिल', करतार सिंह सराबा जैसे असंख्य राष्ट्रभक्त युवकों के वे उनसे प्रेरणा स्रोत थे। आपने हिंदी में भारत का इतिहास लिखा है। इतिहास-लेखन में आप राजाओं, युद्धों और केवल जीवनवृत्त विवरण को ही प्रधानता नहीं देते थे। वे भारत की परंपराओं और सांस्कृतिक गौरव से समाज को अवगत कराना चाहते थे। वे कहते थे कि इतिहास में मानवीय भावनाओं, इच्छाओं, आकांक्षाओं, संस्कृति गौरव एवं सभ्यता की गुणवत्ता को अधिक महत्व दिया जाना चाहिए।

1902 में भाई परमानन्द ने पंजाब विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की और लाहौर के दयानन्द एंग्लो महाविद्यालय में शिक्षक नियुक्त हो गये। भारत की प्राचीन संस्कृति तथा वैदिक धर्म में आपकी रुचि देखकर महात्मा हंसराज ने आपको भारतीय संस्कृति का प्रचार करने के लिए अक्टूबर 1905 में अफ्रीका भेजा। डरबन में भाईजी की गांधीजी से भेंट हुई। अफ्रीका में भाईजी प्रमुख क्रांतिकारियों सरदार अजीत सिंह, सूफी अंबाप्रसाद आदि के संपर्क में आए। इन क्रांतिकारी नेताओं से संबंध तथा क्रांतिकारी दल की कार्यवाही पुलिस की दृष्टि से छिप न सकी। अफ्रीका से भाई परमानन्द जी लन्दन चले गए। वहाँ उन दिनों श्यामजी कृष्ण वर्मा तथा विनायक दामोदर सावरकर क्रान्तिकारी कार्यों में सक्रिय थे। भाई जी इन दोनों के सम्पर्क में आये। एक संकल्प लेकर 1907 में भारत लौटे। लौटकर दयानन्द वैदिक महाविद्यालय में शिक्षण कार्य के साथ वे युवकों में राष्ट्र और सांस्कृतिक गौरव बोध जगाने के कार्य में जुट गये।

इसी बीच सरदार अजीत सिंह तथा लाला लाजपत राय से उनकी निकटता बढ़ी। इससे वे पुलिस की नजर में आ गये। 1910 में पुलिस ने उन्हे लाहौर से गिरफ्तार कर लिया किन्तु कोई आरोप प्रमाणित न हो सका और वे जमानत पर रिहा हो गये। रिहाई के बाद भाईजी अमरीका चले गये। वहाँ जाकर प्रवासी भारतीयों के बीच वैदिक धर्म के प्रचार अभियान में जुट गये। वहाँ आपकी भेंट प्रख्यात क्रांतिकारी लाला हरदयाल से हुई। उन दिनों वहाँ भारत की स्वाधीनता के लिए अभियान चलाने और संगठन तैयार करने की योजना चल रही थी। लाला हरदयाल ने भाईजी को भी इस दल में सम्मिलित कर लिया। इस दल में करतार सिंह सराबा, विष्णु गणेश पिंगले जैसे कार्यकताओं ने भारत की स्वाधीनता के लिए अपना जीवन समर्पित करने का संकल्प लिया। भाईजी पुनः 1913 में भारत लौटे और लौटकर लाहौर में क्रान्ति के लिये युवकों की टोली तैयार करने में जुट गये। उन्होंने इसके लिये देशभर की यात्राएँ कीं तथा यात्रा के बीच ही 1914 में 'तवारीख-ए-हिन्द' नामक ग्रंथ की रचना की जो इतिहास की एक प्रेरणादायी पुस्तक है।

भारत में क्रांति करने के उद्देश्य से गदर पार्टी का गठन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में युवकों की टोली तैयार हो गई। भाईजी इस पार्टी के अग्रणी नेताओं में थे। उन्होंने पेशावर में क्रान्ति के नेतृत्व का दायित्व स्वयं लिया। इसकी भनक पुलिस को लगी और भाईजी 25 फरवरी 1915 गिरफ्तार कर लिये गये। उन पर अमरीका तथा इंग्लैण्ड में अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध षड्यन्त्र रचने, करतार सिंह सराबा तथा अन्य अनेक युवकों को सशस्त्र क्रान्ति के लिए प्रेरित करने, आपत्तिजनक साहित्य की रचना करने जैसे आरोप लगे और फाँसी की सजा सुना दी गई। इसकी प्रतिक्रिया देशभर में हुई। पुनर्विचार याचिका भी लगी और फाँसी की सजा आजीवन कारावास में बदल गई। दिसम्बर, 1915 में उन्हें अण्डमान जेल भेज दिया गया। जहाँ उन्हें अमानवीय यातनाएँ दीं गई । इधर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती भाग्यसुधि ने धनाभाव के बावजूद स्वाभिमान और साहस के साथ अपने परिवार के पालन-पोषण का दायित्व निभाया।

अण्डमान की काल कोठरी में भाईजी ने 'मेरे अन्त समय का आश्रय' नामक ग्रन्थ की रचना की। जेल में बंदियों पर होने वाले अमानवीय अत्याचारों के विरुद्ध भाईजी ने दो महीने का भूख हड़ताल की। गान्धीजी को जब कालापानी में इन अमानवीय यातनाएँ दिए जाने का समाचार मिला तो उन्होंने 19 नवम्बर 1919 के 'यंग इंडिया' में एक लेख में इन यातनाओं की भर्त्सना की। उन्होंने भाईजी की रिहाई की भी माँग की। प्रथम विश्वयुद्ध के संदर्भ में भारतीय जेलों में राजनैतिक बंदी रिहा किये गये। भाईजी भी 20 अप्रैल 1920 को कालापानी जेल से मुक्त कर दिये गये।

अंडमान जेल के पाँच वर्षों में भाईजी ने जो अमानवीय यातनाएँ सहन कीं, उनपर भी उन्होने 'मेरी आपबीती' नामक पुस्तक की रचना की, उसका वर्णन पढ़कर रौंगटे खड़े होते हैं। इनका उल्लेख प्रो. धर्मवीर द्वारा लिखित पुस्तक 'क्रान्तिकारी भाई परमानन्द' ग्रन्थ में है। जेल से मुक्त होकर भाईजी ने पुनः लाहौर को अपना कार्यक्षेत्र बनाया। लाला लाजपतराय भाई जी के अनन्य मित्रों में थे। उन्होंने राष्ट्रीय विद्यापीठ की स्थापना की तो उसका कार्यभार भाईजी को सौंपा गया। इसी महाविद्यालय में भगतसिंह एवं सुखदेव आदि पढ़ते थे। भाईजी ने उन्हें सशस्त्र क्रान्ति के यज्ञ में आहुति देने के लिए प्रेरित किया था। भाई जी ने 'वीर बन्दा वैरागी' पुस्तक की रचना की, जो पूरे देश में चर्चित रही। इसी बीच असहयोग आंदोलन आरंभ हुआ लेकिन इस आन्दोलन के साथ खिलाफत आंदोलन के जुड़ने का भाईजी ने कड़ा विरोध किया। इसके लिए उन्होंने लेख लिखे और सभाएँ कीं। भाईजी पर इसकी प्रतिक्रिया इतनी तीव्र हुई कि उन्होंने हिन्दू संगठन के महत्व पर बल दिया और 'हिन्दू' पत्र का प्रकाशन प्रारंभ कर दिया। इस पत्र में देश को खण्डित करने के षड्यन्त्रों को उजागर किया।

# समृद्धि के उजाले के बावजूद धनाढ्यों का पालन क्यों?

ललित गर्ग

भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने के साथ समृद्धि और संपन्नता के नये शिखरों पर आरोहण कर रहा है। भारत की आर्थिक प्रगति सकारात्मक दिशा में बढ़ रही है। हालिया आंकड़ों के अनुसार, देश में सोने का भंडार नई ऊंचाई पर पहुंच गया है, दूसरी तरफ डीमैट खातों और स्टार्टअप की संख्या में भी तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इन सकारात्मक दिशाओं एवं आर्थिक उजालों के बीच कुछ देश की सोचने वाली स्थितियां भी हमें आत्ममंथन को प्रेरित कर रही है। ऐसी ही एक सोचनीय एवं चिन्ताजनक स्थिति है कि देश की बढ़ती शोभा एवं सम्पन्नता के बावजूद अमीर व प्रतिभावान लोग देश छोड़कर क्यों जा रहे हैं? वर्ष 2023 में करीब इक्कावन सौ के लगभग करोड़पतियों ने देश छोड़ा और वर्ष 2024 में तैयालिस सौ करोड़पतियों के भारत से पलायन करने का अनुमान है। यह हमारी संपन्नता का ही क्षरण एवं हमारी आर्थिक विकासमूलक यात्रा पर एक बदनुमा दाग है। इन स्थितियों पर नियंत्रण जरूरी है और इसके लिये हमें अपनी कमियों के प्रति ज्यादा ईमानदार होना पड़ेगा।

सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था की सुनहरी तस्वीर निर्मित करने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। बुनियादी ढांचागत विकास को प्राथमिकता देने के लिये हमें मौजूदा सरकार की सराहना करनी ही चाहिए। आर्थिक वृद्धि को आवश्यक आधार प्रदान करने के साथ ही बुनियादी ढांचागत परियोजनाएं रोजगार सृजन के दृष्टिकोण से भी आवश्यक होती है। मोदी सरकार की नियोजित एवं दूरगामी सोच का ही परिणाम है रिजर्व बैंक के पास सोने के भंडार में लगातार वृद्धि हो रही है, पूर्व सरकारें देश का सोना गिरवी रखती रही है, लेकिन मोदी सरकार देश का सोना विदेशों से स्वदेश लाने के अनूठे उपक्रम किये हैं, यही कारण है कि रिजर्व बैंक के पास सितंबर में सोने का भंडार 854.73 टन था। इसमें से 510.46 टन देश में है, बाकी 324.01 टन सोना विदेशी बैंकों में है। आरबीआई सोना खरीदने वाले पांच शीर्ष केंद्रीय बैंकों में से एक है। भारतीयों के पास घरों में 25 हजार टन से ज्यादा सोना है। यह स्वर्ण भंडार में पहले पायदान पर खड़े अमेरिका के 8,965 टन से तीन गुना है।

भारत में आर्थिक गतिविधियां नये शिखरों पर सवार है, क्योंकि भारत में डीमैट खाते 17 करोड़ के पार पहुंच चुके हैं। देश के कुल डीमैट खाते अब अन्य देशों की तुलना में नौवें स्थान पर हैं, जिसका मतलब है डीमैट खाते रूस, जापान, इथियोपिया, मैक्सिको जैसे देशों की आबादी से अधिक और बांग्लादेश की आबादी के करीब है। वर्ष 2024 में 3.18 करोड़ नए डीमैट खाते खोले गए। पिछले वर्ष 3.10 करोड़ डीमैट खाते खोले गए थे। भारत दुनिया तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 1,40,000 से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप और हर 20 दिन में एक यूनिकॉर्न उभरता है। यूनिकॉर्न उन स्टार्टअप को कहा जाता है, जिनका मूल्यांकन एक अरब डॉलर हो जाता है। इस बार जनवरी से सितम्बर के बीच छह स्टार्टअप यूनिकॉर्न बन गए। भारतीय तकनीकी स्टार्टअप ने 2024 की पहली छमाही में 4.1 अरब डॉलर की फडिंग जुटाई जो बीते वर्ष की इसी छमाही से 4 फीसदी ज्यादा है। फडिंग जुटाने में भारत का चौथा स्थान है। इन उजले आंकड़ों में जहां मोदी के विजन 'हर हाथ को काम' का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर भारत ने अनेक क्षेत्रों में नये कीर्तिमान स्थापित किये है। लेकिन श्रम शक्ति की ओर ज्यादा तवज्जों देने की जरूरत है। क्योंकि जीडीपी देश के आम नागरिकों की समृद्धि का पैमाना नहीं है। जिस पैमाने से देश के आम लोगों की समृद्धि मापी जाती है उसे प्रति व्यक्ति आय कहते हैं। इसमें दिहाड़ीदार मजदूर, कामकाजी लोग, महिलाओं की स्थिति से लेकर औद्योगिक घराने की कमाई तक सब शामिल रहते हैं। बहुत सारे लोग औसत से अधिक कमाते हैं और बहुत सारे लोग कम।

## सूडोकू नवताल- 7239

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल -7238 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## संक्षिप्त खबरें

### 3 दिन से लापता 58 वर्षीय व्यक्ति का शव मरनिया आहर से बरामद

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना की पुलिस ने चैनपुर थाना क्षेत्र के रबदा गांव निवासी मुरारी चौधरी उम्र 58 वर्ष का शव मरनिया आहर से रविवार की सुबह बरामद किया है। वह तीन दिन से अपने घर से लापता थे। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि मुरारी चौधरी शुक्रवार की शाम से अपने घर से लापता थे।लापता होने के बाद परिजनों के द्वारा उनका काफी खोजबीन किया गया।इसके बाद भी उनका कुछ पता नहीं चल पाया। खोजबीन करने के बाद भी उनका पता नहीं चलने पर परिजनों के द्वारा इस घटना की जानकारी चैनपुर थाना की पुलिस को दी गई।जानकारी मिलने पर पुलिस मुरारी चौधरी की खोजबीन में जुट गई। इसी बीच रविवार की सुबह रबदा गांव के ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया कि मुरारी चौधरी का शव गांव के ही मरनिया आहार में पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर चैनपुर थाना के एएसआई आरसी चौधरी अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से शव को आहार से बाहर निकलवा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।वहीं इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

### चहुमुखी विकास के लिए एक बार नेता नहीं बेटा को चुनेः रूचिर तिवारी



**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी विधानसभा का प्रधान कार्यालय पांकी रोड बारालोटा में किया गया कार्यालय का उद्घाटन वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह ने किया। मौके पर विधायक उम्मीदवार रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि आम जनता के आशीर्वाद से मैं चुनाव लड़ रहा हूं और जनता के द्वारा भारी जन समर्थन मिल रहा है। दूसरे प्रतिनिधि चाहे भाजपा के कांग्रेस के या निर्दलीय उम्मीदवार हो उनके पास विकास का कोई एजेंडा नहीं है कैसे पलामू को रोजगार मिलेगा कैसे खेतों में पानी मिलेगा और कैसे आम जनता मेहनतकश अवाम के पास सभी सरकारी सुविधा मुहैया हो पाएगी इन पर कोई ध्यान नहीं दिया पूर्व प्रतिनिधियों का सिर्फ एक ही एजेंडा है की विधायक बनने के बाद अपने लिए अचूक संपत्ति अर्जित करना और जनता को टैक्स के बोझ तले लाद कर रखना। किसान नेता रामराज तिवारी ने कहा कि सबको देखा बारी-बारी अबकी बार रूचिर तिवारी। राज कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह ने कहा कि निगम क्षेत्र में विकास के लिए एक बार रुचिर तिवारी को चुने। चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि युवाओं के रोजगार के लिए एक बार हसिवा वाली छाप पर बटन दबाए। अभय कुमार भूइंया ने कहा कि दलित आदिवासी गरीब मजदूर के विकास के लिए सीपीआई को चुने। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद चैनपुर ,रामगढ़ बेड़मा बभंडी चौपरिया,सुदन,शहीत दर्जनों गांव में जनसंपर्क अभियान किया,। जनसंपर्क कार्यक्रम में, त्रिपुरारी तिवारी,आलोक कुमार तिवारी अश्वनी त्रिपाठी, लक्ष्मण तिवारी, शंकर सेठ, शंकर चंद्रवंशी, नंद कुमार चौबे, कृष्णा तिवारी, अधिवक्ता गंगाधर तिवारी, श्याम किशोर तिवारी, सहित सैकड़ों लोग थे।

# भाई की दीर्घायु के लिए बहनों ने कुटा गोधन

## मिष्ठान भंडार में मिठाई खरीदने के लिए बहनों की उमड़ी भीड़



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में भैया दूज का त्योहार रविवार को धूमधाम से मनाया गया। पूरे विधि विधान पूर्वक बहनों ने मंदिरो में एवं अपने घरों में पूजा-अर्चना की। बहनों ने रोली एवं अक्षत से भाई का तिलक कर उनकी लंबी उम्र और उज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

भाइयों ने भी बहनों को आकर्षक उपहार भेंट किए। वहीं भाई दूज पूजा की परंपरा का निर्वहन भी महिलाओं ने आस्था व विश्वास से किया।जगह-जगह सामूहिक रूप से युवतियों व महिलाओं का जमावड़ा लगा रहा।पूजा के दिन महिलाओं ने गोबर से चौकोर आकृति के बीच यम और यमी के अतिरिक्त सांप, बिच्छू आदि की प्रतिमा बनाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया।

पूजन के दौरान गोबर से बनी आकृति के भीतर चना, ईख, नारियल, सुपारी व भटकटया आदि को भी रखा गया, जिसके चुभन को महसूस कर बहनें अपने भाइयों को कोसती रहीं। इस दौरान महिलाओं ने गीत व भजन भी गाए और गोधन कूटने के बाद उसमें डाले गए चने को निकालकर भाइयों को खिलाया।

भाई दूज पर बहनें पहले अपने भाइयों को मरने का श्राप देती हैं और खूब कोसती हैं।

परंपरा के अनुसार श्राप देने और कोसने के बाद माफी भी मांगती हैं।

उसके बाद अपनी जीभ पर कांटा चुभाती हैं और कहती हैं-जिस मुंह से श्राप दिया उसमें कांटा गड़ जाए. मान्यताओं के अनुसार भाइयों को कोसने के बाद मृत्यु का भय नहीं रहता है।

भगवान यम से बहनें फिर प्रार्थना भी करती हैं कि उनके भाईयों को किसी प्रकार का डर न रहे।वही भाई दूज त्यौहार को लेकर शहर के पंच मुहान चौक स्थित मोती मिष्ठान भंडार के संचालक प्रभात गुप्ता ने बताया कि रविवार की सुबह से ही हमारे दुकान पर मिठाई खरीदने के लिए बहनों की उमड़ी हुई थी।

बहनों ने अपने भाई के लिए लड्डू खरीदने के साथ ही अन्य प्रकार की मिठाइयां खरीदी।ताकि भाई को वह मिठाई पसंद आए।

## ब्रह्मदेव प्रसाद की जीत के लिए पत्नी रजनी देवी का सघन जनसंपर्क अभियान



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद की पत्नी रजनी देवी ने अपने जनसंपर्क अभियान में ताबड़तोड़ रफ्तार पकड़ ली है।उन्होंने बरडीहा प्रखंड के बभनी, लालगाड़ा, सरसतिया, लोका, बरछाबंध, लावा चम्पा, आदर, सेमरी, जतरो बंजारी, नावाडीह, सुखनादि, लेवा टांड़ और खरड़िया जैसे क्षेत्रों का दौरा किया और स्थानीय लोगों से मुलाकात कर समर्थन मांगा।जनता से संवाद करते हुए रजनी देवी ने वादा किया कि यदि वे जीतते हैं तो उनके पति ब्रह्मदेव प्रसाद गरीबों, शोषितों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

उन्होंने मतदाताओं से आग्रह किया कि 13 नवंबर को बैटरी टॉर्च के निशान का बटन दबाकर उन्हें विजयी बनाएं। उनका चुनाव चिन्ह ईवीएम पर 13वें स्थान पर है। रजनी देवी ने क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं जैसे सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने युवाओं और महिलाओं के लिए योजनाओं पर चर्चा की और भरोसा दिलाया कि ब्रह्मदेव प्रसाद के नेतृत्व में क्षेत्र में विकास की नई संभावनाएं और अवसर उत्पन्न होंगे।चुनावी माहौल में जनता के बीच जोश और समर्थन का माहौल देखा जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने ब्रह्मदेव प्रसाद को पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया है, जिससे पार्टी के कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ गया है।

## अपहरण मामले में तीन व्यक्ति गिरफ्तार



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नावाबाजार थाना की पुलिस ने 3 वर्ष के बच्चे को अपहरण करने के मामले में तीन व्यक्ति को गिरफ्तार कर उन्हें रविवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने बताया कि चेचरिया गांव निवासी करेश भुईया 1 नवंबर को नावाबाजार थाना में अपनी 3 वर्षीय पोती के गायब होने के संबंध में एक लिखीत आवेदन दिया गया था।जिसमें वह अपने गांव के ही 01. सुदय भुईया, 02. शंकर राम एवं इनके एक अन्य साथी द्वारा पोती को बेचने के नियत से अपहरण कर लेने का संदेह जाहिर किया था।इस संदर्भ में नावाबाजार थाना कांड संख्या-77/24 दर्ज किया गया। अनुसंधान के क्रम में सुदय भुईया एवं शंकर राम द्वारा अपने अन्य साथी राजू भुईया, पता-लोहराही, थाना-छतरपुर के साथ मिलकर उक्त बच्ची को बेचने के नियत से अपहरण करने की बात स्वीकार की गई तदोपश्चात तकनिकी शाखा एवं गुप्त सूचना के आधार पर कांड के अपहीत बच्ची को दिनांक-02/11/2024 को ग्राम तुलबुला, थाना-नावाबाजार स्थित जंगल से अभियुक्त राजू भुईया के पास से सही सलामत बरामद किया गया।गिरफ्तार आरोपियों में सुदय भुईया, उम्र 35 वर्ष, पिता स्व० प्रसाद भुईया, सा०-चेचरीया, थाना-नावाबाजार 02. शंकर राम, उम्र-50 वर्ष, पिता तपेश्वर राम, सा०-चेचरीया, थाना-नावाबाजार 03. राजू भुईया, उम्र 32 वर्ष, पिता-मुलर भुईया, सा०-लोहराही, थाना-छतरपुर जिला पलामू का नाम शामिल है।

## सड़क दुर्घटना में राजा हॉस्पिटल के महिला स्टाफ घायल

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर में रविवार की सुबह सड़क दुर्घटना में राजा हॉस्पिटल के महिला स्टाफ गढ़वा जिला के छपरदग्गा गांव निवासी मनोज शर्मा की पत्नी कुमारी बिना शर्मा उम्र 30 वर्ष घायल हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायल महिला को इलाज के लिए मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के बाद महिला खतरे से बाहर है।वहीं घटना की जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में घायल कुमारी बिना शर्मा का इलाज अपने देखरेख में करवा रहे हैं।

## मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया निः शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रविवर को शहर के डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क ह्य में मारवाड़ी युवा मंच ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया ' यह सुबह 6:00 बजे से 7:00 बजे तक लगया गया था ' मंच द्वार यह शिविर, हर माह दो बार लगाया जाता है। यह निशुलक स्वास्थ्य जांच शिविर ,जैसे सब शहर वासी ह्लडायबिटीज क्लबह्व के नाम से जानते हैं, यह हर माह के प्रथम और तृतीया रविवर को शहर के नामी स्थलह्व बीआर अंबेडकर पार्क ह्ल(प्रथम रविवर) और बेलवाटिका स्थित ह्लगांधी उद्यान पार्कह्व(तीसरा रविवार)मैं लगया जाता है 'मारवाड़ी युवा मंच के डायबिटीज क्लब प्रभारी रवि कामदार ने बताया कि मंच यह शिविर नियामित रूप से पिछले काई माहिनो से लगता आया है ' उन्हें बड़े हर्ष के साथ बताया गया कि इस शिविर के माध्यम से काई लोगों में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आई है। लगभाग 70 से अधिक लोग इस शिविर से हर योजना मे शामिल हैं , जिसमें बूढ़े , बच्चे पुरुष , महिला सभी शामिल हैं ' मंच के सदस्य नीरज कामदार ने कहा कि मंच यूं ही हर माह यह सेवा का कार्यक्रम अयोजित करता है ओर उनहोने मंच की तरफ से सभी शहर वासियों को इस योजना से जुड़ने और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का अनुरोध किया है। आज इस आयोजन में मंच से सज्जन संघई, विकाश उदयपुरी, रवि कामदार, अशोक हाजीपुरिया, पीयूष तुलस्यान,नीरज कामदार,ज्ञान चंद भूत,अरुण संघई, मनोज अग्रवाल, लैब तकनीशियन ललन जी एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया ने किया जनसंपर्क अभियान



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर बाजार में छठ महापर्व के पावन अवसर पर अध्यक्ष अमित सोनी के नेतृत्व में महान क्लब द्वारा छठ पूजा की सामग्रियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी आलोक चौरसिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और छठ व्रतियों को इस सेवा कार्य से विशेष सहयोग मिला। छठ पर्व की इस महत्वपूर्ण पहल ने न केवल व्रतियों के बीच, बल्कि पूरे समुदाय में एकता और सहयोग की भावना को और प्रबल किया।महान क्लब के अध्यक्ष अमित सोनी ने बताया कि छठ महापर्व पर हर वर्ष की तरह इस बार भी जरूरतमंद व्रतियों के लिए पूजा की सामग्री उपलब्ध कराई गई है, जिसमें ठेकुआ, सूप, नारियल, फल और अन्य आवश्यक सामग्री शामिल हैं।

उन्होंने कहा की छठ पर्व हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इस आयोजन के माध्यम से हम अपने समाज के व्रतियों को सहयोग देकर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं।

भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया ने इस अवसर पर उपस्थित होकर न केवल श्रद्धालुओं से मुलाकात की, बल्कि अपने चुनावी अभियान के लिए जनता से समर्थन और आशीर्वाद भी मांगा। उन्होंने कहा की छठ पूजा हमारी सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है और यह पर्व हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने की प्रेरणा देता है। ऐसे पावन अवसर पर जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करना और आशीर्वाद प्राप्त करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।आलोक चौरसिया ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा के विकास-आधारित एजेंडे पर प्रकाश डाला और बताया कि पार्टी का उद्देश्य हर क्षेत्र और हर व्यक्ति के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि उन्हें जनता का समर्थन और विश्वास प्राप्त होता है, तो वे अपने क्षेत्र में विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने भाजपा की नीतियों के बारे में बताते हुए कहा कि पार्टी का उद्देश्य हर तबके के विकास और उत्थान को सुनिश्चित करना है।छठ पूजा के इस अवसर पर उपस्थित लोगों के बीच आलोक चौरसिया ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए जनता से अपील की कि 13 नवंबर को चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को समर्थन दें और क्षेत्र के समग्र विकास में भागीदार बनें।

इसके बाद उन्होंने रामगढ़ में जनसंपर्क अभियान चलाया, जहां उन्होंने घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की और भाजपा के प्रति समर्थन की अपील की।रामगढ़ के नागरिकों ने आलोक चौरसिया का स्वागत गर्मजोशी से किया और उनके प्रति समर्थन जताया। आलोक चौरसिया ने भी अपनी ओर से जनता के इस सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा की जनता का यह समर्थन ही हमारी ताकत है और इसी सहयोग से हम अपने क्षेत्र के विकास के लिए कदम आगे बढ़ाते रहेंगे।चैनपुर और रामगढ़ के जनसंपर्क अभियान के दौरान आलोक चौरसिया के साथ कई भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल रहे, जिन्होंने अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी से जनता के बीच पार्टी के प्रति समर्थन का माहौल तैयार किया। छठ पर्व के इस आयोजन और जनसंपर्क अभियान ने आलोक चौरसिया के पक्ष में एक सकारात्मक माहौल बना दिया है, जिससे भाजपा की उम्मीदें और भी मजबूत हो गई हैं।

## महिला के साथ धोखाधड़ी और पैसा की ठगी करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिषमा रमेशन के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने पैसा की ठगी कर गबन करने के आरोप में बिहार राज्य के कृष्णा नगर जिला भोजपुर निवासी विजय कुमार सिंह के पुत्र अभिषेक कुमार सिंह को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।वही दूसरे आरोपी संतोष कुमार गिरी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस छापामारी कर रही है।

इस संबंध में सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि शहर थाना क्षेत्र के दो नंबर टाउन निवासी मधेश्वर शाह के पत्नी रेनू शाह के द्वारा बिहार राज्य के भोजपुर जिला निवासी अभिषेक कुमार सिंह और दरभंगा जिला के संतोष गिरी के खिलाफ सदर थाना में धोखाधड़ी और पैसा ठगी करने का मामला दर्ज कराया गया था।तब से आरोपी अभिषेक कुमार सिंह और संतोष गिरी फरार चल रहे थे।

इसी बीच शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर अभिषेक कुमार सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।जबकि संतोष गिरी को पकड़ने के लिए सदर थाना की पुलिस लगातार छापामारी अभियान चला रही है। छापामारी अभियान में एएसआई नबी अंसारी, हवलदार राजमोहन राम, पुलिस जवान राजेश उरांव, चालक अर्जुन राम शामिल थे।

## शत प्रतिशत मतदान के लिए चंदवा प्रखंड में निकाली गई डेमोक्रेसी रैली




संवाददाता

**लातेहार।** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत आज चंदवा प्रखंड कार्यालय से डेमोक्रेसी रैली को उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।डेमोक्रेसी रैली उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सुरजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। डेमोक्रेसी रैली के दौरान जिला स्तरीय पदाधिकारी,छात्र-छात्राओं ने सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दोह्व, ह्लउम्र 18 पूरी हैं वोट देना जरूरी हैंह्व आदि नारे लगाए। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता संबंधित स्लोगन लिखी तख्तियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया गया।इस डेमोक्रेसी रैली का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना है। हम सभी को अपने कर्तव्य का निर्वाह करते हुए मताधिकार का प्रयोग कर एक सशक्त भारत के निर्माण में भूमिका निभानी चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में उप विकास आयुक्त ने सभी को निष्पक्ष और निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ दिलाते हुए कहा कि हम सभी अपने आस पड़ोस के लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करें।इस दौरान उप विकास आयुक्त के द्वारा गुब्बारे उड़ाकर लोगों के बीच मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। 13 नवंबर को लोकतंत्र के महापर्व में शत प्रतिशत मतदान में सहभागिता के लिए मतदाताओं को जागरूक किया गया। मतदाता जागरुकता अभियान के तहत प्रखंड कार्यालय, चंदवा से डेमोक्रेसी रैली निकाली गई। इस बृहद आयोजन में विभिन्न चौकझचौराहे से होते हुए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए डेमोक्रेसी रैली का समापन खेल स्टेडियम, चंदवा में किया गया। डेमोक्रेसी रैली में जिला स्तरीय पदाधिकारी, कर्मी, स्कूली छात्र छात्राएं, एनसीसी के कैडेट, इत्यादि की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार श्री अजय कुमार रजक, प्रभारी पदाधिकारी स्वीप कोषांग अनिल मिंज, स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस श्री संतोष कुमार एवं भारी संख्या में भीड़ उपस्थित थे।

## पुलिस ने अवैध जावा महुआ और शराब किया नष्ट



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत दमवां गांव में शनिवार को पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर अवैध जावा महुआ और शराब को विनष्ट कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि दमवां गांव में छापेमारी के क्रम में 180 किलोग्राम जावा महुआ तथा 15 लीटर निर्मित शराब को विनष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर तथा पुलिस अधीक्षक पलामू के निदेर्शानुसार अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध क्षेत्र में लगातार सघन छापेमारी की जा रही है।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, सोमवार 04 नवंबर 2024



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### दो सौ ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गुड्डू आलम गिरफ्तार

**अररिया।** भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 56 वीं बटालियन के जोगबनी समवाय की ओर से शनिवार की रात दो सौ ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। एसएसबी के एएसआई रंजीत सिंह के नेतृत्व में स्पेशल पेट्रोलिंग टीम ने गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई जोगबनी के कुसुमलाल साह चौक, पीलर संख्या 179/02 के पास की।एसएसबी ने जिस धंधेबाजनको गिरफ्तार किया,वह जोगबनी थाना क्षेत्र के खजुरबाड़ी वार्ड संख्या 10 का रहने वाला 26 वर्षीय मोहम्मद गुड्डू आलम पिता मोहम्मद रज्जाक आलम है।रात में ही एसएसबी ने बरामद ब्राउन शुगर और दो एंड्रॉयड मोबाइल के साथ गिरफ्तार धंधेबाज गुड्डू आलम को जोगबनी थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मामले में जोगबनी थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मनिहारी में नाव हादसा, दो बच्ची लापता

**कटिहार।** जिले के मनिहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत दिलारपुर पंचायत के हटकोला विद्यालय के पास कोसी एवं गंगा नदी के संगम पर रविवार सुबह नाव दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। इसपर 11 व्यक्ति सवार थे। इनमें से 9 व्यक्ति को एसडीआरएफ की मदद से बाहर निकल लिया गया है। शेष दो बच्ची लवली कुमारी पिता मुनि लाल मंडल तथा नेहा कुमारी पिता भीम मंडल समाचार लिखे जाने तक लापता हैं। घटना को लेकर मनिहारी अंचल अधिकारी ने बताया कि दोनों लापता बच्ची दिलारपुर पंचायत के वार्ड संख्या - 6 के निवासी हैं। सभी परवल की खेती एवं पशु चारा के लिए जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन द्वारा एसडीआर टीम एवं स्थानीय गोताखोरों की तैनाती कर लापता बच्चियों की खोज बीन की जा रही है। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, मनिहारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल अधिकारी मनिहारी एवं मनिहारी थानाध्यक्षआदि पुरे दल बल के साथ मौजूद हैं।

### छठ पर्व पर परदेश से लौटने वाले यात्रियो के लिए शुरू की पुलिस बस सेवा

**पूर्वी चंपारण।** महापर्व छठ के मौके पर मोतिहारी पुलिस ने अनूठी पहल शुरू की है। इस मौके पर छठ पर्व मनाने लौटने वाले प्रवासी यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर जिला पुलिस ने मार्गरक्षी बस सेवा शुरू की है। एसपी ने शनिवार को अपने कार्यालय परिसर से इन बसो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस मौके पर एसपी ने बताया कि मोतिहारी पुलिस द्वारा डायल-112 की तर्ज पर सुरक्षित एवं सुगम सफर हेतु मार्गरक्षी बस सेवा शुरू की गयी है।उन्होने बताया कि यह सेवा बापूधाम रेलवे स्टेशन और छतौनी बस स्टैण्ड से शहरी क्षेत्र तक शुरू की गई है। जिला पुलिस की यह बस सेवा छठ पर्व तक रात 09:00 बजे से रात्रि 01:00 बजे तथा सुबह के 05:00 बजे से 08:00 बजे तक प्रतिदिन जारी रहेगी,ताकि छठ पर्व मनाने अपने घर लौट रहे प्रवासी लोग अपने घर तक सुरक्षित पहुंचकर उल्लासपूर्व पर्व मना सके।

### चित्रांश परिवार ने की भगवान चित्रगुप्त महाराज की पूजा

**अररिया ।** अररिया सहित पूरे जिले में चित्रांश परिवार की ओर से भगवान चित्रगुप्त महाराज की पूजा अर्चना की गई।अररिया और फारबिसगंज में स्थित चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ समाज के लोगों ने कलम और दवात के साथ परम्परा और वैदिक रीति रिवाजों के साथ पूजा अर्चना की और भगवान चित्रगुप्त महाराज से विश्व कल्याण की कामना की।बड़ी संख्या में कायस्थ समाज के लोगों ने पूजा अर्चना के साथ हवन कुंड में आहुति दी। फारबिसगंज सुलतान पोखर स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में पुरोहित के रूप में भूपेंद्र झा और मुख्य यजमान के रूप में तरुण कुमार सिन्हा पूजन कार्य में भाग लिया।मौके पर बड़ी संख्या में आरती और हवन कार्यक्रम में भाग लिया।मौके पर वीरेंद्र प्रसाद वीर,प्रो.(डा.) अरविंद कुमार वर्मा,सतीश श्रीवास्तव,माधव लाल कर्ण,अमरेंद्र मल्लिक,अभय कुमार श्रीवास्तव,अनिल सिन्हा,अभय सिन्हा,सत्येंद्र प्रसाद वर्मा,सुशील सिन्हा,चंचल सिन्हा,संदीप सिन्हा,सुनील सिन्हा,वीरेंद्र सिन्हा,योग नारायण लाल दास,आनंद सिन्हा,विजय मल्लिक,विनय सिन्हा,सोनू सिन्हा,अजीत सिन्हा,राजा वर्मा,गोविंद लाल दास,अजीत सिन्हा,जयंत वर्मा आदि लोग मौजूद थे।

### युवती का पेड़ से लटकता मिला शव

**बेतिया।** सोलह वर्ष की लड़की का लाश लीची के पेड़ से लटकता हुआ मिला है। बेतिया पुलिस जिला के बैरिया थाना क्षेत्र के बगही निमिया टोला की घटना बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि लाश का पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेज दिया गया है। आत्महत्या करने के पीछे के कारणो का पता लगाया जा रहा है। बताया जाता है कि बगही रतनपुरा पंचायत के निमिया टोला निवासी राजेश चौधरी की 16 वर्षीय पुत्री चांदनी ने घर के बगल में स्थित बगीचे में लीची के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। लाश को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दी है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि किशोरी फांसी लगाकर आत्महत्या की है।उन्होंने बताया कि ऐसा बताया जा रहा है कि किशोरी की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। मिली जानकारी के अनुसार रविवार के अहले सुबह में बगही रतनपुरा पंचायत के बगही निमिया टोला निवासी राजेश चौधरी कि 16 वर्षीय पुत्री चांदनी कुमारी का शव पेड़ से लटकता देख लोग हल्ला किया।

# नीतीश कुमार के नियुक्ति अभियान से विपक्ष बेचैन : विजय चौधरी



एजेंसी

**पटना।** संसदीय कार्य मंत्री एवं पूर्व शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने आज जदयू कार्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में लगातार चल रहे नियुक्ति अभियान से राजद नेतागण एवं विपक्ष बेचैनी में है। इसे नकारने की हिम्मत नहीं होने के कारण ये लोग अब घुसपैठ कर श्रेय में हिस्सा लेने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। विजय चौधरी ने कहा कि पूरा प्रदेश जानता है कि लोक सेवा आयोग के माध्यम से प्रधानाध्यापक की नियुक्ति का निर्णय एवं नियमावली की अधिसूचना मुख्यमंत्री के परामर्श से मेरे शिक्षा मंत्री रहते अगस्त 2021 में जारी हुई थी। इसके तुरंत बाद ही 6,421 प्रधानाध्यापकों के पद के सृजन एवं नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकला था। अगस्त के प्रथम सप्ताह में ही नतीजे भी आ गए थे। विजय चौधरी ने कहा कि जब महागठबंधन की सरकार ही 10 अगस्त, 2022 को बनी, तो पिछले वर्ष 2021 के निर्णय का श्रेय लेने की कोशिश ही हास्यापद है। सच्चाई यह है कि नीतीश सरकार की उपलब्धियों को विपक्ष नकार नहीं सकता एवं इनकी अपनी कुछ भी उपलब्धि बताने लायक है ही नहीं, तभी इस प्रकार की नकारात्मक बेचैनी है।

# मुख्यमंत्री ने चित्रगुप्त मंदिर में की पूजा-अर्चना



एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी जाकर भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना की एवं राज्य के विकास, सुख-शांति एवं समृद्धि की मंगल कामना की। मुख्यमंत्री का गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी चित्रगुप्त पूजा समिति ने स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने पटना सिटी के नौजर घाट, दीवान मुहल्ला स्थित श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर में पूजा-अर्चना की एवं राज्य के विकास, सुख-शांति एवं समृद्धि की मंगल कामना की। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, पटना की मेयर सीता साहू, पूर्व विधान पार्षद सह गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष डॉ रणवीर नंदनतथा श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर प्रबंधक समिति के सदस्यगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## नवादा में अमन के साथ विकास ही मेरी प्राथमिकता : रवि प्रकाश



एजेंसी

**नवादा।** नवादा के नव पदस्थापित डीएम रवि प्रकाश ने कहा है कि नवादा में अमन के साथ विकास ही मेरी प्राथमिकता है। वे रविवार को पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया कर्मियों से बातचीत कर रहे थे।

नव पदस्थापित डीएम रवि प्रकाश ने कहा कि छठ पर्व के अवसर पर जिले में शांति की बहाली जन सहयोग से की जाएगी ।उन्होंने कहा कि नवादा में अमन के साथ विकास ही मेरी प्राथमिकता है।छठ पूजा के बाद सरकार द्वारा निर्धारित विकास कार्यों को गति प्रदान करना ही उनकी प्राथमिकता होगी।उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों के उत्थान के साथही समाज का चहुमुखी विकास चाहती है। जिसे अमली जामा पहनाना मेरी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जिले वासियों से अपेक्षा है कि वे जिला प्रशासन द्वारा उठाए गए कदमों की सहायता करें ।ताकि हम जिले का विकास कर पाए ।उन्होंने कहा कि बालू ,दारू सहित विभिन्न प्रकार के गैर कानूनी काम करने वालों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि नागरिक सुरक्षा व विकास मेरी प्राथमिकता है ।लेकिन नागरिकों का कर्तव्य है कि वे मुझे सहायता प्रदान करें ।ताकि मैं विकसित नवादा की ओर अपना कदम बढ़ा सकूं। इस अवसर पर अपर समाहर्ता चंद्रशेखर आजाद भी उपस्थित थे।

## दंगल प्रतियोगिता, हरियाणा के तरुण बने विजेता



एजेंसी

**नवादा ।** गो वर्द्धन मंदिर समिति के अध्यक्ष और पूर्व श्रम राज्य मंत्री राजबल्लभ प्रसाद के सौजन्य से गोवर्द्धन पूजा के अवसर पर रविवार को विराट दंगल प्रतियोगिता का आयोजन नवादा के प्रसिद्द हरिश्चंद्र स्टेडियम के नवनिर्मित कुश्ती अखाड़े में किया गया । इस दंगल प्रतियोगिता का उद्घाटन नवादा एमएलसी अशोक कुमार ने किया ।जबकि निर्णायक की भूमिका में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शारीरिक शिक्षक अलखदेव प्रसाद , प्रो धनराज प्रसाद , शिक्षक रामबिलास प्रसाद और लालकेश्वर राय थे । दंगल प्रतियोगिता का नेतृत्व समिति के सचिव महेंद्र यादव कर रहे थे। जबकि मंच से खेल पर नजर रखने में सुरेन्द्र यादव , नंदकिशोर बाजपेयी , राजेन्द्र यादव , ब्रजेंद्र कुशवाहा शशिभूषण शर्मा आदि ने अहम भूमिका निभाई । सर्वप्रथम अखाडा पूजन जानकी यादव ने किया और पंजीकृत पहलवानों को अखाड़े में उतारा गया । पूर्व की भाँती इस वर्ष भी स्थानीय पहलवानों के अलावे हरियाणा , जम्मू कश्मीर , झारखण्ड और पंजाब जैसे राज्यों के पहलवान भी अखाड़े में जोर आजमाइश किया । जूनियर ग्रुप में कुल 5 राउंड और सीनियर ग्रुप में 4 राउंड की कुश्ती हुई जिसमें लगभग60 पहलवान प्रतिभागियों ने भाग लिया। जूनियर वर्ग में कुल ( 46 ) पहलवानों ने भाग लिया जबकि सीनियर ग्रुप में कुल ( 12 ) पहलवानों ने दमखम दिखाया ।

## छठ पूजा पर विधि-व्यवस्था के लिए कार्यालय का शुभारंभ



एजेंसी

**अररिया।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था और छठव्रतियों की सुविधाओं को लेकर फारबिसगंज के शास्त्री चौक स्थित कोठीहाट नहर घाट पर रविवार को छठ पूजा कार्यालय का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर नगर परिषद की मुख्य पार्षद वीणा देवी, कार्यपालक अधिकारी सूयानंद सिंह, उप मुख्य पार्षद नूतन भारती,श्रीराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देव,पार्षद बुलबुल यादव, पार्षद संजय रंजक, श्रीराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष डिंपल चौधरी और नगर परिषद के प्रभारी प्रधान सहायक कुंदन सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। मुख्य पार्षद वीणा देवी, ईओ सूयानंद सिंह और उप मुख्य पार्षद नूतन भारती ने संयुक्त बयान में बताया कि छठ पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था और छठव्रतियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद प्रशासन और कोठीहाट छठ पूजा समिति द्वारा इस कार्यालय की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि कार्यालय की स्थापना से पूजा के दौरान प्रशासन की पैनी नजर बनी रहेगी और व्रतियों की हर आवश्यकता को तुरंत पूरा करने में सहूलियत होगी।

## गाय-पाहू खेल को लेकर दो परिवारों में झड़प, चार घायल

**कोलकाता।** इंग्लिश बाजार थाना क्षेत्र के ब्यासपुर गांव में पुरानी परंपरा का पालन करते हुए काली पूजा के अगले दिन गाई-पाहू खेल का आयोजन किया गया था। जिसे लेकर विवाद फैल गया। विवाद के चलते कथित तौर पर एक ही परिवार के चार सदस्यों की धारदार हथियार से हत्या करने की कोशिश का मामला सामने आया है। फिलहाल सभी घायल मालदा मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में इलाजरत है। इस घटना से इलाके में भारी तनाव है। इंग्लिश बाजार थाने की पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों से क्षेत्र में काली पूजा के अगले दिन गाई-पाहू खेल का आयोजन किया जाता है। कल शाम को भी खेल का आयोजन किया गया था। खेल को लेकर दो पड़ोसियों के बीच विवाद हो गया। गांव के लोगों ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। रात कुछ नहीं हुआ, लेकिन रविवार सुबह एक बार फिर दो परिवारों में विवाद शुरू हो गया। इस दौरान एक परिवार के चार सदस्यों को दूसरे परिवार ने धारदार हथियार से हमला कर दिया।

## देशी कट्टा के साथ बाइक सवार युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल



एजेंसी

**नवादा ।** जिले में नेमदारगंज थाना की पुलिस ने एक बाइक सवार युवक को देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया। गोगन मोड़ के पास से गिरफ्तारी की गई। युवक छोटकी अमांवा गांव का निवासी बताया गया है। इस बावत आर्म्स एक्ट के तहत थाने में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिय गया है। बताया जाता है कि नेमदारगंज थाना की पुलिस गश्ती पर थी। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार पर नजर पड़ी। संदेह के आधार पर पुलिस उसे रुकने का इशारा किया। लेकिन, पुलिस वाहन को देखते ही वह बाइक को तेजी से भगाने लगा। पुलिस ने तत्काल पीछा किया और उसे गिरफ्त में ले लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा बरामद हुआ। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान छोटकी अमांवा गांव निवासी मो. क्यूम अंसारी के पुत्र गुलजार अंसारी के रूप में की गयी है। आवश्यक पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने यह भी खुलासा किया है कि युवक किसी की हत्या के नियत से पिस्तौल लेकर जा रहा था। अगर पुलिस गिरफ्तार नहीं करती, तो युवक किसी बड़े वारदात को भी अंजाम दे सकता था।

# देशी कट्टा और चार जिंदा कारतूस के साथ एक अपराधी गिरफ्तार



संवाददाता

**भागलपुर।** जिले के कहलगांव अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी दो डॉ अर्जुन कुमार गुप्ता ने रविवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि एकचारी थाना क्षेत्र से एक अपराधी को देशी कट्टा और चार जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी ने बताया कि शनिवार देर रात एकचारी थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि एक कुख्यात अपराधी चंद्रिका मंडल, पिता गरीब मंडल, साकिन-छोटी मोहनपुर थाना एकचारी जिला भागलपुर देशी कट्टा लेकर बड़ी मोहनपुर काली पूजा मेला में घूम रहा है, जो किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है। थानाध्यक्ष एकचारी द्वारा प्राप्त सूचना के संदर्भ में वरीय पदाधिकारी को सूचित दिया गया और वरीय पदाधिकारी के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी के लिए टीम के साथ जैसे ही थानाध्यक्ष एकचारी ग्राम बड़ी मोहनपुर पहुंचे तो बड़ी मोहनपुर मेला के तरफ से एक व्यक्ति आ रहा था। वह पुलिस बल को देखकर भागने का प्रयास किया। परन्तु बल के सहयोग से उसे पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो अपना नाम चंद्रिका मंडल पिता गरीब मंडल साकिन-छोटी मोहनपुर थाना एकचारी जिला भागलपुर बताया। पकड़ाये चंद्रिका मंडल का विधिवत तलाशी लिया गया तो उनके दाहिने कमर में लुंगी के अन्दर छुपा कर रखा एक देशी कट्टा बरामद हुआ। जिसका बैरल खोलने पर एक जिन्दा गोली लोड बरामद हुआ और उनके गला में एक काले रंग का बटुआ टंगा हुआ था, जिससे 03 जिन्दा कारतूस, सैमसंग कम्पनी का एक मोबाईल और एक चिलम बरामद हुआ। इस संदर्भ में आर्म्स एक्ट कि धारा के अन्तर्गत एकचारी थाना में मामला दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही कि जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त चन्द्रिका मंडल का अपराधिक इतिहास पाया गया है।

# महिलाओ ने मैंग्रोव को भाई मान कर किया तिलक



एजेंसी

**कोलकाता।** भाईदूज का पर्व बंगाल में भाई फोंटा के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस दिन बहनें अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनके लिए लंबी और स्वस्थ जिंदगी की कामना करती हैं। इसके बाद भाई अपनी बहनों को उपहार भी देते हैं। इस अवसर पर दक्षिण 24 परगना जिले के तटीय इलाकों में रहने वाली ने मैंग्रोव प्लांट को भाई मानकर तिलक लगाया। उनका मानना है कि मैंग्रोव प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भाई की तरह उनकी रक्षा करता है। यह पूरे वर्ष सभी प्राकृतिक खतरों से मूल निवासियों की रक्षा करता है। इसलिए रविवार को भाईदूज के मौके पर महिलाओं एवं युवतियों ने मैंग्रोव पेड़ पर तिलक लगाकर त्यौहार मनाया। रविवार को कुलतली विधानसभा के गोपालगंज क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में ऐसा देखा गया।

ग्रामीणों के अनुसार, मछलियों के भण्डार बनाने के लिए मैंग्रोव के पेड़ों को काटा जा रहा है। इस वर्ष केवल कुलतली विधानसभा क्षेत्र के आठ से 10 स्थानों पर नदी के किनारे मैंग्रोव को काटकर मछलियों के भण्डार बनाए गए हैं। इससे प्रकृति को बचाने के उद्देश्य से आज गोपालगंज गांव में नैपुकुरिया नदी के किनारे लगे मैंग्रोव पौधों को महिलाओं एवं युवतियों ने सामूहिक रूप से तिलक लगाकर त्यौहार मनाया। इस मौके पर गोपालगंज ग्राम पंचायत की मुखिया बिनता हलदर ने कहा कि जैसे भाई खतरे में बहनों की रक्षा करते हैं, बहनें भाइयों की रक्षा करती हैं, उसी तरह मैंग्रोव विभिन्न समय में भाइयों की तरह हमें प्राकृतिक आपदाओं से बचाते हैं। मैंग्रोव को जीवित रखने के लिए, जब मैंग्रोव के पेड़ काटे जाते हैं जिसका मैं विरोध करती हूं। सुंदरबन के सभी मैंग्रोव पेड़ हमारे भाई हैं। इसलिए भाई फोंटा के दिन हम गांव की महिलाओं ने अपने भाई को तिलक लगाया। आम तौर पर इस दिन विवाहित बहनें या तो अपने ससुराल से तिलक लगाने आती हैं या फिर भाई अपनी बहनों से मिलने जाते हैं। इस दिन भाई और बहन दोनों व्रत रखते हैं और तिलक लगाने के बाद ही भोजन करते हैं। भाई फोटा पश्चिम बंगाल के प्रमुख त्योहारों में से एक है और इसे धूमधाम से मनाया जाता है।

भाई फोटा के उत्सव से जुड़ा धार्मिक महत्व यह है कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को यम की बहन यमी ने यमराज को अपने घर आमंत्रित किया था और उन्हें भोज देकर सम्मानित किया था। इसलिए इसे यम द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है।

## किसानों के मसीहा थे पूर्व विधायक राय हरिशंकर शर्मा: राजीव द्विवेदी

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** पूर्व विधायक राय हरिशंकर शर्मा जात का नही जमात का नेतृत्व करते थे,वे चम्पारण के किसानों के मसीहा थे उक्त बातें जिला विधिक संघ के महासचिव राजीव कुमार द्विवेदी ने पूर्व विधायक स्व.राय हरिशंकर शर्मा के पुण्यतिथि के अवसर पर भूमिहार ब्राह्मण छात्रवास में श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए कही । उन्होंने कहा कि हरिशंकर शर्मा जी अपनी राजनीतिक जीवन के पूर्व एक अच्छे अधिवक्ता थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राय सुन्दर देव शर्मा ने कहा कि भईया जी अपनी राजनीतिक जीवन की शुरूआत व्यवस्था परिवर्तन के लिए की थी,उन्होंने बताया कि भईया जी कृषक संघ का गठन कर जिला से वामपंथ को जड़ से उखाड़ने का महत्ती भूमिका का निर्वहन किये। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता आलोक चन्द्र व धन्यवाद ज्ञापन किसानश्री अजय देव ने की। श्रद्धांजलि सभा को अधिवक्ता प्रियरंजन शर्मा, जिला परिषद सदस्य गुड्डु सिंह, अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ,राजेश कुमार, राय केशव शर्मा, रामकुमार सिंह ,नीरज शर्मा, राजीव कुमार ,संजय कुमार सिंह,अधिवक्ता पराशर प्रभात, सुधांशु शर्मा, राजेश सिंह ,डॉ धीरज शर्मा ,अंकित कुमार सिंह, अंतेश कुमार चौधरी , विनय कुमार, किसानश्री लल्लन शुक्ला , लोकेश शुक्ला,प्रमोद शर्मा, टुन्नी सिंह, सुरेंदर सिंह,बसंत कुमार आदि ।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, सोमवार 04 नवंबर 2024



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### आदित्यनाथ योगी का 5 को बड़कागांव में होगा चुनावी जनसभा : महेंद्र महतो



**पतरातू ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत आदित्यनाथ योगी बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार रोशन लाल चौधरी के पक्ष में बड़कागांव में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे । यह जानकारी भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र कुमार महतो ने दी। महतो ने बताया कि एनडीए गठबंधन के रोशन लाल चौधरी जी भाजपा के उम्मीदवार हैं और इन्हीं के पक्ष में महंत आदित्यनाथ योगी इस चुनावी जनसभा को संबोधित करने वाले है। महंत आदित्यनाथ योगी जी के आने की खबर से पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में चुनावी हलचल बढ़ गई है। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से भारी संख्या में लोगों की पहुंचने की संभावना है। भवदीय महेंद्र कुमार महतो प्रदेश प्रवक्ता भाजपा ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश

### जनता के बीच लोकप्रियता के नए आयाम छू रहे हैं मुन्ना सिंह

**हजारीबाग।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं हजारीबाग से इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने कटकमदाग प्रखंड में आज अपने जनसंपर्क अभियान के छठे दिन का दौरा सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण गांवों का दौरा किया, जिनमें बैंक ऑफ बड़ौदा, सलगावाँ, लुटा, राजेश ओझा चौक, पुरनाडिह, नवाडीह, पकरार, पाड़ टांड, मैयातु, सादमपुर, कर्बला चौक, ईदगाह चौक, केशवरिया, तिलैया, सुल्ताना, पूरब मुहल्ला, हाथामेढ़ी, कटकमदाग, बांका, बेन्दी, उदयपुर, झगरबंध, अडरा, चिचि, और ढेन्गुरा शामिल हैं। जनता के बीच मुन्ना सिंह की लोकप्रियता का स्पष्ट संकेत उनके जनसंपर्क अभियानों में उमड़ती भीड़ से मिल रहा है। हजारीबाग टाउन में इस बार मुन्ना सिंह का व्यापक जनाधार देखा जा रहा है, और स्थानीय नागरिक उनके समाजसेवी कार्यों के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त कर रहे हैं। अपने सरल स्वभाव और समाजसेवी छवि के चलते मुन्ना सिंह को एक मजबूत और जनप्रिय प्रत्याशी के रूप में देखा जा रहा है। प्रेस से बातचीत में मुन्ना सिंह ने कहा, हजारीबाग के हर व्यक्ति से जुड़ना और उनके मुद्दों को समझना मेरे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मेरी कोशिश यही रहेगी कि आप सभी के समर्थन से हजारीबाग को प्रगति और विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाया जाए। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस के कई प्रमुख नेता भी उपस्थित रहे, जिनमें कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष गोवर्धन गंजु, कटकमदाग के प्रमुख प्रतिनिधि उदय साव, बीस सूत्रीय अध्यक्ष सुनील ओझा, राजद जिलाध्यक्ष चरका यादव, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अभिषेक राज, महिला प्रदेश महासचिव कोमल राज, पूर्व जिला पार्षद प्रतिनिधि शारदा रंजन दुबे, सालगावाँ की मुखिया मधु रानी, अडरा मुखिया प्रतिनिधि विजय राम, धीरेंद्र दुबे, जमाल मिया, असगर अली, जानकी महतो, सबीर अली, और गौतम कुशवाहा समेत कई अन्य वरिष्ठ नेता भी शामिल रहे।

### निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा का चुनावी दौरा



**हजारीबाग।** निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने सदर प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा करते हुए जनता से मुलाकात की और उनसे चुनाव 13 नवंबर को क्रमांक संख्या 23, छड़ी छाप पर समर्थन देने की अपील की। अपने इस अभियान के दौरान उन्होंने सिलवार खुर्द, सिलवार कला, डूमर, सरौनी,और चुटियारों जैसे गांवों का दौरा कर लोगों से संवाद स्थापित किया। उनका यह चुनावी दौरा ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है, जिसमें खासकर युवाओं का जोश और बुजुर्गों का आशीर्वाद भरपूर मिला। हर्ष अजमेरा के साथ गांवों में ढोल-नगाड़ों के बीच उनका स्वागत हुआ। ढोल की धुन पर ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बनता था, जिसमें सभी कदम से कदम मिलाकर उनके साथ चल रहे थे। अजमेरा ने कहा कि छड़ी हमारा सहारा है, तीसरा विकल्प ही हमारा नारा है और यह नारा केवल चुनाव प्रचार का एक साधन नहीं, बल्कि उनके संघर्ष और जमीनी मुद्दों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस अवसर पर हर्ष अजमेरा ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और यह वादा किया कि चुनाव जीतने पर वे प्राथमिकता के आधार पर ग्रामीणों की जरूरतों पर काम करेंगे। गांवों में बुनियादी सुविधाओं की कमी, स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्दशा, शिक्षा का अभाव, और युवाओं के रोजगार के मुद्दों पर उन्होंने गंभीरता से ध्यान देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि वे अपनी नीतियों के माध्यम से गांवों के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।हर्ष अजमेरा के दौरे में युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था। बड़ी संख्या में युवा उनके समर्थन में सड़कों पर उतरे और उनके साथ प्रचार में कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। युवाओं का यह समर्थन हर्ष अजमेरा के प्रति उनके विश्वास और परिवर्तन की उम्मीद को दशार्ता है। हर्ष अजमेरा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा आपके जोश और समर्थन से हमें और अधिक हौसला मिलता है। यह चुनाव सिर्फ जीत का नहीं, बल्कि आपके भविष्य को संवारने का एक अवसर है।

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झारखंड दौरे के दौरान बरकट्ठा में चुनावी सभा को संबोधित किया

# झारखंड में परिवर्तन की आवश्यकता है : अमित शाह

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सत्ता में आते ही प्रदेश से घुसपैठियों को बाहर करेगी और युवाओं को रोजगार देगी**




संवाददाता

**हजारीबाग, बरकट्ठा ।** झारखंड चुनाव 2024 के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झारखंड दौरे के दौरान बरकट्ठा में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस सभा में उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी सरकार पर जमकर हमला बोला और कई आरोप लगाए। अमित शाह ने सरकार पर तुष्टिकरण का आरोप लगाया और कहा कि इस प्रकार की नीति झारखंड के विकास में बाधक है।

अमित शाह ने अपने भाषण में बांग्लादेशी घुसपैठियों के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया। उन्होंने कहा, झारखंड के दरवाजे बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए खुले हैं और बड़ी संख्या में घुसपैठ हो रही है। अमित शाह ने आश्वासन दिया कि अगर उनकी सरकार सत्ता में आती है तो वे इन घुसपैठियों को झारखंड की जमीन से बाहर निकालेंगे। उन्होंने कहा, हम घुसपैठियों को झारखंड से निकालकर ही दम लेंगे।

बरकट्ठा में जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने जोर देकर कहा कि झारखंड में परिवर्तन की आवश्यकता है। उन्होंने इंडी अलाइंस की सरकार को उखाड़ फेंकने की बात कही और भाजपा को फिर से सत्ता में लाने का आह्वान किया। अमित शाह ने कहा, हम झारखंड में कमल खिलाएंगे और भ्रष्टाचारी मुख्यमंत्री को बदलेंगे। झारखंड के युवाओं को बचाने और प्रदेश का विकास सुनिश्चित करने के लिए परिवर्तन जरूरी है।

सीएम हेमंत सोरेन पर तीखा हमला अमित शाह ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हेमंत सोरेन ने अपने चुनावी वादे को पूरा नहीं किया। उन्होंने हेमंत सोरेन के उस वादे को याद दिलाया जिसमें उन्होंने हर साल पांच लाख युवाओं को नौकरी देने का आश्वासन दिया था। अमित शाह ने कटाक्ष करते हुए पूछा, क्या अब तक 25 लाख युवाओं को नौकरी मिली? अमित शाह ने भाजपा की सरकार बनने पर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने का वादा किया। उन्होंने कहा, अगर भाजपा सत्ता में आती है तो पहले ही साल में 2 लाख 85 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी देंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र है जिसमें बेरोजगार ग्रेजुएट युवाओं को हर महीने 2 हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया गया है।

## छठ व्रतियों की सेवा कर उनके कठिन व्रत को सुगम बनाना है : चंद्र प्रकाश जैन



संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग यूथ विंग द्वारा इस छठ महापर्व से पूर्व छठ व्रतियों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं को पूजा के लिए आवश्यक 21 प्रकार की सामग्री का वितरण किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य छठ व्रतियों को सहायता प्रदान करना और समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देना है। हजारीबाग यूथ विंग के सदस्य इस सेवा के माध्यम से समाज में एक मिसाल कायम करने का प्रयास कर रहे हैं। यह आयोजन लगातार दूसरी बार आयोजित किया जा रहा है और इस वर्ष इसे और भी भव्य रूप से प्रस्तुत करने की तैयारी की गई है। सामग्री वितरण कार्यक्रम की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। संस्था के सदस्यों ने सूप और नारियल को विशेष रूप से साफ-सुथरे और पवित्रता के साथ तैयार किया है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की तकलीफ न हो। सदस्यों द्वारा कार्यक्रम से एक दिन पूर्व सूप और नारियल की धुलाई से लेकर अन्य सामग्रियों को व्यवस्थित किया गया है,ताकि श्रद्धालुओं के बीच इसे आसानी से वितरित किया जा सके।

**सहयोग राशि मात्र 11 रु**

इस सेवा कार्यक्रम के तहत सामग्री का वितरण मात्र 11रु के न्यूनतम सहयोग राशि में किया जा रहा है। इस राशि में 21 प्रकार की वस्तुएं प्रदान की जा रही हैं, जिनमें हर वस्तु छठ पूजा के दौरान उपयोगी है। इस तरह से न्यूनतम राशि में सामग्री उपलब्ध कराना संस्था की जनसेवा और सहयोग की भावना को दशार्ता है।

**वितरित की जाने वाली सामग्रियों की सूची**

संस्था द्वारा वितरण के लिए जो 21 इस प्रकार है जिसमें एक सूप के साथ एक नारियल, सिंदूर, रोड़ी, कपूर, जाफर, काफर, काठ बादाम, कमल गोटा, लौंग, इलायची, बड़ी इलायची, छुहारा, मखाना, घी, रुई बत्ती, धूपबत्ती, सुपारी,आरत पत्ता और माचिस दी जाएगी। सूप की कुल संख्या 351 से अधिक रखी गई है, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को इसका लाभ मिल सके।

## 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर रजरप्पा में होगा भव्य गंगा महा आरती सह भजन संध्या



संवाददाता

**रजरप्पा ।** मां छिन्नमस्तिका सेवा समिति रजरप्पा की बैठक रामगढ़ में की गई । जिसमें प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भव्य गंगा महा आरती सह भजन संध्या एवं भोग वितरण करने का निर्णय लिया गया ।बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राजीव जायसवाल समिति के सचिव शशि पांडे ने किया बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 15.11.2024 को रजरप्पा मंदिर में भैरवी नदी के तट पर भव्य महा गंगा आरती सह भजन संध्या एवं भोग वितरण का आयोजन किया जाएगा ।एवं इस बैठक में आयोजन समिति का पुनर्गठन किया गया ।ज्ञात हो कि पिछले कई वर्षों से माँ छिन्नमस्तिका सेवा समिति के तत्वाधान में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर माँ छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा में भैरवी नदी के तट में भव्य गंगा महा आरती सह भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है ।जिसमे हजारों की संख्या में श्रद्धालुओ की भीड़ होती है जिसमें समिति के अध्यक्ष राजीव जायसवाल ,संरक्षक नंदू गुप्ता ,सुभाशीष पंडा ,अजय पंडा, छोटू पंडा, विजय मेवाड़, राजेश प्रसाद, रविंद्र साहू, अशोक जैन, अमित सिन्हा,अजीत जायसवाल, जानकी महतो, चंद्रशेखर चौधरी, संयोजक रंजीत पांडे, वरुण बगड़िया, नीतिश गुप्ता, संजय साह संजय शाह, नीरज चौधरी, समिति के शशि पांडे, कोषाध्यक्ष दीनदयाल कुमार, उपाध्यक्ष रवि साहू, अंकित सिंह, सुमित सिंह, सहसचिव संजय सोनकर, शुभम सिंह, प्रभारी बबली सिंह कार्यक्रम प्रभारी सुनील राज चक्रवर्ती सोशल मीडिया प्रभारी राहुल पासवान छोटू केवट सचिन करमाली सुरेंद्र करमाली सुखेंद्र साहू महेश महतो आईटी सेल प्रभारी प्रवीण सोनू ,शशि सिंह ,विक्की महतो सी.एम महतो स्वागत मंडली मनसु बेदिया ,रवि हाजरा ,पवन पटेल आरती प्रभारी प्रीतम झा सूरज वर्मा भोग वितरण प्रभारी सूरज कुमार मोनू गुप्ता सुरक्षा व्यवस्था प्रभारी दामोदर सिंह कृष्ण केवट मंटू सिंह निशिकांत सिंह को बनाए गए।इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित समिति के अध्यक्ष राजीव जायसवाल शशि पांडे रंजीत पांडे दीनदयाल कुमार शाह नीरज चौधरी विनीत यादव राजा राहुल पासवान शुभम सिंह,मोनू गुप्ता,अमन राजा,महेश कुमार महतो सुजीत यादव सुरेंद्र करमाली करमाली ,आशीष कुमार ,अंकित सिंह सहित समिति के कई लोग उपस्थित थे।

## घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे अभियुक्त को पुलिस ने पकड़ा



संवाददाता

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने रविवार को प्रेस वार्ता किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि 3 नवंबर को समय 3:50 बजे रात्रि में उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि पतरातू थाना से पश्चिम करीब 01 कि०मी० की दूरी पर तिलैयाटांड़ के आस पास एक व्यक्ति को हिरो पैशन प्रो० मोटरसाईकिल नं० जेएच02जेड 5198 पर अवैध आर्म्स के साथ देखा गया है। जो कुछ देर में अपने मोटरसाईकिल से तिलैयाटांड़ से पीटीपीएस हॉस्पिटल की ओर जाने वाला है। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातू के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। बताया कि छापामारी दल द्वारा पतरातू थाना स्थित तिलैयाटांड में अलग-अलग टीम बनाकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में एक काला रंग का हिरो पैशन प्रो० मोटरसाईकिल नं० जेएच02जेड 5198 का चालक पुलिस को देख कर मोटरसाईकिल को तेजी से भगाने लगे। जिसका पीछा कर मोटरसाईकिल को पकड़ा गया तथा चालक का नाम-पता पूछने पर चालक द्वारा अपना नाम-पता अंशुमन कुमार, उम्र करीब 27 वर्ष, पिता-शंभु ठाकुर, सा-न्यू मार्केट पीटीपीएस, थाना-पतरातू जिला-रामगढ़ बताया गया तथा चालक की तलाशी लेने पर एक लोडेड देशी कट्टा बरामद हुआ। जिस संबंध में चालक से वैध कागजात की मांग करने पर कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। चालक को अवैध हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## क्षेत्र के विकास को नई दिशा देना व हर व्यक्ति की आवाज को बुलंद करना है : प्रीति जैन



संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा के पक्ष में अब उनकी धर्मपत्नी प्रीति जैन भी चुनावी मैदान में उतरकर पति के पक्ष में आशीर्वाद मांग रही है,प्रीति जैन ने समाज की महिलाओं के साथ रविवार को शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, बंगाली कॉलोनी और क्षेत्र के अन्य इलाकों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से सीधे संवाद किया। प्रीति जैन ने लोगों से मुलाकात कर उनके विचारों को सुना और उन्हें हर्ष अजमेरा के चुनावी एजेंडे, क्षेत्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और समाज सेवा की भावना से अवगत कराया।

प्रीति जैन का कहना है कि वे अपने पति हर्ष अजमेरा के विचारों और योजनाओं से पूर्ण रूप से सहमत हैं और मानती हैं कि उनका चुनावी एजेंडा क्षेत्र की बुनियादी जरूरतों और समस्याओं का सही समाधान प्रस्तुत करता है। प्रीति जैन ने लोगों से आग्रह किया कि वे छड़ी छाप पर मतदान कर हर्ष अजमेरा को अपना समर्थन दें। उन्होंने कहा मेरे पति हर्ष अजमेरा का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के विकास को नई दिशा देना और हर व्यक्ति की आवाज को बुलंद करना है। वे राजनीति में बदलाव की एक नई मिसाल पेश करना चाहते हैं, जिसमें जनता की समस्याओं का निपटारा प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। प्रचार के दौरान प्रीति जैन को लोगों का भरपूर समर्थन और सहयोग मिल रहा है। जनसंपर्क अभियान में प्रीति जैन की सादगी और सहजता से जनता ने उन्हें खुलकर अपनाया। लोगों ने उनकी बातों पर गहरी रुचि दिखाई और निवासियों ने छड़ी छाप पर समर्थन का भरोसा भी जताया। उनका मानना है कि हर्ष अजमेरा एक दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शिता के साथ क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करेंगे।

प्रीति जैन ने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा,यह चुनाव केवल एक उम्मीदवार चुनने का अवसर नहीं है, बल्कि यह हमारे क्षेत्र के भविष्य को संवारने का भी अवसर है। मैं आप सभी से निवेदन करती हूं कि आप छड़ी छाप पर अपना मत देकर एक ऐसे जनप्रतिनिधि को चुनें जो आपके साथ है, आपके बीच से है और आपके हर मुद्दे को गंभीरता से लेकर काम करेगा। प्रीति जैन ने हर्ष अजमेरा के चुनावी एजेंडे को भी जनता के सामने प्रस्तुत किया, जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को सुधारना, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना और आधारभूत सुविधाओं का विकास करना शामिल है। हर्ष अजमेरा की टीम का कहना है कि वे राजनीति में केवल एक नाम मात्र का चेहरा बनकर नहीं रहना चाहते, बल्कि जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करना और क्षेत्र के विकास में अपना योगदान देना चाहते हैं। प्रीति जैन का यह जनसंपर्क अभियान लोगों में हर्ष अजमेरा के प्रति विश्वास और समर्थन को और अधिक सुदृढ़ करने का कार्य कर रहा है।

---

राजनीति › **नामांकन के बाद प्रत्याशीयों का प्रचार,प्रसार और जनसंपर्क अभियान शुरु**

# बड़कागांव में जातीय ध्रुवीकरण का दिख रहा असर



संवाददाता

**बड़कागांव ।** झारखंड विधानसभा 2024 के प्रथम चरण में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को मतदान होना तय है' बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में नामांकन के बाद प्रत्याशी प्रचार,प्रसार और जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। प्रत्याशी अब डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान पर ध्यान देने लगे हैं। प्रचार प्रसार का कार्य अब जोर पकड़ चुका है। जिससे कि प्रत्याशियों की स्थिति भी अब धीरे-धीरे स्पष्ट होती दिखने लगी है।

बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में इस बार भी जातीय ध्रुवीकरण होता दिखने लगा है। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पतरातू,बड़कागांव,केरेडारी और बचरा प्रखंड में प्रत्याशियों ने पूरी जोर और ताकत लगा दी है। बीते विधानसभा चुनाव में रोशन लाल चौधरी आजसू के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े थे। लेकिन इस बार वे एनडीए गठबंधन के तहत भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव में किस्मत आजमा रहे हैं। जिसका अच्छा क्षेत्र में असर दिख रहा है। पतरातू प्रखंड में रोशन लाल चौधरी की स्थिति काफी मजबूत दिख रही है। वही बड़कागांव और केरेडारी में भी भाजपा के प्रत्याशी होने के कारण उनकी स्थिति में तेजी से सुधार होता बताया जा रहा है। जातीय समीकरण में भी रोशन लाल चौधरी कमजोर नजर नहीं आ रहे हैं। लेकिन उनके साथ भाजपा नेताओं का भीतरघात भी एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। क्योंकि अभी तक भाजपा नेता कार्यकर्ता चुनाव में सक्रिय नजर नहीं आ रहे हैं।

वही विधायक अंबा प्रसाद क्षेत्र में पुरानी और जानी पहचानी चेहरा और नाम है। लेकिन इस बार कुछ अंबा प्रसाद का एंटी कैंबेंसी दिख रहा है। हालांकि चुनाव में यह कितना असर दिखलाएगा,अभी कहना मुश्किल है। लेकिन इसके बावजूद जातीय समीकरण का आंकड़ा देखा जाए तो अंबा प्रसाद आज भी काफी मजबूत स्थिति में नजर आ रही है। बड़कागांव और केरेडारी में अंबा प्रसाद मजबूत स्थिति में नजर आ रही है।

बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में तीसरा बड़ा चेहरा बालेश्वर महतो बताया जा रहा है' बालेश्वर महतो चुनाव जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम के टिकट पर लड़ रहे हैं। बालेश्वर महतो स्थानीय होने के साथ-साथ क्षेत्र के पुराने नेता बताए जाते हैं। क्षेत्र में जातीय समीकरण में बालेश्वर महतो मजबूत स्थिति में बताई जा रहे हैं। चुनाव में अगर बालेश्वर महतो कुर्मी और कोयरी वोट पा लेते हैं तो वह विधानसभा क्षेत्र से तीसरे मजबूत प्रत्याशी बन जाएंगे' हालांकि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में इस बात की चर्चा हो रही है। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है। वैसे-वैसे जातीय समीकरण बदलने लगे हैं। लोग जातीय गुट में बटते दिखने लगे हैं। अगर बड़का गांव विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान स्थिति देखी जाए तो यहां से त्रिकोणीय मुकाबले के आसार बनते नजर आने लगे हैं।

## गोला प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न


संवाददाता

**गोला ।** गोला प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक चुनाव कार्यालय गोला स्थित मठवाटांड़ में हुई। जिसकी अध्यक्षता गोला प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष सोनी एवं संचालन बेटूलकलां पंचायत के मुखिया जाकिर अख्तर ने किया। इस बैठक में गोला प्रखंड के सभी बूथों के बूथ अध्यक्ष सहित प्रखंड कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं पंचायत अध्यक्ष उपस्थित हुए। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधानसभा के प्रभारी नरेश वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि महागठबंधन की प्रत्याशी ममता देवी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी नरेश वर्मा ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव आप सबों के कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी कांग्रेस पार्टी ने दी है। इस जिम्मेवारी को आप लोग बखूबी निभाएंगे, ऐसा मेरा पूर्ण विश्वास है। वहीं महागठबंधन की प्रत्याशी ममता देवी ने कहा कि आने वाला चुनाव मिल का पत्थर साबित होगा और रामगढ़ विधानसभा के लोग सिद्ध कर देंगे कि धनबल के आगे जनबल अभी भी सशक्त है। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी ने कहा कि आने वाला चुनाव झारखंड की दिशा और दशा तय करेगी और हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार पुनः झारखंड में स्थापित होगी। बैठक में रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो, राजेश केवट, मंडल अध्यक्ष कालेश्वर बेदिया, गुलाम सरवर, लखेश्वर महतो, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अजीत करमाली, महिला मोर्चा की प्रखंड अध्यक्ष दीपा कुमारी, सागर गोस्वामी, असामुद्दीन, बालकृष्ण बेदिया, छोटू रजवार, गुड़िया देवी, शोभा देवी कविता देवी, उषा देवी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, सोमवार 04 नवंबर 2024 E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### बेन स्टोक्स के घर में चोरी, एक व्यक्ति गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स के घर में नकाबपोश चोरों ने चोरी की थी, जिसके बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। स्टोक्स उस समय टीम के साथ पाकिस्तान दौरे पर थे। इस सप्ताह की शुरूआत में, स्टोक्स ने एक्स से बात की और खुलासा किया कि उनके डरहम घर में चोरी हुई थी, जब वह टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तान दौरे पर राष्ट्रीय टीम के साथ थे। उन्होंने लोगों से उनकी कीमती वस्तुओं की बरामदगी और चोरों को पकड़ने में मदद करने का भी आग्रह किया। चोरी के समय स्टोक्स की पत्नी क्लेयर और उनके दो बच्चे घर पर थे, जिसके बारे में इंग्लैंड के कप्तान ने कहा कि यह कई नकाबपोश लोगों द्वारा किया गया था और इसने उनके परिवार की भावनात्मक और मानसिक स्थिति पर प्रभाव डाला। स्काई स्पोर्ट्स के अनुसार, चोरी की गई अपूरणीय वस्तुओं में स्टोक्स का ओबीई पदक भी शामिल था, जो उन्हें 2019 में इंग्लैंड की पहली 50 ओवर की विश्व कप जीत और उसके बाद एशेज श्रृंखला में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद 2020 की शुरूआत में दिया गया था। उन्होंने पाकिस्तान में रहने के दौरान अपने परिवार की अच्छी तरह से सहायता करने के लिए पुलिस को भी धन्यवाद दिया। स्टोक्स ने इंस्टाग्राम पर लिखा, गुरुवार 17 अक्टूबर की शाम को कई नकाबपोश लोगों ने उत्तर पूर्व में कैसल ईडन क्षेत्र में मेरे घर में चोरी की। वे आभूषण, अन्य कीमती सामान और बहुत सारी निजी वस्तुएं लेकर भाग गए। उनमें से कई वस्तुओं का मेरे और मेरे परिवार के लिए वास्तव में भावनात्मक मूल्य है। वे अपूरणीय हैं।

### अपने खेल को लेकर गंभीर हैं पृथ्वी शॉ



**नई दिल्ली।** एक ऐसा खिलाड़ी जिसे एक समय भारतीय क्रिकेट का अगला सचिन तेंदुलकर माना जा रहा था लेकिन आज वह खिलाड़ी टीम से ऐसा बाहर है कि शायद उसे दोबारा वापसी का भी मौका ना मिले। पृथ्वी शॉ पिछले कुछ समय में अपनी क्रिकेट परफॉर्मेंस का बजाय अपनी निजी जिन्दगी के चलते ज्यादा चर्चा में रहे हैं। लेकिन अब शायद पृथ्वी एक बार फिर टीम इंडिया में वापसी का मन बना चुके हैं। उनकी फिटनेस को लेकर हालिया घटनाक्रम ने निश्चित रूप से ध्यान खींचा है। त्रिपुरा के खिलाफ रणजी मैच में उन्हें बाहर किए जाने के पीछे उनकी अनुशासनहीनता और फिटनेस को जिम्मेदार ठहराया गया है। इसके बाद, शॉ ने अपनी मेहनत और जुनून को साबित करने के लिए एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह जिम में पसीना बहाते हुए और बल्लेबाजी का अभ्यास करते हुए नजर आ रहे हैं। यह स्पष्ट है कि वह अपने खेल को लेकर गंभीर हैं और टीम में वापस आने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर उनके वजन को लेकर चर्चा चलती रही है, लेकिन शॉ ने अपने प्रयासों से यह दिखाया है कि वह अपनी फिटनेस को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

### एचआईएल : दिल्ली एसजी पाइपर्स में शामिल हुईं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता लिली ओवस्ले

**नई दिल्ली।** दिल्ली एसजी पाइपर्स ने हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के आगामी सत्र के लिए इंग्लैंड की मिडफील्डर और महिला हॉकी सुपरस्टार लिली ओवस्ले के साथ करार किया है। दिल्ली एसजी पाइपर्स ने शनिवार को उक्त घोषणा की। लिली ओवस्ले एक बेहद प्रतिष्ठित खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में स्वर्ण पदक और 2020 टोक्यो में कांस्य पदक जीता है। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य उपलब्धियाँ भी हासिल की हैं। ओवस्ले महिला टीम से 28 वर्षीय डच मिडफील्डर जान डे वार्ड की जगह लेंगी, जिन्होंने निजी कारणों से एचआईएल के इस सत्र से अपना नाम वापस ले लिया है। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार, दिल्ली एसजी पाइपर्स महिला टीम के कोच डेव स्मोलेनर्स ने कहा, जान डे वार्ड, जो निस्संदेह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं, को खोना टीम के लिए एक झटका है। लेकिन 2 बार की ओलंपिक पदक विजेता लिली ओवस्ले को उनकी जगह लेने में सक्षम होना एक बड़ी राहत है। उन्होंने कहा, वह टीम को उसकी क्षमता तक पहुँचने में मदद करने के लिए अपने अनुभव, नेतृत्व और तेज गति के खेल का उपयोग करेंगी।दो बार की ओलंपिक पदक विजेता होने के अलावा, ओवस्ले ने 2022 और 2014 के राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमशः स्वर्ण और रजत भी जीता है। उनके पास दो यूरोपीय चैम्पियनशिप पदक भी हैं, 2015 लंदन में स्वर्ण और 2017 एम्सटेलवीन, नीदरलैंड में कांस्य। एसजी स्पोर्ट्स, मीडिया और एंटरटेनमेंट (एसजीएसई) के सीईओ, महेश भूपति ने ओवस्ले का टीम में स्वागत किया।

# भारत को घर में मिली न्यूजीलैंड से क्लीन स्वीप

## मुंबई टेस्ट में 25 रन से हारा भारत




एजेंसी

**नई दिल्ली।** मुंबई टेस्ट में पहली बार भारतीय टीम को 25 रन से हार का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड ने आज वो कर दिया जो आज तक इतिहास में कोई भी टीम नहीं कर पाई। भारतीय टीम को अपने घर में क्लीन स्वीप का सामना करना। क्रिकेट इतिहास में पहली बार भारतीय टीम अपनी सरजमीं पर क्लीन स्वीप हो गई। ऋषभ पंत को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज न्यूजीलैंड का सामना नहीं कर पाया। न्यूजीलैंड की दूसरी पारी को रात के स्कोर 171/9 से सिर्फ तीन रन और जोड़कर समाप्त करने के बाद, भारत को जीत सुनिश्चित करने के लिए चौथी पारी में 147 रनों का पीछा करना था। जिसके जवाब में भारतीय टीम सिर्फ 121 रन पर ढेर हो गई। ऋषभ पंत ने तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को शानदार अर्धशतक बनाकर भारत की कुछ उम्मीद राखी लेकिन उनके विवादास्पद विकेट के बाद मैच न्यूजीलैंड की मुट्ठी में चला गया। ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 64 रन बनाए। लेकिन रोहित शर्मा, शुभमन गिल, विराट कोहली, यशस्वी जायसवाल और सरफराज खान के विफल होने के कारण टीम 29/5 पर लड़खड़ा रही थी। पंत ने आक्रामक और सतर्क पारी खेलकर भारतीय उम्मीदों को जिंदा रखा और उन्होंने और रवींद्र जडेजा ने छठे विकेट के लिए 42 रन जोड़े। पटेल न्यूजीलैंड के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे, उन्होंने 6-57 विकेट लिए, जो कि पहले पारी में लिए गए 5-103 विकेटों में शामिल है। इससे वानखेड़े में उनके विकेटों की संख्या 25 हो गई, जिससे वे एक ही मैदान पर 20 या उससे अधिक विकेट लेने वाले एकमात्र मेहमान स्पिनर बन गए।

रोहित शर्मा ने शुरूआत में मैट हेनरी और एजाज पटेल की गेंदों पर रिवर्स स्वीप करते हुए एक-एक चौका लगाया। लेकिन आक्रमण पर हावी होने की अपनी बेचैनी में, भारतीय कप्तान ने जल्दबाजी में शॉट खेला और मिडविकेट से ग्लेन फिलिप्स द्वारा शानदार कैच लपका गया। रोहित 11 रन बनाकर आउट हो गए और भारत का स्कोर 13/1 हो गया।

### डेरिल मिशेल ने डाइव लगाकर कोहली का लपका कैच

हालात तब और खराब हो गए जब पहली पारी में 70 रन बनाने वाले शुभमन गिल (1) पटेल की गेंद पर शॉट लगाने का मौका नहीं दे पाए, क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि गेंद टर्न होगी। लेकिन गेंद सीधी गई और स्टंप्स में जा लगी। भारत की मुश्किलें तब और बढ़ गईं जब पटेल की शानदार गेंद पर विराट कोहली आउट हो गए। गेंद टर्न हुई और थोड़ी उछली। डेरिल मिशेल ने आगे डाइव लगाकर शानदार कैच लपका। भारत का स्कोर 18/3 हो गया।जब यशस्वी जायसवाल 16 गेंदों पर 5 रन बनाकर ग्लेन फिलिप्स की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए तो स्कोर 28/4 हो गया। मुंबई के युवा ओपनर ने टर्न के लिए शॉट खेला, लेकिन गेंद सीधी चली गई। जायसवाल ने डीआरएस का इस्तेमाल किया, लेकिन अल्ट्रा-एज से पता चला कि गेंद पैड से टकराई थी और बल्ले से नहीं निकली। सरफराज खान ने पटेल की फुल टॉस को मिडविकेट पर रचिन रवींद्र के हाथों में 1 रन के लिए भेज दिया। पंत ने इस टेस्ट की पहली पारी की तरह ही पटेल की गेंद पर जोरदार छक्का लगाया। इसके बाद उन्होंने फिलिप्स की गेंद पर लगातार दो चौके लगाए, पिच पर चलते हुए लॉन्ग-ऑन पर ईश सोढ़ी के पास से गेंद को सीधे पास किया और फिर एक और चौका लगाया। भारत ने 11वें ओवर में 50 रन बनाए।न्यूजीलैंड 12वें ओवर में पंत को मौका दे सकता था, जब बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पटेल की ऑफ के बाहर पिच की गई शॉर्ट गेंद पर पुल किया, गेंद बैक पैड पर जा लगी। केवल पटेल ने हाफ-अपील की और न्यूजीलैंड ने फैसले की समीक्षा नहीं की और जब बड़ी स्क्रीन पर दिखाया गया कि गेंद बल्ले से बच गई थी और लेग स्टंप से टकरा रही थी, तो वे अपनी किस्मत पर पछता रहे थे। उस समय पंत 21 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। पंत और जडेजा ने छठे विकेट की साझेदारी में 46 रन जोड़कर स्कोर को 70 के पार पहुंचाया। पंत की अगुआई में इस साझेदारी में ऑलराउंडर जडेजा (22 गेंदों पर 6 रन) को विकेट पर टिके रहना था, लेकिन वह ज्यादा देर तक टिक नहीं पाए और उन्होंने पंत की तरह ही ऑनसाइड से गेंद को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन विल यंग ने फॉरवर्ड शॉर्ट लेग पर बैट-पैड कैच लपककर स्कोर 71/6 कर दिया, जिससे भारत को चार विकेट शेष रहते मैच जीतने के लिए 76 रन और चाहिए थे। डेविड कॉनवे ने वाशिंगटन सुंदर का कैच छोड़ दिया, लेकिन बल्लेबाज ने शॉर्ट डिलीवरी को पुल करने की कोशिश की, लेकिन वह मुश्किल कैच लपकने में असफल रहे।

## हाइलो ओपन 2024: मालविका फाइनल में पहुंचीं, आयुष शेट्टी सेमीफाइनल में हारे

एजेंसी

**सारब्रुकेन (जर्मनी)।** उभरती हुई भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मालविका बंसोड़ ने शनिवार को यहां आठवीं वरीयता प्राप्त डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसेन को सीधे गेम में हराकर हाइलो ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया।




मालविका खिताबी मुकाबले में मिया ब्लिचफेल्ड से भिड़ेंगी

छठी वरीयता प्राप्त मालविका ने 44 मिनट तक चले मैच में जैकबसेन को 23-21, 21-18 से हराया। मालविका खिताबी मुकाबले में डेनमार्क की सातवीं वरीयता प्राप्त मिया ब्लिचफेल्ड से भिड़ेंगी। लेकिन गैर वरीयता प्राप्त भारतीय शटलर आयुष शेट्टी के लिए यह निराशाजनक रहा क्योंकि वह पुरुष एकल सेमीफाइनल में फ्रांस के चौथे वरीयता प्राप्त क्रिस्टो पोपोव से हारकर बाहर हो गए। विश्व रैंकिंग में 51वें स्थान पर काबिज शेट्टी ने अच्छी शुरूआत की लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, उनकी लय ढीली होती गई और वे विश्व में 28वें स्थान पर काबिज फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी से 17-21, 13-21 से हार गए। यह दोनों शटलरों के बीच पहली मुलाकात थी जिसमें भारतीय खिलाड़ी दूसरे स्थान पर रहा।

## सबालेंका से पहला मैच हारीं झेंग किनवेन




एजेंसी

**रियाद।** चीन की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने रियाद में चल रहे डब्ल्यूटीए फाइनल्स में अपने पहले अभियान की शुरूआत हार के साथ की। किनवेन शनिवार को दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी बेलारुस की आर्यना सबालेंका से 6-3, 6-4 से हार गईं। इस बीच, पर्पल ग्रुप के एक अन्य एकल मैच में, इटली की जैस्मीन पाओलिनी ने कजाकिस्तान की एलेना रयबाकिना को 7-6(5), 6-4 से हराया। झेंग ने इस सीजन में सबालेंका का तीन बार सामना किया है, जिसमें पिछले महीने वुहान ओपन के फाइनल में तीन सेटों के कड़े मुकाबले सहित सभी मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। अपने डब्ल्यूटीए फाइनल डेब्यू में आठ प्रभावशाली ऐस सर्व करने के बावजूद, झेंग प्रत्येक सेट में एक बार ब्रेक की गई और अंततः शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से हार गई। मैच के बाद अपने प्रदर्शन पर झेंग ने कहा, मैंने मैच में अपना लगभग 60-70% सर्वश्रेष्ठ दिया, और अभी भी सुधार करने के लिए कुछ विवरण हैं। एक बार जब मैं उन्हें सुधार लूंगी, तो मुझे विश्वास है कि मैं वास्तव में उसे चुनौती दे सकती हूं। ऐसा लगा जैसे मैं चीन में वापस आ गई हूं। उनके समर्थन ने मुझे बहुत ताकत दी। अगले मैचों में झेंग का सामना शेष राउंड-रॉबिन ग्रुप स्टेज मैचों में रयबाकिना और पाओलिनी से होगा।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत ने गंवाई सीरीज

## डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर खिसका भारत



एजेंसी

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज 3-0 से गंवाने के बाद भारत आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 चक्र में दूसरे स्थान पर खिसक गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। न्यूजीलैंड ने मुंबई में तीसरे और अंतिम टेस्ट को 25 रन से जीतकर पहली बार भारत को उसकी जमीन पर तीन या अधिक टेस्ट मैचों की टेस्ट सीरीज में वाइटवॉश किया।

इस हार के साथ ही, भारत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग में अपना शीर्ष स्थान खो दिया और दूसरे स्थान पर खिसक गया, साथ ही उनका अंक प्रतिशत 58.33 हो गया, जैसे-जैसे बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला नजदीक आ रही है, ऑस्ट्रेलिया अब 62.50 प्रतिशत अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष स्थान पर है। इस बीच, न्यूजीलैंड ने चौथा स्थान फिर से हासिल कर लिया है, जो उसने इस सप्ताह की शुरूआत में दक्षिण अफ्रीका के हाथों बांग्लादेश को हराने के बाद खो दिया था। उनका अंक प्रतिशत 54.55 प्रतिशत है।

## सीनियर पुरुष हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप आज से

### चेन्नई करेगा मेजबानी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सीनियर पुरुष हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप का 14वां संस्करण सोमवार को तमिलनाडु के चेन्नई में मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में शुरू होने वाला है। 16 नवंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 31 टीमें हिस्सा लेंगी, जिन्हें आठ पूल में बांटा गया है। लीग चरण के दौरान, प्रत्येक टीम अपने पूल की हर दूसरी टीम के खिलाफ खेलेगी। प्रत्येक पूल से शीर्ष टीम 13 नवंबर को क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी, उसके बाद 15 नवंबर को सेमीफाइनल और 16 नवंबर को फाइनल और तीसरे/चौथे स्थान के लिए प्ले-ऑफ होगा।

**16 नवंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 31 टीमें हिस्सा लेंगी**

पूल ए में मौजूदा चैंपियन हॉकी पंजाब के साथ दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी और छत्तीसगढ़ हॉकी शामिल हैं। पूल बी में हॉकी हरियाणा, तेलंगाना हॉकी, हॉकी हिमाचल और हॉकी मिजोरम शामिल हैं।

पूल सी में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी आंध्र प्रदेश और हॉकी अंडमान और निकोबार शामिल हैं। पूल डी में हॉकी कर्नाटक, हॉकी चंडीगढ़, हॉकी उत्तराखंड और त्रिपुरा हॉकी शामिल हैं। पूल ई में, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा का मुकाबला ले पुडुचेरी हॉकी, हॉकी राजस्थान और हॉकी अरुणाचल से होगा।



पूल एफ में उत्तर प्रदेश हॉकी, दिल्ली हॉकी, केरल हॉकी और हॉकी जम्मू और कश्मीर शामिल हैं। पूल जी में हॉकी झारखंड, हॉकी महाराष्ट्र, गोवा हॉकी और हॉकी गुजरात शामिल हैं। पूल एच में मणिपुर हॉकी, हॉकी बंगाल, हॉकी बिहार और असम हॉकी शामिल हैं। टूर्नामेंट की शुरूआत कई मैचों से होगी, जिसमें उत्तर प्रदेश हॉकी बनाम केरल हॉकी और हॉकी कर्नाटक बनाम हॉकी उत्तराखंड जैसे कई रोमांचक मुकाबले शामिल हैं, जो एक रोमांचक चैंपियनशिप के लिए मंच तैयार करते हैं।

### चेन्नई एक समृद्ध हॉकी विरासत वाला शहर है

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने आगामी टूर्नामेंट के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हम चेन्नई में 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी करके बहुत खुश हैं, यह एक समृद्ध हॉकी विरासत वाला शहर है। यह चैंपियनशिप देश भर से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करती है और भारतीय हॉकी के भविष्य के सितारों को विकसित करने में एक महत्वपूर्ण आयोजन है। मैं सभी टीमों को शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करने के लिए शुभकामनाएं देता हूं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, यह चैंपियनशिप उच्च गुणवत्ता वाली हॉकी और गहन प्रतिस्पर्धा का वादा करती है। हमने भागीदारी में जबरदस्त वृद्धि देखी है, और देश के सभी कोनों से उत्साह देखना उत्साहजनक है। मैं कुछ रोमांचक मैचों की प्रतीक्षा कर रहा हूं क्योंकि टीमें प्रतिष्ठित खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करती हैं।

## व्यापार

## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के नतीजों, फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय से तय होगी बाजार की दिशा

एजेंसी

**मुंबई।** मध्य-पश्चिम में तनाव कम होने, भारत-चीन संबंधों में सुधार की उम्मीद, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के मजबूत निवेश प्रवाह की बदौलत बीते सप्ताह करीब आधे प्रतिशत की तेजी में रहे सेंसेक्स और निफ्टी पर अगले सप्ताह वैश्विक रुख का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 321.83 अंक अर्थात 0.4 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 79724.12 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 123.55 अंक यानी 0.51 प्रतिशत उछलकर 24304.35 अंक पर बंद हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक लिवाली हुई। इससे मिडकैप 831.6 अंक अर्थात 1.82 प्रतिशत मजबूत होकर सप्ताहांत पर 46284.43 अंक और स्मॉलकैप 3286.94 अंक यानी 6.3 प्रतिशत की छलांग लगाकर 55622.60 अंक हो गया।



विश्लेषकों के अनुसार, घरेलू बाजार ने बीते सप्ताह त्योहारी सीजन के साथ सकारात्मक बदलाव के शुरूआती संकेत दिखाए। डीआईआई के लगातार जारी निवेश और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से इस तेजी को बल मिला। मध्य-पश्चिम में तनाव कम होने और भारत-चीन संबंधों में सुधार की उम्मीदों से बाजार की धारणा और मजबूत हुई।

इसके अलावा सितंबर के लिए कोर इंफ्रास्ट्रक्चर आउटपुट आंकड़ों में सुधार ने इंफ्रा और कैपिटल गुड्स शेयरों को समर्थन प्रदान किया। हाल ही में तेज सुधार के बाद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में सौदेबाजी देखी गई। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में भी निचले स्तरों पर कुछ खरीददारी हुई।

वहीं, कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के सुस्त नतीजे और संभावित आय कटौती पर चिंताओं के दबाव में मंदी की भावना के कारण बाजार में सुधार अल्पकालिक था। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में सरकारी खर्च में सुस्ती रही। हालांकि दूसरी छमाही में तेजी की उम्मीद है लेकिन वर्ष के लिए समग्र विकास मध्यम रहने की संभावना है।

चीन की ओर सामरिक बदलाव के कारण एफआईआई द्वारा आक्रामक बिक्री ने घरेलू बाजार की अपील को प्रभावित किया है, जो पहले से ही कंपनियों की कमजोर आय और प्रीमियम मूल्यांकन से प्रभावित था। एफआईआई के रुख में किसी भी बदलाव के लिए घरेलू कॉर्पोरेट आय में सुधार और उचित मूल्यांकन को हासिल करने की जरूरत होगी।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में घटबढ़ के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.10 प्रतिशत चढ़कर 69.33 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। वहीं, लंदन ब्रेंट क्रूड 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72.94 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

## मारुति सुजुकी: नवंबर में भी बिक्री की रफ्तार कायम रहने की उम्मीद

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** रिकॉर्ड बिक्री वाले अक्टूबर माह के पीछे छूटने के बाद अब देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) नवंबर में कुछ लाख शादियों के बूते अपनी वृद्धि की रफ्तार को कायम रखने की उम्मीद कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही है। कंपनी ने पिछले महीने 2,02,402 वाहनों की खुदरा बिक्री दर्ज की, जो किसी भी साल में अक्टूबर में बिक्री का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। इसकी वजह त्योहारी मांग रही। इससे पहले अक्टूबर, 2020 में कंपनी ने 1,91,476 वाहन बेचे थे।

मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) पार्थो बनर्जी ने पीटीआई-से कहा, हमें बताया गया है कि देशभर में नवंबर में कुछ लाख शादियां होने वाली हैं। इसलिए पूरी उम्मीद है कि इससे हमें अपनी खुदरा बिक्री के मामले में भी अच्छी बढ़त मिलेगी। वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या कंपनी अगले कुछ माह के दौरान त्योहारी सीजन की बिक्री की रफ्तार को कायम रख पाएगी।



उन्होंने कहा, हमें वास्तव में देखना होगा। लेकिन हमें लगता है कि इस बार नवंबर के महीने में काफी संख्या में शादियां हैं। शादियों के लिए दिनों की संख्या लगभग 11 या 12 दिन है जो अबतक का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। त्योहारी सीजन के दौरान अच्छी बिक्री के बाद मारुति को चालू वित्त वर्ष में चार से पांच प्रतिशत की वृद्धि के अपने अनुमान के हासिल होने की उम्मीद है। बनर्जी ने कहा, अप्रैल से अक्टूबर की अवधि में खुदरा बिक्री के मामले में हमारी वृद्धि लगभग चार प्रतिशत रही है। अक्टूबर में हमारी वृद्धि 22.4 प्रतिशत है। इस साल की शुरूआत में हमने चार से पांच प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया था। मेरा मानना है कि हमारी वृद्धि इसी के अनुरूप रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बोत्सवाना के निर्वाचित राष्ट्रपति ड्यूमा बोको को बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बोत्सवाना के राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने पर ड्यूमा बोको को शुभकामनाएं दी हैं। एक्स पर एक संदेश में प्रधानमंत्री ने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के सफल कार्यकाल की आशा व्यक्त की और बोत्सवाना के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। अपने पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा, 'बोत्सवाना के राष्ट्रपति के रूप में आपके निर्वाचन पर बधाइयां ड्यूमा बोको। आपके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं। हमारे द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं।'

### दो सड़क हादसों में पिता-पुत्र सहित तीन की मौत

**बागपत।** बागपत जिले के दो थाना क्षेत्रों में सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी। इसमें टयोड़ी गांव के पिता-पुत्र एवं पटौली निवासी एक छात्र की मृत्यु शामिल है। बिनौली दरकावदा मार्ग पर रविवार दोपहर नीटू अपने बेटे के साथ काम से कहीं जा रहा था,लेकिन रास्ते में उन्हें एक ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी, जबकि नीटू और उसका बेटा संजीव गंभीर रूप से घायल हो गये। जब तक उनके पास सहायता पहुंच पाती, उन्होंने दम तोड़ दिया। दोनों टयोड़ी गांव के रहने वाले थे। एक साथ दो मौत से गांव में मातम छाया हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमर्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है। गाड़ी चालक मौके फरार बताया गया है। वहीं शनिवार को पटौली निवासी छात्र विशांत अपने गांव जा रहा था। जैसे ही वह पिलाना पटौली मार्ग पर पहुंचा, उओ अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। उसे मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन देर रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। रविवार को उसथा अंतिम संस्कार कराया गया।

### बाईक चोर गिरोह के 3 आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** पुलिस ने बाईक चोरी करने के गिरोह का पदार्फाश करते हुए गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की हुई 1 बाईक व बाईक चुराने के प्रयोग में लायी जाने वाली एक मास्टर-की भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार 26 अक्टूबर को थाना सेक्टर-40 में ग्रीनवुड सिटी नजदीक हुड्डा मार्किट सेक्टर-40 में रहने वाले एक व्यक्ति ने शिकायत देकर कहा था कि 25/26 अक्टूबर की रात को उसके मकान के सामने खड़ी बाईक चोरी कर ली गई। उनकी शिकायत पर थाना सेक्टर-40 में केस दर्ज किया गया। अपराध शाखा डीएलएफ फेज-4 की टीम ने इंचार्ज उप-निरीक्षक विनय के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए चोरी करने की वारदात को अंजाम देने वाले 3 आरोपियों को काबू किया। आरोपियों की पहचान बलविन्द्र, रंजीत सिंह व हरदीप सिंह उर्फ रांझा के रूप में हुई है।

### इजराइल का हिज्बुल्लाह के एक और शीर्ष कमांडर फाउर को मार गिराने का दावा

**बेरुत।** इजराइल ने हिज्बुल्लाह के एक और शीर्ष कमांडर जाफर खादर फाउर की मौत का दावा किया है। सेना ने कहा कि उसने शनिवार को हिज्बुल्लाह के शीर्ष कमांडर फाउर को दक्षिणी लेबनान में मार डाला। सेना के मुताबिक, फाउर इजराइल पर हमलों के लिए जिम्मेदार था। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी पुष्टि करते हुए दावा किया है कि इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के जौइया क्षेत्र में नासिर यूनिट के मिसाइल और रॉकेट इकाई के कमांडर जाफर खादर फाउर को मार गिराया। आईडीएफ के मुताबिक जाफर फाउर इजराइली में हुए रॉकेट हमलों के लिए जिम्मेदार था। इसमें किबुत्ज ओरताल, मजदल शम्स और मेटुला के हमले शामिल हैं। मजदल शम्स में 12 बच्चों की मौत हुई थी और मेटुला में 5 लोगों की जान गई थी।

### भोजपुरी सुपरस्टार व सांसद रवि किशन बिग बॉस सीजन 18 में होंगे शामिल



**जौनपुर।** बिग बॉस सीजन 18 सलमान खान को वीकेंड के वार में भोजपुरी सुपरस्टार गोरखपुर से सांसद रवि किशन रिप्लेस करेंगे। वीकेंड का वार सेगमेंट, हाय दईया, रवि भैया के साथ गर्दा उड़ाएंगे। सांसद रवि किशन के जौनपुर के मिडिया प्रभारी अनुराग दुबे ने बताया कि अभिनेता व सांसद रवि किशन बिग बॉस सीजन 18 में शामिल होंगे। अभिनेता व सांसद के पैतृक गांव केराकत क्षेत्र के बराई बिसुही गांव में व समस्त भोजपुरिया हिन्दी भाषी के लोगों में खुशी का माहौल है। अभिनेता व सांसद रवि किशन का शो में आना ताजगी भरा ट्विस्ट है। हर रविवार रवि भैया के साथ गर्दा उड़ा देंगे सेगमेंट में दर्शकों को कुछ नया देखने को मिलेगा। रवि किशन बिग बॉस के पहले सीजन में चर्चित कंटेस्टेंट रह चुके हैं। वह उस सीजन के फाइनल तक पहुंचे थे। उनकी मजाकिया बातचीत, दर्शकों से कनेक्ट होने का अंदाज और बेबाकी ने तब भी दर्शकों का दिल जीता था। इतना ही नहीं, रवि किशन पहले भी बिग बॉस ओटीटी सीजन-3 में गेस्ट होस्ट के रूप में नजर आ चुके हैं। रवि किशन के बिग बॉस सीजन 18 में शामिल होने से भोजपुरी भाषी क्षेत्रों में शो को काफी नए दर्शक भी मिलेंगे।



# पूजा-अर्चना के बाद यमुनोत्री धाम के कपाट बंद

- सात लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे यमुनोत्री धाम
- शीतकाल में खरसाली के मंदिर में होगी यमुना की पूजा

एजेंसी

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के चार धामों में प्रसिद्ध यमुनोत्री धाम के कपाट भैयादूज के पर्व पर वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा अर्चना के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। पूरे शीतकाल में मां यमुना की पूजा अर्चना खरसाली स्थित यमुना मंदिर होगी।

रविवार को अपराह्न 12 बजकर 5 मिनट पर मां यमुना जी के कपाट विधिविधान के साथ पूजन करने के बाद बंद कर दिए गए।

उद्गम स्थल स्थित उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध धाम यमुनोत्री के कपाट बंद होने के बाद पुलिस सुरक्षा के साथ यमुनोत्री से पावनी मां यमुना की डोली ढोल-दमाऊ के साथ शनिदेव महाराज की अगुवाई में खरसाली (खुशीमठ) गांव के लिए रवाना हुई। पूरे शीतकाल के दौरान श्रद्धालु मां यमुनाजी के दर्शन व पूजा-अर्चना खरसाली स्थित यमुना मंदिर में कर सकेंगे। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक संजय डोभाल, बृजेश तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक सुरेन्द्र भंडारी, कोतवाली बड़कोट दीपक कठैत, यमुनोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश उनियाल, रावल आशीष उनियाल, महावीर सिंह पंवार और अजय रावत सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष 7 लाख 11 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने सुरक्षित तरीके से यमुनोत्री धाम पहुंच कर मां यमुना के दर्शन किये।

### सरकार का मिशन : यूपी को ऊर्जा सेक्टर में आत्मनिर्भर बनाने की तैयारी

# सोलर और बॉयो एनर्जी की ताकत से दौड़ेगा देश का ग्रोथ इंजन यूपी : योगी

एजेंसी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। राज्य सरकार ने सौर ऊर्जा और बॉयो एनर्जी पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए कई महत्वाकांक्षी लक्ष्यों का निर्धारण किया है। इन प्रयासों का मुख्य उद्देश्य न केवल प्रदेश में बिजली की मांग को शत प्रतिशत पूरा करना है, बल्कि राज्य को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए एक मजबूत आधार तैयार करना भी है। योगी सरकार अगले ढाई से तीन साल में यूपी को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए मिशन मोड में जुटी हुई है।



#### हर घर तक सौर ऊर्जा पहुंचाने की योजना

सौर ऊर्जा के मामले में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में योगी सरकार तेजी से काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'पीएम सूर्यघर योजना' के तहत योगी सरकार ने अगले ढाई से तीन वर्ष में 25 लाख घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ने का संकल्प लिया है। अब तक 48 हजार से अधिक घरों पर सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं और वर्तमान वित्तीय वर्ष के अंत तक और 30 हजार घरों को भी सौर ऊर्जा का लाभ मिल चुका होगा। इसी साल शुरू हुई प्रधानमंत्री मोदी की इस महत्वाकांक्षी योजना में आने वाले वक्त में और भी तेज गति से वृद्धि दर्ज की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य न केवल घरों में ऊर्जा आपूर्ति को सशक्त करना है, बल्कि बिजली बिलों में कमी लाते हुए पर्यावरण संरक्षण को भी प्रोत्साहित करना है।

#### 4800 मेगावाट के सोलर पार्कों का होगा निर्माण

योगी सरकार यूटिलिटी स्केल सौर परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट्स पर कार्य कर रही है। इसमें 4800 मेगावाट क्षमता के सोलर पार्कों का निर्माण भी शामिल है, जिनकी टेंडरिंग प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके अलावा, प्रदेश में सात जलाशयों में फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट्स की स्थापना की योजना भी है, जिसे नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (एनटीपीसी), टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (टीएचडीसी) और सतलुज जल विद्युत निगम (एसजेवीएन) के साथ मिलकर पूरा किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य 2027 तक राज्य की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता को 14,000 मेगावाट तक पहुंचाना है।

#### पॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर रही सरकार

प्रदेश में भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए योगी सरकार ने बिजली आपूर्ति के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने का निर्णय लिया है। अगले 10 वर्षों के दौरान होने वाले नए उद्योगों की स्थापना को ध्यान में रखते हुए आधुनिक ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाने और पुराने संयंत्रों का उन्नयन किए जाने का पूरा खाका योगी सरकार ने पहले ही खींच रखा है। इससे ऊर्जा की निर्बाध आपूर्ति तो सुनिश्चित होगी ही, साथ ही औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी। उत्तर प्रदेश में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में योगी सरकार के ये प्रयास प्रदेश की आर्थिक वृद्धि, औद्योगिक विकास, और पर्यावरण संरक्षण में सहायक साबित होंगे। इन योजनाओं से उत्तर प्रदेश न केवल सौर और जैव ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि अन्य राज्यों के लिए एक मॉडल भी प्रस्तुत करेगा।

### कीर्ति नगर फर्नीचर मार्केट के एक बिल्डिंग में लगी आग, दो की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कीर्ति नगर इलाके में रविवार तड़के फर्नीचर मार्केट में एक बिल्डिंग में लगी आग की वजह से दम घुटने के कारण दो लोगों की मौत हो गई। मृतक के परिजनों का कहना है कि न हीं मौके पर अब तक फैक्ट्री के मालिक आए हैं और ना ही उन्होंने घटना की जानकारी देकर दुख ही प्रकट किया। इन लोगों को सुबह 8 बजे के करीब किसी और ने जानकारी देकर घटना के बारे में बताया। पुलिस के मुताबिक, आग को बुझा लिया है। दोनों के शवों को बाहर निकाल लिया गया है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। दरअसल, दिल्ली के कीर्ति नगर में बड़ी फर्नीचर मार्केट है, यहां लकड़ी के कई बड़े गोदाम हैं। शनिवार की रात यहां लकड़ी के सामान में भीषण आग लग गई। जिस दौरान कमरे में सो रहे दो लोग बाहर नहीं निकल पाए और कमरे में धुंआ भर जाने से उनका दम घुट गया और उनकी मौत हो गई। इस बिल्डिंग में सोफे के कवर बनाने का काम होता था। हालांकि आग सिर्फ छत पर ही लगी थी।

### छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में भीषण सड़क हादसा

## अनियंत्रति स्कॉर्पियो तालाब में पलटी, एक ही परिवार के तीन सहित आठ लोगों की मौत

एजेंसी

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के बुढा बगीचा मुख्य मार्ग पर राजपुर में शनिवार देर रात एक तेज रफ़्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे तालाब (डबरी) में पलट गई, जिससे स्कॉर्पियो में सवार आठ लोगों की मौत हो गई। इनमें से सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि चालक ने आज दम तोड़ दिया। मृतकों में एक ही परिवार के तीन लोग शामिल हैं। पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। हादसे की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस के अनुसार स्कार्पियो सवार लोग कुसमी क्षेत्र के लरिमा से सूरजपुर जाने के लिए निकले थे। तभी बीती रात करीब 8.30 बजे बुढा बगीचा मुख्य मार्ग पर राजपुर में स्कार्पियो अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर किनारे स्थित तालाब (डबरी) में पलट गई।

बताया गया कि तालाब झाड़ियों से घिरा हुआ था। उसमें लगभग 10 फीट पानी था। हादसे के बाद स्कॉर्पियो के सभी दरवाजे लॉक हो गए, केवल चालक की तरफ का शीशा खुला था। इस कारण सबसे पहले उसे ग्रामीणों की मदद से किसी तरह बाहर निकाला गया। इस हादसे में सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि घायल चालक को राजपुर अस्पताल भेजा गया, जहां से आज सुबह अंबिकापुर रेफर कर दिया गया। स्कॉर्पियो में चालक सहित कुल आठ लोग सवार थे।

#### सभी मृतक अंबिकापुर के रहने वाले


अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी ने बताया कि स्कॉर्पियो में एक शिक्षिका, उनके पति और उनकी बेटी ये तीन सूरजपुर जा रहे थे, बाकी चार उनके पड़ोसी थे। गांव के लोगों का कहना था कि शिक्षिका, उनके पति और बेटी को छोड़ बाकी लोग वापस लौट जाते। चालक बगल के गांव का था। स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 15 डीपी 6255 अंबिकापुर आरटीओ में सितंबर 2019 में रजिस्टर्ड हुई थी। पुलिस तकनीकी खराबी की जांच कर रही है की कहीं गाड़ी में कोई खामी नहीं थी।

## सुकमा में नक्सली हमला, दो जवानों को घायल कर राइफलें लूट ले गए

एजेंसी

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के जगरगुंडा साप्ताहिक बाजार में ड्यूटी पर तैनात पुलिस के दो जवानों पर नक्सलियों ने धार-धार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। घायल दोनों जवानों को जगरगुंडा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद हेलीकाप्टर से एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए ले जाने की तैयारी की जा रही है। नक्सली दोनों घायल जवानों की राइफलें लूट ले गए। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने घटना की पुष्टि की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह जगरगुंडा में लगने वाले साप्ताहिक बाजार के लिए जवानों की तैनाती की गई थी। इस दौरान नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम ने दो जवानों कटटम देवा और सोडी कन्ना पर अचानक हमला बोल दिया। जवान जब तक कुछ समझ पाते तब तक नक्सलियों ने जवानों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना को अंजाम देकर नक्सली फरार हो गए।





घायल जवानों को सुरक्षा बल जवानों ने तत्काल जगरगुंडा अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों जवानों को एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए भेजा जा रहा है।घायल दोनों जवानों की इंसास राइफलें नक्सली लूट कर ले गए हैं। इलाके में तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है।

## योगी को जान से मारने की धमकी देने वाली महिला पुलिस हिरासत में

एजेंसी

**मुंबई।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने वाली महिला को एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) की टीम ने ठाणे जिले के उल्हासनगर इलाके में से हिरासत में लिया है। एटीएस की टीम और मुंबई पुलिस महिला से गहन छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार योगी आदित्यनाथ को धमकी देने वाली महिला फातिमा खान (24) के पास सूचना प्रौद्योगिकी में स्नातक की डिग्री है, लेकिन वह मानसिक रूप से अस्थिर है। फिर भी महिला से पूछताछ की जा रही है और धमकी देने के कारणों का पता लगाने का प्रयास जारी है।



दरअसल, मुंबई पुलिस के ट्रैफिक कंट्रोल रुम को शनिवार शाम को एक धमकी भरा संदेश मिला, जिसमें कहा गया था कि अगर योगी आदित्यनाथ 10 दिनों के भीतर इस्तीफा नहीं देते हैं, तो उन्हें महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की तरह उन्हें भी मार दिया जाएगा। इसके बाद मुंबई पुलिस ने आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) को सतर्क कर दिया। साथ ही इस धमकी की जानकारी उत्तर प्रदेश पुलिस को दी गई। इसके बाद एटीएस ने धमकी देने वाली महिला का पता लगाया और उसे उल्हासनगर से हिरासत में ले लिया। इसके बाद महिला को मुंबई लाकर उससे पूछताछ की जा रही है।

एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ने पुष्टि की कि उसे अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। वह पुलिस के सवालों का जिस तरह से जवाब दे रही है, उससे लगता है उसकी मानसिक स्थिति सही नहीं है। इसलिए महिला की मनोवैज्ञानिक स्थिति का आकलन करने के लिए उसके मानसिक स्वास्थ्य की जांच करने की योजना बनाई है। इस संदेश के बाद मुख्यमंत्री योगी की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### पुलिस हिरासत में नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री रवि लमिछाने के नाम एक और अरेस्ट वारंट

एजेंसी

**काठमांडू।** देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री रवि लमिछाने के खिलाफ रविवार को एक और अरेस्ट वारंट जारी हुआ है। सहकारी घोटाला में पिछले 15 दिन से पुलिस हिरासत में चल रहे लमिछाने के नाम एक अन्य सहकारी घोटाले में यह अरेस्ट वारंट जारी हुआ है।

सहकारी बैंकों के करोड़ों रुपये को गैर कानूनी ढंग से अपने टीवी चैनल में निवेश करने के आरोप में रवि लामिछाने इस समय पोखरा पुलिस की हिरासत में हैं।उनके खिलाफ सूर्यदर्शन सहकारी बैंक में किए गए घोटाले की जांच चल रही है। बुटवल पुलिस की डीएसपी लक्ष्मी खनाल ने बताया कि सुप्रीम सहकारी बैंक में जमा रकम को गैर कानूनी ढंग से अपचलन करने के कारण रवि लामिछाने के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि यह वारंट रुपंदेही जिला अदालत से जारी किया गया है। बुटवल पुलिस ने पोखरा पुलिस को रविवार को पत्र भेजकर रवि लामिछाने को सौंपने का आग्रह किया है।

दरअसल, पिछले महीने 18 अक्टूबर को काठमांडू से गिरफ्तार कर रवि लामिछाने को पोखरा भेजा गया था। जिला अदालत कास्की ने पहले 7 दिन और फिर बाद में 10 दिन की पुलिस रिमांड दी थी। रवि लामिछाने से पूछताछ का काम पूरा हो गया है लेकिन रविवार तक दीपावली की छुट्टी के कारण रवि को कोर्ट के पेश नहीं किया जा सका है। सोमवार को कोर्ट के खुलते ही रवि को अदालत में पेश किया जाएगा।

### बांग्लादेश › तख्तापलट और भारत के साथ संबंधों की कड़वाहट से बांग्लादेश की हालात खराब

# विदेश यात्रा में भारी गिरावट, पर्यटन उद्योग को बड़ा झटका

एजेंसी

**ढाका।** शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद बांग्लादेश के खराब हालात और भारत के साथ उसके संबंधों की कड़वाहट का वहां के पर्यटन उद्योग पर गहरा असर पड़ा है। वहां की स्थिति को देखते हुए विदेशी पर्यटक आ नहीं रहे हैं, ऊपर से भारत सहित कई देशों ने वीजा नियमों में जो सख्ती की, उसका असर यह हुआ कि विदेशों की यात्रा करने वाले बांग्लादेशी यात्रियों की संख्या अचानक बहुत नीचे आ गई। इससे देश के टूर ऑपरेटर खासे निराश हैं और सरकार से जल्द इसका रास्ता निकालने की अपील कर रहे हैं। बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र प्रोथोम आलो ने 123 आउटबाउंड टूर ऑपरेटरों के मंच, बांग्लादेश आउटबाउंड टूर ऑपरेटर्स फोरम के हवाले से बताया है कि टूर ऑपरेटरों का 80 प्रतिशत व्यवसाय विदेश यात्रा करने वाले पर्यटकों से आता है। बांग्लादेशियों के लिए भारत में वीजा पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जिससे सबसे करीबी और पर्यटकों में लोकप्रिय भारत जाने वाले यात्रियों की संख्या में अचानक बहुत कमी हो गई। इसके साथ कई अन्य देश बांग्लादेश के राजनीतिक हालात को देखते हुए सख्त वीजा नियमों को जारी रखे हुए हैं। जिससे विमानन और पर्यटन व्यवसाय गिरावट के दौर से जूझ रहा है।



रिपोर्ट में बताया गया है कि बांग्लादेश में सरकार बदलने के बाद भारत ने आपातकालीन चिकित्सा वीजा को छोड़कर बांग्लादेश को वीजा जारी करना बंद कर दिया है। जबकि संयुक्त अरब अमीरात भी पर्यटक वीजा जारी नहीं कर रहा है। थाईलैंड, सिंगापुर, इंडोनेशिया और फिलीपींस देरी से वीजा जारी करते हैं। इसके अलावा, बदले हालात के कारण व्यवसायियों और आम यात्रियों ने भी विदेश यात्राओं में कटौती की है। जिसके चलते स्थानीय पर्यटकों की विदेशी यात्राओं में 75-80 प्रतिशत की गिरावट आई है।

#### 2024 में कुल 2.20 मिलियन बांग्लादेशियों ने भारत का दौरा किया

बांग्लादेश से भारत पहुंचने वाले पर्यटकों का आंकड़ा देते हुए बताया गया है कि 2019 में बांग्लादेश से रिकॉर्ड 2.58 मिलियन पर्यटक भारत पहुंचे लेकिन कोरोनोवायरस महामारी के कारण इसमें गिरावट आई। साल 2022 में एक बार फिर इसमें वृद्धि शुरू हो गई। भारतीय पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2022 में बांग्लादेश से 1.28 मिलियन पर्यटक भारत पहुंचे और उनमें से 22 प्रतिशत ने हवाई मार्ग का इस्तेमाल किया, जबकि शेष ने सड़क मार्ग से यात्रा की। उन पर्यटकों में से 64.8 प्रतिशत यात्रा के उद्देश्य से, 25.5 प्रतिशत उपचार के लिए और 4.5 प्रतिशत व्यवसाय और नौकरी के उद्देश्य से भारत पहुंचे। 2024 में कुल 2.20 मिलियन बांग्लादेशियों ने भारत का दौरा किया। 2024 के जनवरी-जून में विभिन्न देशों से लगभग 4.78 मिलियन पर्यटकों ने भारत की यात्रा की, जिसमें सबसे अधिक 21.55 प्रतिशत बांग्लादेशी थे।

### अधेड़ ने सात साल की मासूम को बनाया हवस का शिकार, गिरफ्तार

एजेंसी

**हरिद्वार।** एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति ने सात साल की मासूम को अपनी हवस का शिकार बना डाला। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है और पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, आरोपित की पहचान इंदिरा विहार कॉलोनी रुड़की कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार निवासी राजेश (50) पुत्र रामेश्वर प्रसाद के रूप में हुई है।आरोपित अपनी मां के साथ पीड़िता के घर के बगल में किराए पर कमरा लेकर रहता था। शनिवार शाम को जब पीड़िता घर के बाहर खेल रही थी, तब आरोपित उसे बहला-फुसलाकर अपने कमरे में ले गया और दुष्कर्म किया। पीड़िता के रोने की आवाज सुनकर एक पड़ोसी कमरे में पहुंचा और आरोपित को मौके पर पकड़ लिया। जबकि आरोपित मौके से फरार होने में कामयाब रहा।

